डालटनगंज (मेदिनीनगर), शनिवार | 16 मई 2026 | वर्ष-32, अंक-209, पृष्ठ-12
ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 30, संवत 2083 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: 61316/94

मूल्य 2 रु.

ईश्वर में हमारा विश्वास


# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

पेज 09

www.rastriyanaveenmail.com

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर






| मेदिनीनगर | गढ़वा |
|---|---|
| अधिक. 45.0° | अधिक. 44.1° |
| न्यून. 28.0° | न्यून. 29.6° |

## झारखंड चैंबर और बल्लारी चैंबर के बीच एमओयू, बेहतर होगा व्यापार

# राज्य में निवेश की अपार संभावनाएं, नई इंडस्ट्री पॉलिसी जल्द : आदित्य मल्होत्रा

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (एफजेसीसीआई) और कर्नाटक के बल्लारी डिस्ट्रिक्ट चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (बीडीसीसीआई) बीच व्यापार एवं निवेश संभावनाओं को लेकर शुक्रवार को चैंबर भवन में संयुक्त बैठक हुई। बैठक में झारखंड सरकार के उद्योग सचिव अरवा राजकमल एवं उद्योग निदेशक विशाल सागर मुख्य रूप से उपस्थित थे।

इस अवसर पर फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज और कर्नाटक के बल्लारी डिस्ट्रिक्ट चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए।




» बैठक में झारखंड के उद्योग सचिव एवं उद्योग निदेशक भी थे मौजूद

» पीपीटी के माध्यम से किया राज्य टूरिज्म की संभावनाओं को प्रस्तुत

फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा ने झारखंड में बीडीसीसीआई के अधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि झारखंड और बल्लारी दोनों ही जगहों में निवेश की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड तेजी से औद्योगिक विकास के नए दौर में प्रवेश कर रहा है। राज्य की टेक्सटाइल पॉलिसी आकर्षक है तथा नई इंडस्ट्री पॉलिसी शीघ्र आने वाली है, जो निवेशकों के लिए सुनहरा अवसर लेकर आएगी।

आदित्य मल्होत्रा ने कहा कि झारखंड मिनरल रिच स्टेट है, जहां लिथियम, मैंगनीज, बॉक्साइट सहित कई खनिज उपलब्ध हैं। राज्य पावर सरप्लस है तथा यहां कुशल श्रमबल की कोई कमी नहीं है। मसाला, सब्जी, कॉटन, राइस मिल, रियल एस्टेट एवं एक्सपोर्ट सेक्टर में भी व्यापक संभावनाएं हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के 'सोनार झारखंड 2050' विजन के तहत राज्य निवेश और उद्योग के क्षेत्र में अग्रणी बनेगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि उद्योग विभाग एवं झारखंड चैंबर निवेशकों को हर स्तर पर सहयोग प्रदान करेगा।

झारखंड के उद्योग निदेशक विशाल सागर ने कर्नाटक के उद्यमियों का स्वागत करते हुए झारखंड में निवेश के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि पहली बार झारखंड ने दावोस के वर्ल्ड इकनोमिक फोरम में सहभागिता की, जिसमें झारखंड चैंबर भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा था। शेष पेज 11 पर

### झारखंड और कर्नाटक के बीच मिलकर कार्य करने की व्यापक संभावनाएं : अरवा

उद्योग सचिव अरवा राजकमल ने कहा कि झारखंड उद्योगों की दृष्टि से अत्यंत समृद्ध राज्य है। हमारे राज्य की औद्योगिक इकाइयां राज्य की औद्योगिक क्षमता को दर्शाती हैं। उन्होंने कहा कि बल्लारी माइनिंग, मैन्युफैक्चरिंग एवं आईटी सेक्टर में अग्रणी है। दोनों राज्यों के बीच सीखने एवं साथ मिलकर कार्य करने की व्यापक संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड चैंबर ने राज्यों के बीच औद्योगिक संवाद की एक उत्कृष्ट परंपरा की शुरुआत की है, जिसके निकट भविष्य में सकारात्मक परिणाम आएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि झारखंड में उद्योग तेजी से आगे बढ़ रहे हैं तथा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य के विकास को लेकर दूरदर्शी सोच रखते हैं। पर्यटन क्षेत्र में भी राज्य तेजी से उभर रहा है और यहां उद्योगों के लिए भूमि की कोई कमी नहीं है।

### बल्लारी चैंबर ने एमएसएमई कॉन्क्लेव में झारखंड चैंबर को आमंत्रित किया

बल्लारी डिस्ट्रिक्ट चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष अव्वरु मंजूनाथ ने बल्लारी में निवेश की संभावनाओं पर अपनी बात रखते हुए राज्य के उद्यमियों को कर्नाटक में निवेश के लिए आमंत्रित किया। बल्लारी चैंबर के पदाधिकारियों ने बेंगलुरु में आयोजित होने वाले एमएसएमई कॉन्क्लेव में चैंबर को आमंत्रित किया।

## दृष्टिपात

### धनबाद में मजिस्ट्रेट चेकिंग, 68 बेटिकट यात्री पकड़े गए

**धनबाद।** धनबाद मंडल में शुक्रवार को धनबाद स्टेशन पर रेलवे मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में विशेष टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान बिना टिकट यात्रा करने वाले, बिना उचित प्राधिकार के सफर कर रहे तथा बिना बुक किए सामान के साथ यात्रा कर रहे कुल 68 यात्रियों को पकड़ा गया। रेलवे अधिकारियों के अनुसार पकड़े गए यात्रियों से जुर्मार्न के रूप में कुल 30 हजार 115 रुपए वसूले गए। साथ ही, सभी यात्रियों को भविष्य में उचित टिकट लेकर यात्रा करने की सख्त हिदायत दी गई।

### जमशेदपुर में हुआ फर्जी एफिडेविट रैकेट का खुलासा

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम के जिला समाहरणालय (कलेक्ट्रेट) के बाहर फोटोकॉपी दुकान की आड़ में चल रहे कथित फर्जी दस्तावेज और एफिडेविट बनाने वाले रैकेट का शुक्रवार को स्थानीय अधिवक्ताओं ने पर्दाफाश किया। मामले में अजय, राजू और घाटशिला निवासी प्रहलाद अग्रवाल को पकड़कर अधिवक्ताओं ने नए बार परिसर में लाया, जहां उनसे पूछताछ की गई। बाद में पूरे मामले की सूचना सीतारामडेरा थाना पुलिस को दी गई। अधिवक्ताओं का आरोप है कि दुकान में बिना किसी अधिकृत सत्यापन के जाली हस्ताक्षर और मुहरों का इस्तेमाल कर एफिडेविट तैयार किए जा रहे थे।

## स्वास्थ्य मंत्री ने कहा-झारखंड के भविष्य को मिलेगी मजबूती

# केंद्र से दो मेडिकल कॉलेजों में सीट बढ़ोतरी को मंजूरी

- डॉक्टर की कमी होगी दूर
- उपलब्धि का श्रेय स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और उनकी टीम को दिया

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** केंद्र सरकार ने झारखंड के दो प्रमुख मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस और पोस्ट ग्रेजुएट (पीजी) सीटों में वृद्धि को मंजूरी दे दी है। इस निर्णय से राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूती मिलने के साथ-साथ आने वाले वर्षों में डॉक्टरों की कमी दूर करने में भी बड़ी मदद मिलेगी। केंद्र से जिन मेडिकल कॉलेजों में सीट वृद्धि को मंजूरी मिली है, उनमें जमशेदपुर स्थित एमजीएम मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल और धनबाद स्थित शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल शामिल हैं। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, विशेषकर अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह और पूरी टीम को दिया। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि लगातार मॉनीटरिंग, केंद्र सरकार के साथ प्रभावी समन्वय और मजबूत प्रस्तुति के कारण यह सफलता संभव हो सकी।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, यह सिर्फ सीट बढ़ने की खबर नहीं है, बल्कि झारखंड के भविष्य को मजबूत करने वाला ऐतिहासिक फैसला है। इससे गरीब, आदिवासी, दलित, पिछड़े और ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को मेडिकल शिक्षा में अधिक अवसर मिलेगा।

डॉ इरफान अंसारी ने बताया कि इस पूरी योजना के तहत केंद्र सरकार ने एमबीबीएस सीट विस्तार के लिए 225 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। इसमें 135 करोड़ रुपए की हिस्सेदारी केंद्र सरकार की होगी। शेष पेज 11 पर





### एसएनएमएमसीएच में 150 व एमजीएमएमसीएच में 100

धनबाद स्थित शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एसएनएमएमसीएच) में वर्तमान में 100 एमबीबीएस सीटें थीं, जिन्हें बढ़ाकर 250 कर दिया गया है। यहां 150 नई सीटों की वृद्धि हुई है। वहीं, जमशेदपुर स्थित एमजीएम मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एमजीएमएमसीएच) में पहले से 150 सीटें थीं, जिन्हें बढ़ाकर 250 कर दिया गया है। यहां 100 सीटों की वृद्धि की गई है।

### सुपर स्पेशियलिटी सीटों में भी है वृद्धि की योजना

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने भी इस निर्णय को राज्य के लिए बड़ी उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि भविष्य में अन्य मेडिकल कॉलेजों में भी सीटें बढ़ाने की दिशा में कार्य किया जाएगा। इसके साथ ही, सुपर स्पेशियलिटी सीटों में वृद्धि की योजना पर भी काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि इस फैसले से जहां झारखंड के छात्रों को चिकित्सा शिक्षा के अधिक अवसर मिलेंगे, वहीं राज्य में डॉक्टरों की संख्या में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी होगी।

### हत्या मामले में अमन श्रीवास्तव और लखन को उम्रकैद की सजा

**रामगढ़।** रामगढ़ जिले के बहुचर्चित कामेश्वर पांडे हत्याकांड में शुक्रवार को व्यवहार न्यायालय रामगढ़ स्थित अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम विशाल श्रीवास्तव की अदालत ने कुख्यात गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव और लखन साव को हत्या एवं आपराधिक साजिश रचने का दोषी करार दिया। अदालत ने दोनों आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाने के साथ 10-10 हजार का जुर्माना भी लगाया। मामले में फैसला सुनाए जाने के दौरान न्यायालय परिसर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। पुलिस बल की अतिरिक्त तैनाती की गई थी। लंबे समय से चल रहे इस बहुचर्चित मामले में अदालत ने अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों, गवाहों के बयान और केस डायरी का गहन अध्ययन करने के बाद दोनों आरोपियों को दोषी माना।

### नौडीहा बाजार में 30 लाख की अवैध शराब बरामद



नवीन मेल संवाददाता

**नौडीहा बाजार (पलामू)।** पलामू जिले के नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र में नकली शराब के बड़े कारोबार का खुलासा हुआ है। खैरादोहर पंचायत के कुम्हारटांड़ गांव में शुक्रवार सुबह पुलिस और उत्पाद विभाग की संयुक्त छापेमारी में एक घर से करीब 30 लाख रुपये मूल्य की 700 पेटी नकली शराब बरामद की गई। कार्रवाई के बाद इलाके में हड़कंप मच गया।गुप्त सूचना के आधार पर नौडीहा बाजार थाना, छतरपुर थाना और उत्पाद विभाग की टीम कुम्हारटांड़ गांव पहुंची। यहां राम प्रवेश राम के बंद घर का ताला तोड़कर तलाशी ली गई, जहां भारी मात्रा में जेबी चॉइस ब्रांड की शराब बरामद हुई। उत्पाद निरीक्षक अमित कुमार सिंह ने बताया कि बरामद शराब की बाजार कीमत करीब 30 लाख रुपये आंकी गई है। शेष पेज 11 पर

## गुमशुदगी मामलों में बोकारो पुलिस की नाकामी पर हाईकोर्ट की कड़ी टिप्पणी

# पूर्व और वर्तमान एसपी सहित संबंधित डीएसपी की कार्यशैली पर उठाया सवाल


नवीन मेल डेस्क

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने बोकारो से वर्ष 2020 से गुमशुदा एक 14 वर्षीया लड़की के मामले में बोकारो पुलिस की सुस्त कार्यप्रणाली पर कड़ी नाराजगी जताई है। जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस संजय प्रसाद की खंडपीठ ने शुक्रवार को इस मामले में दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान मौखिक रूप से बेहद तल्ख टिप्पणी करते हुए सवाल किया कि आखिर क्या वजह है कि जब भी किसी बच्ची या युवती के लापता होने का मामला आता है, बोकारो पुलिस के हाथ खाली रह जाते हैं। अदालत ने बोकारो के पूर्व और वर्तमान एसपी सहित संबंधित डीएसपी की शेष पेज 11 पर




हालात नहीं सुधरने पर जांच एजेंसियों व सीबीआई को संयुक्त रूप से सौंपी जा सकती है जांच

## आज / कल




### हजारीबाग मेडिकल कॉलेज में प्रसूता की मौत के बाद हंगामा

#### डॉक्टर व नर्स पर लापरवाही का आरोप

नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग स्थित शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एसबीएमसीएच) एक बार फिर विवादों में घिर गया है। अस्पताल प्रबंधन की कथित लापरवाही के कारण एक प्रसूता की मौत हो जाने के बाद परिजनों ने अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा किया। परिजनों ने डॉक्टरों और नर्सों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, कटकमसांडी प्रखंड के बंजिया गांव निवासी शोभा कुमारी को 13 मई 2026 को प्रसव के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। चिकित्सकों की सलाह पर परिजनों ने रक्त की व्यवस्था भी की थी। शोभा ने अस्पताल में एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया था और गुरुवार रात तक जच्चा-बच्चा दोनों सामान्य बताए जा रहे थे। परिजनों का आरोप है कि गुरुवार देर रात करीब 12 से 1 बजे के बीच नर्सों ने शोभा को ब्लड चढ़ाना शुरू किया। ब्लड चढ़ाने के कुछ देर बाद ही उसकी तबीयत अचानक बिगड़ने लगी। शेष पेज 11 पर

### सीईआईआर पोर्टल पर आई शिकायत पर बरामद 88 मोबाइल लौटाए

- एसपी ने कहा- आमजन की सुरक्षा और विश्वास बनाए रखना पलामू पुलिस की प्राथमिकता

नवीन मेल संवाददाता




**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस द्वारा सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से बरामद किए गए कुल 88 मोबाइल फोन शुक्रवार को उनके वास्तविक मालिकों को सौंपे गए। पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित ब्लॉक-बी परिसर में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक कपिल चौधरी के नेतृत्व में विभिन्न अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्र के लाभुकों के बीच मोबाइल फोन का वितरण किया। जानकारी के अनुसार, मोबाइल गुम होने अथवा चोरी की शिकायत मिलने के बाद पीड़ितों द्वारा सीईआईआर पोर्टल पर दर्ज कराई गई सूचनाओं के आधार पर तकनीकी अनुसंधान एवं लगातार अभियान चलाकर इन मोबाइल फोनों को बरामद किया गया। मोबाइल वापस मिलने पर लाभुकों ने खुशी जाहिर करते हुए पलामू पुलिस का आभार व्यक्त किया। शेष पेज 11 पर

## तेतरियाखांड परियोजना का मामला

# लंबे समय से जमे अधिकारियों के स्थानांतरण की मांग



जिप उपाध्यक्ष अनीता देवी ने सीसीएल प्रबंधन को पत्र लिखा

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** अनीता देवी ने सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक को पत्र भेजकर रजहरा प्रक्षेत्र अंतर्गत तेतरियाखांड परियोजना में लंबे समय से पदस्थ अधिकारियों के स्थानांतरण की मांग की है। पत्र में उन्होंने उल्लेख किया है कि तेतरियाखांड परियोजना में परियोजना पदाधिकारी जे.पी. रावत करीब 12 वर्षों से तथा प्रबंधक राकेश कुमार बहेरा लगभग 10 वर्षों से एक ही परियोजना में कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि किसी एक परियोजना में इतने लंबे समय तक पदस्थापन प्रशासनिक पारदर्शिता, जवाबदेही और निष्पक्ष कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है। इससे भ्रष्टाचार और पक्षपात की आशंकाएं भी बढ़ती हैं।

अनीता देवी ने कहा कि वर्तमान में तेतरियाखांड परियोजना क्षेत्र में विभिन्न मुद्दों को लेकर गतिरोध और स्थानीय स्तर पर असंतोष की स्थिति बनी हुई है। ऐसे समय में प्रशासनिक व्यवस्था में लोगों का विश्वास बनाए रखना जरूरी है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से एक ही स्थान पर पदस्थ अधिकारियों का स्थानांतरण प्रशासनिक दृष्टिकोण से आवश्यक प्रतीत होता है। शेष पेज 11 पर

### हाईकोर्ट के आदेश को गलत तरीके से पेश करने का कंपनी पर आरोप

**लातेहार।** तेतरियाखांड रैयत एवं विस्थापित मंच की प्रेस वार्ता में झामुमो नेता सौरभ श्रीवास्तव ने कंपनी पर हाईकोर्ट के आदेश को तोड़-मरोड़ कर पेश करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि न्यायालय ने केवल प्रदूषण नियंत्रण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है, जबकि कंपनी इसे हाईवा परिचालन की अनुमति बताकर प्रचारित कर रही है। सौरभ ने आरोप लगाया कि परियोजना संचालन में पर्यावरण एवं वन मंत्रालय की कई शर्तों का उल्लंघन किया गया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विस्थापित युवाओं को डराने और झूठे मुकदमों में फंसाने की कोशिश की जा रही है। साथ ही परियोजना से पर्यावरण और वन्य जीवों को नुकसान पहुंचने का भी आरोप लगाया। उन्होंने चेतावनी दी कि जल्द समाधान नहीं निकला तो प्रभावित ग्रामीण हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे।



## मौसम: कई जिलों में येलो व ऑरेंज अलर्ट जारी, 21 मई तक हो सकती है आंधी-बारिश

# लातेहार में मूसलाधार बारिश, वज्रपात से दो की मौत

- 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकती है तेज हवाएं

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची, लातेहार और राज्य के अन्य कुछ हिस्सों में दोपहर बाद बारिश हुई। कुछ जगहों पर हल्की तो कुछ जगहों पर तेज बारिश हुई। इससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। रांची में सुबह से तेज धूप और उमस भरी गर्मी थी। पर, दोपहर बाद तेज हवा के साथ बारिश हो गई। बारिश के बाद तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक गिरावट दर्ज की गई।



### मेदिनीनगर में रहा सबसे अधिक 39.0 डिग्री तापमान

मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, राज्य में सबसे अधिक तापमान मेदिनीनगर (डालटनगंज) में 39.0 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि सबसे कम तापमान रांची के नामकुम क्षेत्र में 19.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। राज्य के प्रमुख शहरों का तापमान भी काफी अलग-अलग रहा। रांची में अधिकतम तापमान 32.8डिग्री और न्यूनतम 24.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, मेदिनीनगर (डालटनगंज) में अधिकतम 39.0 डिग्री और न्यूनतम 26.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जमशेदपुर में अधिकतम तापमान 36.8 डिग्री और न्यूनतम 27.0 डिग्री रहा। चाईबासा में अधिकतम तापमान 35.8 डिग्री और न्यूनतम 24.0 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

वहीं, लातेहार जिले में मूसलाधार बारिश के दौरान वज्रपात की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई। वहीं, हादसे में एक महिला गंभीर रूप से झुलस गई। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को अचानक लातेहार का मौसम खराब हो गया। दोपहर बाद लातेहार सदर प्रखंड के अलावा मनिका और चंदवा प्रखंड में जोरदार बारिश हुई। इसी दौरान वज्रपात भी हुआ। सदर प्रखंड के पांडेयपुर पंचायत अंतर्गत रेहल गांव में वज्रपात की चपेट में आने से एक अधेड़ नरेंद्र उरांव और उनकी पत्नी उनकी पत्नी गंभीर रूप से झुलस गइं। ग्रामीणों की मदद से तत्काल दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया। पर, चिकित्सकों ने नरेंद्र उरांव को मृत घोषित कर दिया। वहीं, गंभीर रूप से झुलसी महिला का इलाज अस्पताल के आईसीयू वार्ड में किया जा रहा है। इधर, मनिका प्रखंड अंतर्गत कुई गांव में वज्रपात की चपेट में आने से लैंपस प्रबंधक चंदन यादव की मौत हो गई।

इधर, रांची समेत राज्य के कई जिलों में आगामी 21 मई तक मौसम खराब रहने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने गर्जन के साथ वज्रपात और तेज हवाएं चलने को लेकर 'येलो अलर्ट' जारी किया है। शेष पेज 11 पर

# हुसैनाबाद पुलिस की बड़ी कार्रवाई अवैध शराब की भट्ठियां ध्वस्त

## 12 क्विंटल जावा महुआ और 50 लीटर देशी शराब बरामद, कारोबारी फरार

- आरोपियों की पहचान एवं गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी जारी

नवीन मेल संवाददाता



**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के चपर दाग सिकनी गांव में पुलिस ने अवैध शराब निर्माण के खिलाफ विशेष अभियान चलाते हुए बड़ी कार्रवाई की। छापेमारी के दौरान करीब 12 क्विंटल जावा महुआ, लगभग 50 लीटर अवैध देशी शराब तथा शराब निर्माण में प्रयुक्त भट्ठियों को नष्ट कर दिया गया। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि गांव में बड़े पैमाने पर अवैध महुआ शराब का निर्माण किया जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने छापेमारी की, जहां भारी मात्रा में जावा महुआ और तैयार देशी शराब बरामद हुई। मौके पर मौजूद अवैध भट्ठियों को भी ध्वस्त कर दिया गया। हालांकि पुलिस कार्रवाई की भनक लगते ही शराब कारोबार से जुड़े लोग मौके से फरार हो गए, जिसके कारण किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी। पुलिस फरार आरोपियों की पहचान एवं गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि अवैध शराब कारोबार के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा तथा इसमें शामिल लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## देवरी ओपी पुलिस ने गिट्टी लदा ट्रैक्टर किया जब्त



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** देवरी ओपी पुलिस ने अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बुधुआ गांव स्थित कस्तूरबा विद्यालय के पास से बिना चालान गिट्टी लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया है। देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि क्षेत्र में बिना वैध दस्तावेज के गिट्टी का परिवहन किया जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने वाहन की जांच की, लेकिन चालक कोई वैध चालान या परिवहन संबंधी कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस ने ट्रैक्टर को जब्त कर थाना ले आई है। ओपी प्रभारी ने कहा कि अवैध खनन और परिवहन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी।

## झामुमो सम्मेलन में मिथिलेश पांडे बने पांकी प्रखंड अध्यक्ष

**पांकी।** झारखंड मुक्ति मोर्चा की ओर से शुक्रवार को पांकी स्थित बाबा मैरिज हॉल में प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन सह सांगठनिक चुनाव का आयोजन किया गया। सम्मेलन में सर्वसम्मति से मिथिलेश पांडे को पांकी प्रखंड अध्यक्ष चुना गया। सम्मेलन में पार्टी संगठन को पंचायत स्तर तक मजबूत करने और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने पर जोर दिया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष मिथिलेश पांडे ने कहा कि वे सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर संगठन को नई मजबूती देंगे। कार्यक्रम के अंत में दिवंगत प्रखंड अध्यक्ष मुन्ना सिंहा को श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर राजेंद्र प्रसाद सिन्हा, रंजन चंद्रवंशी, सन्नू सिद्दीकी, सुशील मिश्रा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### डीडीयू मंडल में विश्व पर्यावरण संरक्षण अभियान शुरू

## हरित शपथ और साइकिल रैली के जरिए दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

नवीन मेल संवाददाता



**मोहम्मदगंज।** पूर्व मध्य रेल के पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल में शुक्रवार से मिशन लाइफ के तहत विश्व पर्यावरण संरक्षण अभियान की शुरुआत की गई। 15 मई से 5 जून तक चलने वाले इस अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन के प्रति जागरूकता और सतत जीवनशैली को बढ़ावा देना है। अभियान का शुभारंभ बाकले स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम से हुआ, जहां मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना ने अधिकारियों, कर्मचारियों और स्काउट-गाइड सदस्यों को हरित शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि रेलकर्मी स्वयं पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली अपनाएं और समाज को भी इसके लिए प्रेरित करें। इसके बाद बाकले स्टेडियम से मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय तक साइकिल रैली निकाली गई। अभियान के तहत विभिन्न स्टेशनों और कार्यालय परिसरों में पर्यावरण संरक्षण, जल बचत, ऊर्जा संरक्षण और प्लास्टिक उन्मूलन से जुड़े संदेश प्रसारित किए जा रहे हैं।

## वीरधवर में जल संकट गहराया




नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड के कोल्हुआ-सोनबरसा पंचायत अंतर्गत वीरधवर गांव में तेज आंधी के कारण जलमीनार का सोलर प्लेट क्षतिग्रस्त हो गया है। वहीं मुटूर मुसहर के घर के पास स्थित चापाकल भी लंबे समय से खराब पड़ा है, जिससे ग्रामीणों के सामने पेयजल संकट उत्पन्न हो गया है। जलसहिया प्रमिला देवी ने विभागीय अधिकारियों से क्षतिग्रस्त सोलर प्लेट और खराब चापाकल की शीघ्र मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि भीषण गर्मी में लोगों को पेयजल संकट से राहत मिल सके।

## डस्टबिन नहीं होने से खुले में फेंका जा रहा कचरा, लोगों ने की नियमित सफाई की मांग

नवीन मेल संवाददाता



**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत क्षेत्र के मुख्य बाजार स्थित गांधी चौक की स्थिति दिनोंदिन बदतर होती जा रही है। चौक पर डस्टबिन की व्यवस्था नहीं होने के कारण लोग खुले में ही कूड़ा-कचरा फेंकने को मजबूर हैं। शहर का प्रमुख और व्यस्त चौक अब गंदगी का ढेर बनता जा रहा है, जिससे आसपास दुर्गंध फैल रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब मुख्य चौक की यह स्थिति है, तो अन्य मोहल्लों और गलियों की हालत का सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। चौक पर बिखरे कचरे से राहगीरों को परेशानी हो रही है और प्रदूषण के साथ बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। लोगों ने नगर पंचायत की सफाई व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए गांधी चौक सहित अन्य प्रमुख स्थानों पर डस्टबिन लगाने, नियमित कचरा उठाव और साफ-सफाई सुनिश्चित करने की मांग की है। स्थानीय नागरिकों ने कहा कि गांधी चौक को "कूड़ा चौक" बना देना नगर पंचायत की लापरवाही को दर्शाता है। हालांकि लोगों ने यह भी माना कि कूड़ा फैलाने में स्थानीय लोगों की भी जिम्मेदारी है।

## वर्षों से फरार वारंटी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

नवीन मेल संवाददाता




**हैदरनगर।** हैदरनगर थाना क्षेत्र के सलैया टीकर गांव से वर्षों से फरार चल रहे अजमानतीय वारंटी अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी अफजल अंसारी ने बताया कि हैदरनगर थाना कांड संख्या 21/1999 एवं एसटी 315/2013 में लंबे समय से फरार चल रहे अभियुक्त अनिल उर्फ नंदा रजवार, पिता अर्जुन रजवार, निवासी नयकाडीह, टोला सलैया टीकर को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि पूर्व में पुलिस ने कई बार विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की थी, लेकिन अभियुक्त हर बार फरार हो जाता था। न्यायालय के आदेश पर उसके घर पर कानूनी कार्रवाई भी की गई थी। हाल ही में उसके घर आने की गुप्त सूचना मिलने के बाद सत्यापन कर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शुक्रवार को अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। उन्होंने कहा कि फरार वारंटियों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस लगातार अभियान चला रही है और कानून व्यवस्था से समझौता नहीं किया जाएगा।

### 750 छात्रों की पढ़ाई शिक्षकों के अभाव में प्रभावित

## कसियाडीह के विद्यालयों में गंभीर संकट, सांसद प्रतिनिधि ने उपायुक्त से की नियुक्ति की मांग

नवीन मेल संवाददाता



**सतबरवा।** प्रखंड के कसियाडीह स्थित 10+2 उच्च विद्यालय और मध्य विद्यालय में शिक्षकों की भारी कमी से शिक्षा व्यवस्था चरमरा गई है। दोनों विद्यालयों में करीब 750 छात्र-छात्राओं की पढ़ाई सीमित शिक्षकों के सहारे चल रही है। इस गंभीर समस्या को लेकर सांसद प्रतिनिधि धीरज कुमार ने पलामू उपायुक्त को आवेदन सौंपकर तत्काल शिक्षकों की नियुक्ति की मांग की है। आवेदन में बताया गया है कि 10+2 उच्च विद्यालय कसियाडीह में लगभग 400 छात्र-छात्राएं नामांकित हैं, लेकिन प्लस टू स्तर पर एक भी शिक्षक पदस्थापित नहीं है। वहीं उच्च विद्यालय खंड में केवल चार शिक्षक कार्यरत हैं, जिनके भरोसे पूरे विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था संचालित हो रही है। शिक्षकों की कमी के कारण नियमित कक्षाएं प्रभावित हो रही हैं और विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित हो रही है। मध्य विद्यालय कसियाडीह की स्थिति भी चिंताजनक बनी हुई है। करीब 350 विद्यार्थियों वाले इस विद्यालय में मात्र तीन शिक्षक कार्यरत हैं। आवेदन में उल्लेख किया गया है कि शिक्षक दिनेश शुक्ला का कुछ वर्ष पूर्व पोलपोल विद्यालय में प्रतिनियोजन कर दिया गया था, जबकि यहां पहले से ही शिक्षकों की कमी बनी हुई थी। धीरज कुमार ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है, लेकिन कसियाडीह के विद्यालयों की स्थिति शिक्षा व्यवस्था की बदहाली को उजागर कर रही है। उन्होंने उपायुक्त से दोनों विद्यालयों में जल्द पर्याप्त शिक्षकों की नियुक्ति सुनिश्चित करने की मांग की, ताकि विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित न हो।

## हुसैनाबाद में बिजली संकट से लोग बेहाल

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल क्षेत्र में लगातार हो रही बिजली कटौती से आमजन परेशान हैं। उमस भरी गर्मी के बीच बार-बार बिजली गुल होने से लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। शहरी क्षेत्रों में थोड़ी देर बिजली आने के बाद फिर कटौती हो जा रही है, जबकि कई ग्रामीण इलाकों में अब तक नियमित आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी है। बिजली संकट को लेकर सामाजिक माध्यमों पर भी लगातार चर्चा हो रही है। लोगों का आरोप है कि फॉल्ट के नाम पर क्षेत्र की बिजली काटकर रेलवे को आपूर्ति दी जा रही है, जिससे स्थानीय उपभोक्ताओं को परेशानी झेलनी पड़ रही है। स्थानीय लोगों ने जनप्रतिनिधियों से हस्तक्षेप कर बिजली विभाग के अधिकारियों से बात करने और जल्द नियमित आपूर्ति सुनिश्चित कराने की मांग की है। शुक्रवार सुबह अनुमंडल मैदान के समीप आईटीआई कॉलेज के पीछे ट्रांसफार्मर के पास 11 हजार वोल्ट का हॉर्न फ्यूज जल जाने से कई घरों में बिजली बाधित हो गई थी। बिजली मिस्त्री कमलेश कुमार सिंह ने बताया कि फ्यूज ठीक करने का कार्य किया जा रहा है। वहीं हालिया तूफान के कारण उत्पन्न फॉल्ट को दूर करने का काम ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में तेजी से चल रहा है।

## बारिश से भीमचूल्हा पर्यटक स्थल की लौटी रौनक

- 41 मिलीमीटर वर्षापात से हरियाली बढ़ी, सैलानियों की संख्या में इजाफा

नवीन मेल संवाददाता



**मोहम्मदगंज।** पिछले कई दिनों से हो रही बारिश के बाद भीमचूल्हा पर्यटक स्थल की रौनक फिर लौट आई है। मार्च और अप्रैल की भीषण गर्मी के कारण जहां हरियाली प्रभावित हो गई थी, वहीं अब बारिश के बाद क्षेत्र का वातावरण खुशनुमा हो गया है। गाइड सह पुजारी गंगा तिवारी ने बताया कि बारिश के बाद पर्यटक स्थल पर सैलानियों की आवाजाही बढ़ने लगी है। आसपास की पहाड़ियों में हरियाली छा गई है और भीमबराज का जलस्तर भी बढ़ा है, जिससे इसका प्राकृतिक दृश्य लोगों को आकर्षित कर रहा है। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार 5 मई को 10 मिलीमीटर, 6 मई को 14 मिलीमीटर, 10 मई को 12 मिलीमीटर तथा 14 मई को 5 मिलीमीटर वर्षापात दर्ज किया गया। इस प्रकार मई माह में अब तक कुल 41 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है, जो इस मौसम का अब तक का सर्वाधिक वर्षापात माना जा रहा है।

## सर्पदंश से 10 वर्षीय बालक की मौत, गांव में मातम

नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड के भजनियां गांव निवासी ओमप्रकाश प्रजापति के 10 वर्षीय पुत्र सोनू कुमार की सर्पदंश से मौत हो गई। घटना के बाद गांव और परिवार में मातम पसरा हुआ है। बताया गया कि गुरुवार शाम घर के पास ही सांप ने सोनू कुमार को डंस लिया। इसके बाद परिजन उसे इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद ले गए। वहां हालत में सुधार नहीं होने पर उसे तुबागड़ा अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शुक्रवार को हुसैनाबाद अनुमंडल अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। समाजसेवी विश्वनाथ चौधरी ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी और हरसंभव सरकारी सहायता दिलाने का आश्वासन दिया।

### रुद्र शुक्ला बने 'जीवनधारा नमामि गंगे' के प्रदेश अध्यक्ष

**नीलांबर-पीतांबरपुर।** पर्यावरण संरक्षण एवं जल संरक्षण के क्षेत्र में कार्यरत संस्था जीवनधारा नमामि गंगे ने युवा समाजसेवी रुद्र कुमार शुक्ला को झारखंड प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया है। इस मनोनयन के बाद सामाजिक और पर्यावरणीय कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं महानिदेशक डॉ. हरि ओम शर्मा द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि रुद्र शुक्ला संगठन के विस्तार, जल संरक्षण, गंगा स्वच्छता और पर्यावरण जागरूकता अभियानों को नई गति देंगे।

## डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट बनाने में धीमी प्रगति

- 593 में सिर्फ 47 पेंशनधारकों का प्रमाण पत्र बना, घर-घर जाकर अभियान चलाने का निर्देश

नवीन मेल संवददाता




**मोहम्मदगंज।** प्रखंड क्षेत्र में पंचायत स्तर पर आयोजित विशेष शिविरों में केंद्र प्रायोजित पेंशन योजना के लाभुकों का डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट बनाने की प्रक्रिया काफी धीमी रही। बुधवार और गुरुवार को आयोजित शिविरों में 593 चिन्हित पेंशनधारकों में से मात्र 47 लोगों का ही डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट बनाया जा सका। प्राप्त जानकारी के अनुसार लटपौरी पंचायत के 7, कोल्हुआ-सोनबरसा के 8, पंसा के 5, रामबांध के 10, कादलकुर्मी के 3 तथा गोड़ाडीह पंचायत के 14 पेंशनधारकों का प्रमाण पत्र निर्गत किया गया। जबकि सामाजिक अंकेक्षण के दौरान पंसा के 107, रामबांध के 35, लटपौरी के 20, कोल्हुआ-सोनबरसा के 56, भजनियां के 98, गोड़ाडीह एवं मोहम्मदगंज के 119-119 तथा कादलकुर्मी के 39 पेंशनधारकों द्वारा प्रमाण पत्र जमा नहीं किया गया था। मामले को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने पंचायत स्तर पर विशेष शिविर आयोजित कर डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट बनाने का निर्देश दिया था। इसके आलोक में प्रखंड विकास पदाधिकारी रणवीर कुमार ने पंचायत सचिवों और प्रज्ञा केंद्र संचालकों को घर-घर जाकर पेंशनधारकों का प्रमाण पत्र बनाने का निर्देश दिया है। बीडीओ ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट नहीं बनने के कारण अगले माह से पेंशन भुगतान बाधित होता है, तो इसकी जिम्मेदारी संबंधित पंचायत सचिवों की होगी।

### बाल संसद शपथग्रहण समारोह में विद्यार्थियों को अनुशासन और संस्कार का संदेश

# विद्या मंदिर जपला में मेधावी छात्रों का सम्मान

नवीन मेल संवाददाता



**हुसैनाबाद।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में झारखंड अधिविद्य परिषद द्वारा आयोजित माध्यमिक परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालय के 23 मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में बाल संसद शपथग्रहण समारोह का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिव्यांश शुक्ला, प्रधानाचार्य कुशजी पाण्डेय, सचिव राकेश तिवारी, डॉ. सत्येन्द्र कुमार चंदेल, प्रो. राजेश सिंह एवं प्रभव मिश्रा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि दिव्यांश शुक्ला ने विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम और संस्कार के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हुए कहा कि सफलता केवल अंकों से नहीं, बल्कि निरंतर मेहनत, नैतिक मूल्यों और आत्मविश्वास से प्राप्त होती है। उन्होंने विद्यार्थियों से लक्ष्य निर्धारित कर ईमानदारी के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। प्रधानाचार्य कुशजी पाण्डेय ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति, सेवा भाव और नैतिक मूल्यों का विकास करना भी है। वहीं सचिव राकेश तिवारी ने मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान अन्य छात्रों के लिए प्रेरणास्रोत बताया। इस दौरान विद्यालय में बाल संसद के लिए चुने गए प्रधानमंत्री, उपप्रधानमंत्री, सेनापति, सह सेनापति, मंत्री एवं सह मंत्री को शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में हर्षदा चौबे, दीप्ति सिन्हा, राजकुमार सिंह, दीपक पाण्डेय, अरविंद यादव, शशि कुमार, अभिषेक पाठक, रणजीत मिश्रा, मृत्युंजय प्रसाद, राजेश्वर सिंह यादव, नीतीश मिश्रा एवं सुनील गुप्ता सहित सभी आचार्यों और दीदियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## तूफान की चपेट में आए दूसरे घायल की भी मौत

**हैदरनगर।** बुधवार शाम आए तेज आंधी-तूफान की चपेट में घायल दूसरे बाइक सवार अनिल चंद्रवंशी की भी रांची के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही रामबांध गांव में शोक की लहर फैल गई। जानकारी के अनुसार, हैदरनगर हाई स्कूल-शिवालय मार्ग स्थित मरघटिया के समीप पीपल का विशाल पेड़ अचानक गिर गया था, जिसकी चपेट में बाइक सवार दो लोग आ गए थे। हादसे में औरंगाबाद जिले के तिवारीडीह निवासी कामदेव चंद्रवंशी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी, जबकि गंभीर रूप से घायल अनिल चंद्रवंशी को रांची रेफर किया गया था। शुक्रवार को इलाज के दौरान उनकी भी मौत हो गई। इस दर्दनाक हादसे से परिजनों और आसपास के लोगों में शोक व्याप्त है।

## गैस सिलेंडर वितरण को लेकर एजेंसी ने जारी की सूचना

नवीन मेल संवाददाता



**मोहम्मदगंज।** प्रखंड मुख्यालय स्थित चौहान इंडेन गैस एजेंसी के प्रबंधक अक्षय सिंह ने गैस सिलेंडर उपलब्धता को लेकर सूचना जारी की है। इससे ग्राहकों को सिलेंडर के लिए एजेंसी का बार-बार चक्कर लगाने की परेशानी से राहत मिली है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को प्लांट से भरे हुए सिलेंडरों का वाहन नहीं निकल सका। शनिवार सुबह गोदाम में सिलेंडर पहुंचने के बाद वितरण संबंधी नई सूचना जारी की जाएगी। एजेंसी की ओर से सिलेंडर उपलब्धता की लगातार जानकारी देने की पहल को उपभोक्ता सराहनीय बता रहे हैं। खासकर ऐसे समय में जब रसोई गैस सिलेंडर की उपलब्धता को लेकर लोगों में चिंता बनी हुई है। प्रबंधक ने कहा कि सिलेंडर वितरण में पूरी पारदर्शिता बरती जा रही है तथा सभी ग्राहकों को निर्धारित मानक के अनुसार गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने का प्रयास जारी है।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण की तैयारियों की समीक्षा

**मेदिनीनगर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने शुक्रवार को समाहरणालय सभाकक्ष में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 की तैयारियों को लेकर सभी निर्वाचन निबंधन पदाधिकारियों एवं सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में मतदाता सूची के शुद्धिकरण और अद्यतन से जुड़े विभिन्न कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने वर्ष 2003 की मतदाता सूची के आधार पर वर्ष 2026 की मतदाता सूची के लिए किए जा रहे मिलान कार्य की जानकारी ली। उन्होंने मतदाताओं को विभिन्न श्रेणियों में चिह्नित करने, संदिग्ध एवं दोहराव वाले मतदाताओं की सूची तैयार करने तथा पात्र मतदाताओं को सूची में शामिल करने की प्रक्रिया की समीक्षा की। बैठक में मतदान केंद्रों के युक्तिकरण, मकानों की क्रम संख्या निर्धारण, बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर स्टीकर लगाने के कार्य तथा उसकी प्रगति की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूरा करने और मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने का निर्देश दिया। इसके अलावा जनसांख्यिकीय रूप से समान प्रविष्टियों के सत्यापन एवं निष्पादन की प्रगति पर भी चर्चा की गई।

# विदेश में पढ़ाई का सपना अब होगा साकार : उपायुक्त



- प्रेस वार्ता में छात्रवृत्ति योजना की दी विस्तृत जानकारी, जागरूकता रथ को दिखाई हरी झंडी

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने शुक्रवार को समाहरणालय परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में "मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदर्शीय छात्रवृत्ति योजना 2020" की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार की यह महत्वाकांक्षी योजना आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करने का सुनहरा अवसर दे रही है। इसके बाद उपायुक्त ने योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

प्रेस वार्ता में उपायुक्त ने कहा कि पलामू के युवाओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। सही मार्गदर्शन और अवसर मिलने पर यहां के विद्यार्थी भी विश्व के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में अध्ययन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का प्रयास है कि जिले के अधिक से अधिक योग्य छात्र-छात्राएं इस योजना का लाभ उठाएं और राज्य तथा देश का नाम रोशन करें। उन्होंने इसे युवाओं के सपनों को नई उड़ान देने वाली योजना बताया। उपायुक्त ने बताया कि योजना के तहत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक समुदाय के विद्यार्थियों को विदेश के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में एक वर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के लिए छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। प्रतिवर्ष कुल 50 विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा, जिसमें अनुसूचित जनजाति के 20, अनुसूचित जाति के 10, पिछड़ा वर्ग के 14 तथा अल्पसंख्यक समुदाय के 6 विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा।

उन्होंने बताया कि चयनित विद्यार्थियों को वास्तविक शिक्षण शुल्क, वार्षिक भत्ता, आकस्मिक सहायता, वीजा शुल्क, हवाई यात्रा खर्च एवं स्वास्थ्य बीमा जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। शिक्षण शुल्क सीधे संबंधित विश्वविद्यालय को दिया जाएगा, जबकि अन्य राशि सीधे विद्यार्थियों के बैंक खाते में भेजी जाएगी।

उपायुक्त ने कहा कि ऑक्सफोर्ड, कैम्ब्रिज, इम्पीरियल कॉलेज लंदन, यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन एवं लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में अध्ययन का अवसर इस योजना के माध्यम से उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही वैश्विक स्तर पर शीर्ष 100 विश्वविद्यालयों में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को भी योजना का लाभ मिलेगा। उन्होंने युवाओं एवं अभिभावकों से अधिक से अधिक आवेदन करने की अपील करते हुए कहा कि यह योजना केवल छात्रवृत्ति नहीं, बल्कि भविष्य निर्माण का मजबूत माध्यम है। योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी एवं आवेदन प्रक्रिया के लिए अभ्यर्थी आधिकारिक वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं। इस अवसर पर कुंदन कुमार, प्यारेलाल एवं प्रीति किस्कू उपस्थित रहे।

## कृत्रिम बुद्धिमत्ता शिक्षा में बदलाव का सशक्त माध्यम : कुलपति

- ज्योति प्रकाश महिला बीएड कॉलेज में राष्ट्रीय संगोष्ठी, शिक्षा में मानवीय मूल्यों पर जोर

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** ज्योति प्रकाश महिला बीएड कॉलेज में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुक्रवार को भव्य शुभारंभ हुआ। "कृत्रिम बुद्धिमत्ता के युग में समाज और शिक्षा का बहुविषयक रूपांतरण" विषय पर आयोजित इस संगोष्ठी में शिक्षाविदों, शोधार्थियों, विद्यार्थियों एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) दिनेश कुमार सिंह तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में मेदिनीनगर नगर निगम की महापौर अरुणा शंकर शामिल हुईं। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वर्गीय ज्योति प्रकाश जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

कुलपति प्रो. सिंह ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता शिक्षा, शोध और सामाजिक व्यवस्था में व्यापक परिवर्तन ला रही है। आने वाले समय में वही विद्यार्थी और संस्थान आगे बढ़ेंगे, जो तकनीक के साथ स्वयं को अद्यतन रखेंगे। उन्होंने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता नई संभावनाएं दे रही है, लेकिन मानवीय मूल्य, संवेदनशीलता और नैतिकता को बनाए रखना भी उतना ही आवश्यक है।

महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता स्वास्थ्य, शिक्षा और प्रशासन जैसे क्षेत्रों में सकारात्मक बदलाव ला रही है, लेकिन यह शिक्षकों की मानवीय भूमिका का विकल्प नहीं बन सकती। उन्होंने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों में जिज्ञासा, नैतिकता और आत्मविश्वास का निर्माण करते हैं।

इस अवसर पर प्रो. राजेंद्र सिंह, प्रो. एस.के. पांडेय, पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष आनंद शंकर एवं आकर्ष आनंद सहित कई लोगों ने अपने विचार रखे।

### निष्क्रिय सरकारी भवनों के उपयोग की संभावनाएं तलाशी

## उपायुक्त और नगर आयुक्त ने विभिन्न परिसरों का किया संयुक्त निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत एवं मेदिनीनगर नगर आयुक्त जावेद हुसैन ने शुक्रवार को शहर के विभिन्न निष्क्रिय एवं खाली पड़े सरकारी भवनों तथा परिसरों का संयुक्त निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान साहित्य समाज चौक स्थित पुराने मलेरिया भवन, नूतन केंद्र के समीप खाली पड़ी भूमि, पुराने सदर प्रखंड कार्यालय भवन, खनिज भवन तथा नूतन केंद्र भवन का जायजा लिया गया। निरीक्षण का उद्देश्य इन भवनों की वर्तमान स्थिति का आकलन कर उनके बेहतर उपयोग की संभावनाओं की तलाश करना था।

उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों के साथ भवनों की संरचनात्मक स्थिति, उपलब्ध स्थान एवं प्रशासनिक जरूरतों पर चर्चा करते हुए कहा कि सरकारी परिसंपत्तियों का प्रभावी और जनहितकारी उपयोग प्रशासन की प्राथमिकता है। लंबे समय से निष्क्रिय पड़े भवनों को आवश्यकता के अनुसार पुनः उपयोग में लाया जाएगा। जर्जर भवनों की मरम्मत अथवा आवश्यकता पड़ने पर उन्हें अनुपयोगी घोषित कर नए भवन निर्माण की दिशा में कार्रवाई की जाएगी। नगर आयुक्त जावेद हुसैन ने कहा कि उपलब्ध भवनों और खाली परिसरों का योजनाबद्ध उपयोग कर प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक व्यवस्थित बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि शहर के विकास और नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए सभी संभावनाओं पर गंभीरता से कार्य किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान नूतन केंद्र के समीप अभियंत्रण शाखा से जुड़े विभिन्न कार्यालयों को एक ही परिसर में स्थानांतरित करने की संभावनाओं पर भी विचार-विमर्श किया गया।

## चार माह से धरने पर डटे हैं बर्खास्त अनुसेवक, सरकार पर उपेक्षा का आरोप

- रांची में राज्यभवन के समीप प्रदर्शन जारी, परिवारों के समक्ष भुखमरी और बच्चों की पढ़ाई का संकट गहराया

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर/रांची।** बर्खास्त 251 अनुसेवक संघ, पलामू झारखंड के बैनर तले बर्खास्त अनुसेवकों का धरना रांची स्थित राज्यभवन के समीप नागा बाबा खड़ताल के पास लगातार जारी है। संघ के सदस्यों ने बताया कि धरना को चार माह से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन अब तक राज्य सरकार अथवा जिला प्रशासन की ओर से कोई सकारात्मक पहल नहीं की गई है।

संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि लंबे समय से सेवा से बाहर रहने के कारण अनुसेवकों और उनके परिवारों की आर्थिक स्थिति बेहद खराब हो चुकी है। कई परिवारों के सामने भोजन, बच्चों की पढ़ाई, स्वास्थ्य और दैनिक जरूरतों का संकट उत्पन्न हो गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि आर्थिक तंगी के कारण कई बच्चों का नाम विद्यालय से कट चुका है तथा परिवार के लोग इलाज तक नहीं करा पा रहे हैं।

धरनारत अनुसेवकों ने कहा कि रोजगार नहीं मिलने से परिवार भुखमरी की स्थिति में पहुंच गए हैं। संघ ने राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री से मानवीय आधार पर हस्तक्षेप करने की मांग करते हुए कहा कि या तो बर्खास्त अनुसेवकों का समायोजन किया जाए अथवा उनकी समस्याओं का स्थायी समाधान निकाला जाए।

धरना स्थल पर संघ के अध्यक्ष नरेश भारती, उपाध्यक्ष संजीव कुमार पांडेय, नीरज यादव, संजीत यादव, विपिन कुमार, श्याम कुमार, सुरेंद्र सिंह, शशि कुमार, राजन कुमार, मदन कुमार, संजय कुमार सहित अन्य अनुसेवक मौजूद थे।

## 21 मई तक सभी स्कूलों में बने अपार आईडी, नहीं तो होगी कार्रवाई

- डीएसई संदीप कुमार ने समीक्षा बैठक में दिए निर्देश, कई प्रखंडों की प्रगति पर जताई नाराजगी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** संदीप कुमार ने पलामू जिले के सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों का अपार आईडी बनाने को लेकर बीईईओ, बीपीओ और कंप्यूटर ऑपरेटरों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि 30 मई के बाद भारत सरकार का पोर्टल बंद हो जाएगा, इसलिए सभी विद्यालय समय रहते लक्ष्य पूरा करें।

उन्होंने कहा कि जिले के कई निजी विद्यालय इस कार्य में अपेक्षित रुचि नहीं दिखा रहे हैं, जबकि कुछ सरकारी उच्च विद्यालयों की प्रगति भी संतोषजनक नहीं है। डीएसई ने सभी सरकारी उच्च विद्यालयों को 21 मई तक शत-प्रतिशत बच्चों का अपार आईडी तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि निर्धारित समय सीमा तक लक्ष्य पूरा नहीं होने पर संबंधित विद्यालयों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

समग्र शिक्षा अभियान के एडीपीओ अंबुजा पांडेय ने बताया कि जिले में सरकारी और गैर सरकारी मिलाकर कुल 2900 विद्यालय संचालित हैं। इनमें अब तक 2652 विद्यालयों के बच्चों का अपार आईडी बनाया जा चुका है। जिले में कुल पांच लाख एक हजार बच्चों का अपार आईडी तैयार किया जाना है, जिसमें अब तक चार लाख 74 हजार बच्चों का आईडी बनाया गया है।

उन्होंने बताया कि जिले में अभी भी 83 हजार 793 बच्चों का आधार सत्यापन शेष है। अब तक एक लाख 95 हजार बच्चों का आधार सत्यापन पूरा किया जा चुका है।

बैठक में बताया गया कि चैनपुर, मेदिनीनगर, पाटन, हुसैनाबाद, पांकी और छतरपुर प्रखंडों की स्थिति सबसे खराब है। संबंधित प्रखंडों के शिक्षकों और अधिकारियों को तेजी से कार्य करते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर लक्ष्य पूरा करने का निर्देश दिया गया। बैठक में जिले के सभी प्रखंडों के बीईईओ, बीपीओ और कंप्यूटर ऑपरेटर उपस्थित थे।

## विनीत तिवारी हत्या मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग से मिले

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** विनीत तिवारी हत्या मामले को लेकर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने पलामू पुलिस से जवाब तलब किया है। इस संबंध में देवेश तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने 14 मई 2026 को नई दिल्ली में आयोग के माननीय सदस्य प्रियंक कानूनगो से मुलाकात कर पूरे मामले से अवगत कराया था। उन्होंने कहा कि मुलाकात के दौरान विनीत तिवारी हत्या मामले से जुड़े विभिन्न तथ्यों और घटनाक्रम की जानकारी आयोग के समक्ष रखी गई थी। इसके बाद राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस से जवाब मांगा है।

## दृष्टिपात

### पेट्रोल-डीजल मूल्य वृद्धि पर कांग्रेस का हमला



**मेदिनीनगर।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के राज्य सचिव सह पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक ने बताया कि पेट्रोल-डीजल की कीमतों में वृद्धि को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि चुनाव समाप्त होते ही आम जनता पर महंगाई का नया बोझ डाल दिया गया है। जैश रंजन पाठक ने कहा कि एलपीजी गैस की कीमतों में बढ़ोतरी के बाद अब पेट्रोल में तीन रुपये और डीजल में 3.11 रुपये प्रति लीटर की वृद्धि कर सरकार ने आम लोगों की जेब पर सीधा वार किया है। कांग्रेस नेता ने कहा कि जनता सरकार से राहत की उम्मीद कर रही थी, लेकिन सरकार ने राहत देने के बजाय महंगाई का नया बोझ थोप दिया। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि आखिर आम आदमी कब तक लगातार बढ़ती महंगाई का बोझ उठाता रहेगा।

### किसानों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं : अमित तिवारी



**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने राज्य सरकार पर किसानों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि झारखंड के किसानों के साथ अन्याय किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसान अपने खून-पसीने की कमाई से धान उत्पादन करते हैं और इस उम्मीद में रहते हैं कि उन्हें उनकी उपज का उचित मूल्य मिलेगा, लेकिन सरकार अपने वादों को पूरा करने में विफल साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने वादा किया था कि पैक्स गोदाम में धान जमा होने के 15 दिनों के भीतर किसानों को भुगतान कर दिया जाएगा, लेकिन आज तक कई किसानों को बकाया राशि नहीं मिल सकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि पैक्स में महीनों तक धान खुले में रखा गया और अब किसानों से उसे वापस ले जाने के लिए कहा जा रहा है, जो किसानों के साथ अन्याय है। अमित तिवारी ने कहा कि झारखंड में सिंचाई और बिजली व्यवस्था पहले से ही कमजोर है। किसान डीजल खर्च कर खेती करने को मजबूर हैं, क्योंकि खेती के लिए पर्याप्त बिजली उपलब्ध नहीं हो पाती।

### नावाडीह में सड़क सुरक्षा व जागरूकता अभियान

**मेदिनीनगर।** वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से रामगढ़ थाना क्षेत्र स्थित नावाडीह मिशन स्कूल में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान, गुड टच-बैड टच जागरूकता कार्यक्रम और दंत जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्था की सचिव शर्मिला वर्मा ने कहा कि संस्था का उद्देश्य पलामू को सड़क दुर्घटनामुक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी जागरूकता पहल से भी बड़े बदलाव संभव हैं। साथ ही बच्चियों के साथ होने वाली यौन हिंसा की घटनाओं को रोकने के लिए बच्चों को लगातार जागरूक किया जा रहा है। दंत चिकित्सक डॉक्टर अमितू सिंह ने शिविर में सैकड़ों बच्चों के दांतों की निःशुल्क जांच की और आवश्यक दवाइयों के साथ स्वास्थ्य संबंधी सलाह दी। रानू सिन्हा ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

### आज से शुरू होगा जनगणना का घर-घर सर्वे

**मेदिनीनगर।** जनगणना 2027 के तहत पलामू जिले में स्व-गणना की प्रक्रिया 15 मई को समाप्त हो जाएगी। जिले में साढ़े पांच हजार से अधिक लोगों ने ऑनलाइन माध्यम से स्व-गणना में भाग लिया है। अब 16 मई से 14 जून 2026 तक जिलेभर में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य किया जाएगा। इस दौरान प्रारंभिक पांच दिनों तक प्रगणक अपने-अपने क्षेत्र का नक्शा तैयार करेंगे, भवनों का भौतिक सत्यापन करेंगे तथा मकानों की क्रम संख्या निर्धारित करेंगे। इसके बाद प्रगणक घर-घर जाकर मोबाइल अनुप्रयोग के माध्यम से लोगों की जानकारी दर्ज करेंगे। सर्वे के दौरान आम लोगों से कुल 33 प्रकार की जानकारियां ली जाएंगी। इनमें भवन संख्या, जनगणना भवन संख्या, मकान के फर्श, दीवार और छत में प्रयुक्त सामग्री, मकान का उपयोग एवं स्थिति, परिवार क्रमांक, परिवार के सदस्यों की संख्या, परिवार के मुखिया का नाम और लिंग, अनुसूचित जाति एवं जनजाति से संबंधित जानकारी, मकान स्वामित्व की स्थिति, कमरों की संख्या, विवाहित दंपत्तियों की संख्या, पेयजल का स्रोत, बिजली की उपलब्धता, शौचालय और स्नानघर की स्थिति, गंदे पानी की निकासी, रसोईघर एवं गैस कनेक्शन की उपलब्धता, खाना पकाने में उपयोग होने वाला ईंधन, रेडियो, टेलीविजन, इंटरनेट सुविधा, लैपटॉप, कंप्यूटर, मोबाइल फोन, साइकिल, स्कूटर, मोटरसाइकिल, मोपेड, कार, जीप, वैन, परिवार द्वारा उपयोग किए जाने वाले मुख्य अनाज तथा मोबाइल नंबर जैसी जानकारियां शामिल हैं।

### डालसा का डोर-टू-डोर जागरूकता अभियान

**मेदिनीनगर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से 90 दिवसीय गहन जागरूकता एवं आउटरीच कार्यक्रम के तहत सदर प्रखंड के सुआ पंचायत के विभिन्न गांवों में डोर-टू-डोर जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम झालसा के निर्देश और प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। अभियान के दौरान महिलाओं को घरेलू हिंसा, बाल विवाह, बाल श्रम और बच्चों की सुरक्षा से जुड़े कानूनों की जानकारी दी गई। पीएलवी अनिता मिंज ने कहा कि 18 वर्ष से कम आयु की लड़की और 21 वर्ष से कम आयु के लड़के का विवाह करना अपराध है। उन्होंने बताया कि बच्चों के विरुद्ध किसी भी प्रकार का यौन अपराध गंभीर एवं संज्ञेय अपराध की श्रेणी में आता है, जिसके लिए पॉक्सो अधिनियम में कठोर सजा का प्रावधान है।

## कस्तूरबा विद्यालयों में नामांकन में देरी, विभागीय उदासीनता बनी वजह

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** सरकार की महत्वाकांक्षी कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय और झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय योजना इस बार विभागीय उदासीनता की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। हालात ऐसे हैं कि अप्रैल में पूरी हो जाने वाली नामांकन प्रक्रिया अब तक अधूरी है और उपायुक्त के निर्देश के बावजूद गर्मी की छुट्टी से पहले छात्राओं का नामांकन पूरा होना मुश्किल दिख रहा है। इसे लेकर शिक्षा विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं। समग्र शिक्षा अभियान कार्यालय परिसर में आयोजित समीक्षा बैठक में विभिन्न विद्यालयों की वार्डेन ने वर्ग छह में नामांकन के लिए तैयार सूची तो जमा की है लेकिन नामांकन प्रक्रिया अप्रैल माह में पूरी हो जानी चाहिए थी, लेकिन अब तक चयन प्रक्रिया लंबित है। पलामू उपायुक्त की अध्यक्षता में गठित समिति से अनुमोदन मिलने के बाद ही नामांकन शुरू किया जाएगा। दरअसल, यह योजना खासकर ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों को बेहतर आवासीय शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चलाई जा रही है। सरकार लगातार 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' का संकल्प दोहराती रही है, लेकिन पलामू में विभागीय सुस्ती के कारण सैकड़ों छात्राओं का भविष्य अधर में लटक गया है। अभिभावकों में भी नाराजगी देखी जा रही है। जिले में 12 कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय और आठ झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय संचालित हैं। कस्तूरबा विद्यालयों में वर्ग छह के लिए प्रत्येक विद्यालय में 75-75 सीट तथा झारखंड बालिका आवासीय विद्यालयों में 50-50 सीटों पर नामांकन होना है। इसके बावजूद प्रक्रिया समय पर पूरी नहीं हो पाना विभागीय लापरवाही को उजागर कर रहा है।

## ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के पालन पर प्रशासन सख्त

- टाउन हॉल में हुई बैठक, कचरा पृथक्करण और स्वच्छता व्यवस्था पर दिया गया जोर

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के आलोक में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली 2026 के सख्त एवं समयबद्ध अनुपालन को लेकर शुक्रवार को टाउन हॉल में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, मेदिनीनगर नगर आयुक्त जावेद हुसैन, विभिन्न नगर निकायों के पदाधिकारी, होटल, भोजनालय, विवाह भवन, लॉज संचालक तथा बड़े स्तर पर कचरा उत्पन्न करने वाले संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि जिले में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली 2026 का प्रभावी और सख्त अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के पालन में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उपायुक्त ने कहा कि अब कचरे का स्रोत स्तर पर पृथक्करण अनिवार्य होगा। प्रत्येक घर, प्रतिष्ठान, होटल और संस्थान को गीला, सूखा, स्वच्छता संबंधी तथा घरेलू हानिकारक कचरे को अलग-अलग रखना होगा। इससे स्वच्छता व्यवस्था मजबूत होगी और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों से बड़े कचरा उत्पादक संस्थानों के पंजीकरण, परिसर में कचरा प्रसंस्करण व्यवस्था तथा नियमों के अनुपालन की स्थिति की जानकारी ली। साथ ही बड़े प्रतिष्ठानों में खाद निर्माण एवं जैव गैस जैसी व्यवस्थाओं को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया।

नगर आयुक्त जावेद हुसैन ने कहा कि नगर निगम द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली को चरणबद्ध तरीके से लागू किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि घर-घर कचरा संग्रहण, डिजिटल निगरानी और त्वरित अनुश्रवण व्यवस्था को और मजबूत किया जा रहा है ताकि स्वच्छता व्यवस्था पारदर्शी और जवाबदेह बन सके।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि सर्वोच्च न्यायालय की दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करने वाले प्रतिष्ठानों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। कचरा पृथक्करण नहीं करने, सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने अथवा बिना पंजीकरण संचालन करने वालों पर पर्यावरणीय जुर्माना लगाया जाएगा।

बैठक में बताया गया कि जिन संस्थानों का क्षेत्रफल 20 हजार वर्गमीटर या उससे अधिक है, प्रतिदिन 40 हजार लीटर से अधिक पानी की खपत होती है अथवा 100 किलोग्राम से अधिक ठोस कचरा उत्पन्न होता है, उन्हें विशेष नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा। ऐसे संस्थानों को नगर निगम पोर्टल पर पंजीकरण, परिसर में कचरा प्रसंस्करण तथा वार्षिक प्रतिवेदन सुनिश्चित करना होगा। बैठक में पदाधिकारियों एवं विभिन्न प्रतिष्ठानों के संचालकों को प्रस्तुतीकरण के माध्यम से चार स्तरीय कचरा पृथक्करण प्रणाली, घर-घर संग्रहण, इलेक्ट्रॉनिक कचरा प्रबंधन, स्वच्छता संबंधी कचरे के निपटान तथा डिजिटल निगरानी प्रणाली की जानकारी दी गई। अंत में उपायुक्त ने सभी नागरिकों और संस्थानों से स्वच्छ मेदिनीनगर अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। इस अवसर पर विभिन्न प्रखंड विकास पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

# सोन-कनहर परियोजना में तेजी लाने का निर्देश, उपायुक्त ने की समीक्षा

नवीन मेल संवाददाता



गढ़वा। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी अनन्य मित्तल ने शुक्रवार को सोन–कनहर परियोजना की समीक्षा बैठक कर लंबित कार्यों को समयसीमा के भीतर पूरा करने का निर्देश दिया। बैठक में अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, संबंधित एजेंसी के प्रोजेक्ट मैनेजर और विभागीय अधिकारी मौजूद थे। उपायुक्त ने परियोजना के विभिन्न चरणों की प्रगति, निर्माण कार्यों की स्थिति और लक्ष्य के अनुरूप कार्यों की गति की जानकारी ली। साथ ही कार्यों में आ रही बाधाओं पर चर्चा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी अड़चनों को शीघ्र दूर कर निर्माण कार्यों में तेजी लाई जाए। उन्होंने कहा कि सोन–कनहर परियोजना क्षेत्र के विकास और आम लोगों की सुविधा से जुड़ी महत्वपूर्ण योजना है, इसलिए इसे प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जाए। उपायुक्त ने विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने और नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## दृष्टिपात

### आज से शुरू होगा घर-घर जनगणना सर्वे



**खरौंधी (गढ़वा)।** प्रखंड कार्यालय सभागार में शुक्रवार को जनगणना कार्य को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी रविंद्र कुमार ने की। बैठक में जनगणना कार्य में नियुक्त प्रगणकों और पर्यवेक्षकों के बीच आवश्यक किट, नियुक्ति पत्र, पहचान पत्र और अन्य दस्तावेजों का वितरण किया गया। बीडीओ रविंद्र कुमार ने बताया कि 16 मई से 14 जून तक प्रखंड क्षेत्र में मकान सूचीकरण सहित अन्य जनगणना संबंधी कार्य किए जाएंगे। इस दौरान प्रगणक घर-घर जाकर भवन, परिवार और सामाजिक-आर्थिक जानकारी एकत्र करेंगे। उन्होंने कहा कि जनगणना देश के विकास की आधारभूत प्रक्रिया है और इसी के आधार पर सरकार विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं बनाती है। इसलिए सभी कर्मी पूरी पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। बैठक में जनगणना कार्य से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई और फील्ड में आने वाली समस्याओं के समाधान को लेकर दिशा-निर्देश दिए गए। मौके पर प्रखंड कार्यालय के कर्मी, पर्यवेक्षक, प्रगणक और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### एमके इंटरनेशनल स्कूल में इन्वेस्टिचर सेरेमनी आयोजित



**श्री बंशीधर नगर।** एमके इंटरनेशनल स्कूल में शुक्रवार को कक्षा एक से दस तक के छात्र-छात्राओं के लिए इन्वेस्टिचर सेरेमनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के अध्यक्ष डॉ. अभिमन्यु कुमार सिंह और प्राचार्य डॉ. राय रोज ने सरस्वती माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में कक्षा सातवीं के छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इसके बाद विद्यालय के सभी वर्ग शिक्षकों का स्वागत किया गया। प्राचार्य ने शिक्षकों को दीपक हाथ में लेकर शपथ दिलाई। सत्र 2026-27 के लिए छात्र परिषद के पदाधिकारियों की घोषणा की गई। अनुराग सिंह को हेड बॉय और कोमल कुमारी को हेड गर्ल बनाया गया। वहीं आद्रिका सिंह और स्वास्तिक सिंह को चीफ प्रीफेक्ट की जिम्मेदारी दी गई। विभिन्न हाउस के लिए भी पदाधिकारियों का चयन किया गया। सभी नवनियुक्त छात्र-छात्राओं ने विद्यालय के अनुशासन और गौरव को बनाए रखने की शपथ ली। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन और राष्ट्रगान के साथ हुआ।

### बढ़ती नशाखोरी चिंता का विषय

**भवनाथपुर।** प्रखंड क्षेत्र में बढ़ती नशाखोरी अब गंभीर सामाजिक चिंता का विषय बनती जा रही है। खासकर स्कूली बच्चे और युवा तेजी से नशे की गिरफ्त में आते दिखाई दे रहे हैं। बाजार और आसपास के इलाकों में आसानी से सिगरेट, गुटखा, पान मसाला, सुलेशन, शराब और अन्य नशीले पदार्थ मिलने से अभिभावकों और सामाजिक संगठनों की चिंता बढ़ गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई स्कूली बच्चे स्कूल ड्रेस में ही दुकानों के आसपास सिगरेट और गुटखा खरीदते देखे जा रहे हैं। वहीं युवा वर्ग भी शराब और अन्य नशीले पदार्थों की ओर तेजी से आकर्षित हो रहा है। इसका असर उनकी पढ़ाई, स्वास्थ्य और सामाजिक जीवन पर साफ दिखाई देने लगा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कई दुकानदार बिना किसी रोक-टोक के नाबालिगों को भी नशीले पदार्थ बेच रहे हैं। खासकर स्कूलों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों के आसपास ऐसी गतिविधियां अधिक देखी जा रही हैं। हालांकि पुलिस प्रशासन समय-समय पर छापेमारी अभियान चलाकर कार्रवाई करता है, लेकिन समस्या पर पूरी तरह नियंत्रण नहीं हो पा रहा है। प्रशासन का मानना है कि केवल पुलिस कार्रवाई से समाधान संभव नहीं है, इसके लिए अभिभावकों, शिक्षकों और समाज को मिलकर जागरूकता फैलानी होगी।

### कस्तूरबा विद्यालय में जागरूकता अभियान

**गढ़वा।** झालसा रांची के निर्देश और प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डीएलएसए अध्यक्ष मनोज प्रसाद के मार्गदर्शन में चल रहे 90 दिवसीय विधिक जागरूकता अभियान के तहत शुक्रवार को रंका स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीएलएसए सचिव निभा रंजना लकड़ा ने की। विद्यालय की छात्राओं ने पारंपरिक झारखंडी संस्कृति के साथ अतिथियों का स्वागत किया तथा स्वागत गीत और नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर बाल विवाह और यौन अपराधों के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। सचिव निभा रंजना लकड़ा ने बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 की जानकारी देते हुए कहा कि 18 वर्ष से कम उम्र की लड़की और 21 वर्ष से कम उम्र के लड़के की शादी कानूनन अपराध है। इसके लिए दो वर्ष तक की सजा और एक लाख रुपये तक जुर्माने का प्रावधान है। उन्होंने बाल विवाह रोकने, बच्चों को शिक्षा और आत्मनिर्भरता की ओर प्रेरित करने तथा किसी भी बाल विवाह की सूचना टोल फ्री नंबर 1098 या 15100 पर देने की अपील की। कार्यक्रम में गुड टच-बैड टच, पॉक्सो कानून और बच्चों की सुरक्षा से जुड़े विषयों पर भी जानकारी दी गई। इस दौरान मानसिक रूप से बीमार एवं बौद्धिक दिव्यांग व्यक्तियों के लिए कानूनी सहायता योजना 2024 के बारे में भी जागरूक किया गया।

### जलमीनार का पाइप काटने से 30 घरों में पानी संकट

**डंडई।** प्रखंड क्षेत्र के करके गांव स्थित आजाद चौक पश्चिम टोला में सरकारी जलमीनार का पाइप काटे जाने से करीब 30 घरों की पेयजल आपूर्ति ठप हो गई। भीषण गर्मी के बीच पानी बंद होने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है और पूरे टोला में हाहाकार की स्थिति उत्पन्न हो गई। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि टोला निवासी कामेश्वर प्रजापति ने जलमीनार को अपनी निजी संपत्ति बताते हुए आरी ब्लेड से पाइप काट दिया, जिससे पूरे इलाके में पानी की सप्लाई बंद हो गई। ग्रामीण रामकिशन प्रजापति, बैजनाथ प्रजापति, शिवलाल प्रजापति, राम परीक्षा प्रजापति, अशोक प्रजापति, अजय प्रजापति, बुद्धि नारायण प्रजापति, शिवचरण प्रजापति, मनोरख प्रजापति और अरविंद प्रजापति ने बताया कि दो वर्ष पूर्व पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा सरकारी योजना के तहत जलमीनार लगाया गया था, जिससे लगभग 30 घरों तक नियमित पानी पहुंच रहा था।

### बिना ओटीपी के खाते से उड़े 9,500 रुपये

**हंटरगंज (चतरा)।** हंटरगंज थाना क्षेत्र के बेला गांव की एक महिला साइबर ठगी का शिकार हो गई। हैरानी की बात यह है कि साइबर अपराधियों ने न तो कोई ओटीपी मांगा और न ही कोई लिंक भेजा, इसके बावजूद महिला के खाते से 9 हजार 500 रुपये की निकासी कर ली गई। पीड़िता पूनम कुमारी ने बताया कि 13 मई की शाम उनके मोबाइल पर बैंक खाते से राशि निकासी का संदेश आया। जबकि उन्होंने कोई लेन-देन नहीं किया था। इसके बाद वह तत्काल बैंक ऑफ इंडिया की हंटरगंज शाखा पहुंचीं, जहां जांच में खाते से राशि निकासी की पुष्टि हुई। बैंक प्रबंधन ने इसे साइबर फ्रॉड बताते हुए खाते को ब्लॉक कर दिया तथा पुलिस में शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी। पीड़िता का कहना है कि उनका मोबाइल हमेशा सुरक्षित रहता है और वह एटीएम का उपयोग भी नहीं करती हैं। ऐसे में बिना किसी कॉल या ओटीपी के पैसे निकल जाना चिंता का विषय है। महिला ने थाना में आवेदन देकर साइबर अपराधियों की पहचान कर कार्रवाई करने तथा निकाली गई राशि वापस दिलाने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और लोगों से सतर्क रहने की अपील की है।

### विद्या मंदिर में डस्टबिन मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित

श्री बंशीधर नगर। स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में बच्चों की रचनात्मकता और क्राफ्ट कौशल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'डस्टबिन मेकिंग प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा तृतीय से दशम तक के छात्र-छात्राओं ने टीम बनाकर भाग लिया। बच्चों ने सीमित समय में कार्डबोर्ड, गत्ता, रंगीन पेपर और पेंटिंग की मदद से आकर्षक एवं उपयोगी डस्टबिन तैयार किए। प्रतियोगिता में कुल 83 डस्टबिन बनाए गए। विद्यालय के प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से बच्चों में रचनात्मकता, टीम वर्क और अनुपयोगी वस्तुओं के सदुपयोग की भावना विकसित होती है।

## 500 वर्ष पुराना ऐतिहासिक अशोक वृक्ष आंधी में गिरा

**रंका।** गुरुवार रात आई तेज आंधी और मूसलाधार बारिश ने रंका की ऐतिहासिक पहचान माने जाने वाले करीब 500 वर्ष पुराने अशोक वृक्ष को धराशायी कर दिया। ठाकुरबाड़ी क्षेत्र में स्थित इस विशाल वृक्ष के गिरने से पूरे इलाके में भावुकता और शोक का माहौल है। राजपुरोहित बालेश्वर दुबे ने बताया कि यह वृक्ष राजा कृष्ण दयाल सिंह के समय का माना जाता था और वर्षों से लोगों के लिए आश्रय स्थल बना हुआ था। रात के समय भी यहां लोगों की आवाजाही बनी रहती थी। तेज तूफान और बारिश के दौरान अचानक वृक्ष गिर पड़ा, जिससे रंका गढ़ जाने वाला मार्ग अवरुद्ध हो गया और बिजली विभाग का एक पोल भी क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि राहत की बात यह रही कि जिस समय वृक्ष गिरा, उस वक्त वहां कोई मौजूद नहीं था।

## शिकायत के बाद वृद्धाश्रम का औचक निरीक्षण, बुजुर्गों ने जताया संतोष




नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** उपायुक्त अनन्य मित्तल के निर्देश पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अर्चना सिन्हा ने नगर ऊंटारी स्थित गैर सरकारी संस्था द्वारा संचालित वृद्धाश्रम का औचक निरीक्षण किया। यह कार्रवाई जनता दरबार में प्राप्त शिकायत के बाद की गई। निरीक्षण के दौरान आश्रय गृह में छह बुजुर्ग निवासरत मिले, जिनमें दो महिलाएं और चार पुरुष शामिल हैं। डीएसडब्ल्यूओ ने सभी बुजुर्गों से बातचीत कर भोजन, आवास, चिकित्सा और देखभाल व्यवस्था की जानकारी ली। सभी वृद्धजनों ने उपलब्ध सुविधाओं पर संतोष जताते हुए किसी प्रकार की शिकायत नहीं होने की बात कही। निरीक्षण के दौरान आश्रय गृह संचालक को बुजुर्गों के लिए दैनिक दिनचर्या चार्ट तैयार कर प्रदर्शित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही भवन की मरम्मत और सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने पर भी जोर दिया गया।

## जनसुनवाई में जमीन, राशन और मुआवजा से जुड़े मामलों की भरमार

नवीन मेल संवाददाता




**गढ़वा।** उपायुक्त अनन्य मित्तल के निर्देश पर जिला नियोजन पदाधिकारी पंकज कुमार गिरि ने शुक्रवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जनसुनवाई कर आम लोगों की समस्याएं सुनीं। प्राप्त शिकायतों को कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को भेजा गया। जनसुनवाई में राशन कार्ड, पेंशन, भूमि विवाद, अवैध कब्जा, आवास, मुआवजा, रोजगार और बकाया मजदूरी भुगतान से जुड़े कई मामले सामने आए। डंडई के करके निवासी सोमारु प्रजापति ने भूमि मापी नहीं होने से जमीन कब्जाने की शिकायत की। वहीं बिशुनपुरा के हसमत अली ने धान अधिप्राप्ति के बाद भुगतान प्रक्रिया लंबित रहने की समस्या उठाई। भवनाथपुर की सुनैना देवी ने वर्ष 2022 में आवेदन देने के बावजूद राशन कार्ड नहीं बनने की शिकायत की। मेराल प्रखंड के झाड़ूकश वीरेंद्र राम ने लंबित मानदेय भुगतान की मांग की, जबकि देवंती देवी ने एनएच-75 फोरलेन परियोजना के मुआवजे में हिस्सेदारी हड़पने का आरोप लगाया। जिला नियोजन पदाधिकारी ने सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया।

## राजस्व मामलों में लापरवाही पर उपायुक्त नाराज लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन का निर्देश

### 30 दिन से अधिक दाखिल-खारिज लंबित नहीं रखने की चेतावनी

नवीन मेल संवाददाता



**गढ़वा।** उपायुक्त अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राजस्व विभाग की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में दाखिल-खारिज, भूमि सीमांकन, म्यूटेशन, प्रमाण पत्र निर्गत करने तथा अन्य राजस्व मामलों की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि बिना आपत्ति वाले दाखिल-खारिज मामलों का निष्पादन 30 दिनों के भीतर तथा आपत्ति वाले मामलों का निष्पादन 90 दिनों के अंदर अनिवार्य रूप से किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी आवेदन को अनावश्यक रूप से लंबित नहीं रखा जाए। समीक्षा के दौरान कई मामलों के 90 दिनों से अधिक लंबित पाए जाने पर उपायुक्त ने नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारियों को जल्द निष्पादन का निर्देश दिया। भूमि सीमांकन के मामलों में अमीनों को तय समय पर कार्रवाई करने को कहा गया। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि राजस्व से जुड़े मामलों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी अंचल अधिकारियों को सक्रिय होकर कार्य करने तथा राइट टू सर्विस एक्ट के तहत लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने का निर्देश दिया। बैठक में अपर समाहर्ता राज महेश्वरम सहित जिले के सभी अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता एवं अंचल अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए।

### सड़क हादसे में चार युवक गंभीर घायल, दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर

**केतार।** पचाडूमर-परती मुख्य पथ स्थित योगियावीर गांव के समीप शुक्रवार दोपहर तेज रफ्तार और ओवरटेक की होड़ ने बड़ा सड़क हादसा करा दिया। दो बाइकों की आमने-सामने हुई जोरदार टक्कर में चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइकों के परखच्चे उड़ गए और आवाज करीब एक किलोमीटर दूर तक सुनाई पड़ी। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार परती कुशवानी गांव निवासी विकेश कुमार और अनिल बैठा पल्सर बाइक से केतार से अपने घर लौट रहे थे। वहीं दूसरी ओर गढ़वा थाना क्षेत्र के झुरा गांव निवासी गुलशन कुमार सिंह तथा औरंगाबाद जिले के टंडवा नवीनगर निवासी प्रदीप तिवारी दवा प्रचार का कार्य कर केतार की ओर जा रहे थे। इसी दौरान ओवरटेक करने के प्रयास में दोनों बाइकों के बीच सीधी भिड़ंत हो गई। हादसे में चारों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे और तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तथा ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर भेजा गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त दोनों बाइकों को जब्त कर थाना ले लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों ने क्षेत्र में तेज रफ्तार और लापरवाह बाइक चलाने पर चिंता जताते हुए सड़क सुरक्षा नियमों का सख्ती से पालन कराने की मांग की है।


**कार्यालय, असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा**

**आवश्यक सूचना**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अन्तर्गत विज्ञापन संख्या–02/2025–26 के आलोक में उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति, गढ़वा के निदेशानुसार औपबंधिक रूप से चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति से संबंधित मूल प्रमाण–पत्रों का सत्यापन के पश्चात् औपबंधिक नियुक्ति पत्र वितरण किया जाना है।

चयनित उम्मीदवार जिन्होंने अपने मूल प्रमाण–पत्रों का सत्यापन करा लिया है वे दिनांक–21.05.2026 (गुरूवार) को प्रातः 10:00 बजे से सिविल सर्जन कार्यालय, गढ़वा के सभाकक्ष में औपबंधिक नियुक्ति पत्र प्राप्त करेंगे।

ह0/–
असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा।

PR.NO.379945 Health Med Edu and Family Welfare(26-27):D



**कार्यालय –अधीक्षक, मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल, पलामू**

**Email-** supt.pmchpalamu@gmail.com

निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा संख्या 01/2026–2027

मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल, पलामू अंतर्गत अधीक्षक , मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल, पलामू हेतु बाहयश्रोत से हाउसकीपिंग एवं लॉन्डी सर्विस प्रदान करने के लिए ऐजेंसी के चयन हेतु निविदा दिनांक 22.06.2026 के अपराहन 05.00 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। विवरण इस प्रकार है :–

| 01. | विवरण | |
|---|---|---|
| 02. | निविदा का हार्ड कापी कार्यालय में प्राप्ति की अंतिम तिथि | दिनांक 22.06.2026 के अपराहन 05.00 बजे तक |
| 03. | निविदा खोलने का स्थान/तिथि /समय | अधीक्षक, एम0एम0सी0एच0 का प्रकोष्ठ/ 24.06.2026/ अपराहन 03.00 बजे |
| 04. | अग्रधन की राशि ONLINE | रु 300000.00 (तीन लाख) मात्र Refundable |
| 05. | निविदा आमंत्रण करने वाले का नाम एव पता | अधीक्षक, मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल , पलामू |

उक्त निर्धारित स्थान एवं समय पर खोलने समय निविदादाता अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं। निविदाओं के तकनीकि भाग के सफल निविदादाता का ही वितीय भाग खोला जाएगा।

निविदा की शर्त्त आदि की जानकारी https://jharkhandtenders.gov.in पर देखा /डाउनलोड किया जा सकता है।

अधीक्षक
मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल,
पलामू।

PR 379921 District(26-27)D



**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,**
**जिला नियोजन कार्यालय, लातेहार**

सुनहरा अवसर सुनहरा अवसर सुनहरा अवसर

**भर्ती कैम्प 2026**

झारखण्ड राज्य के बेरोजगार युवक/युवतियों की निजी क्षेत्र के कम्पनियों/प्रतिष्ठानों/संस्थानों में रोजगार के सुनहरे अवसर प्रदान करने हेतु जिला नियोजन कार्यालय, लातेहार के द्वारा एक दिवसीय **भर्ती कैम्प** का आयोजन **दिनांक : 22.05.2026, दिन– शुक्रवार को पूर्वाह्न 10:30 बजे से 4:00 बजे अपराह्न** तक जिला खेल स्टेडियम, लातेहार परिसर में आयोजित किया जा रहा है।

इस **भर्ती कैम्प** में कम्पनियों/प्रतिष्ठानों/संस्थानों से विभिन्न पदों हेतु रिक्तियाँ प्राप्त हो रही है। अन्य कम्पनियों/प्रतिष्ठानों/संस्थानों से लगातार सम्पर्क स्थापित की जा रही है, ताकि ज्यादा से ज्यादा विभिन्न पदों हेतु रिक्तियाँ प्राप्त हो, जिससे युवक/युवतियों को ज्यादा से ज्यादा रोजगार पाने का अवसर प्रदान किया जा सके। इस **भर्ती कैम्प** में भाग लेने हेतु निम्न दस्तावेजों की आवश्यकता होगी :–

**1. झारखण्ड राज्य के किसी भी नियोजनालय में निबंधित नियोजन कार्ड।**
**2. शैक्षणिक योग्यता से संबंधित कागजातों की छाया प्रति। 3. 2 कॉपी पासपोर्ट साईज फोटो**
**4. आधार कार्ड की छाया प्रति 5. स्थानीय निवास प्रमाण पत्र**
**6. जाति प्रमाण पत्र की छाया प्रति 7. बायोडाटा की दो कॉपी**

**इच्छुक उम्मीदवार उपरोक्त दस्तावेजों के बिना भाग नहीं ले सकते हैं। जो अपना निबंधन नियोजनालय में नहीं कराये हैं, वे अपना निबंधन ऑनलाईन विभाग के अधिकृत वेबसाईट** https://jharniyojan.jharkhand.gov.in **पर स्वयं कर सकते हैं या जिला नियोजन कार्यालय में उपस्थित होकर करा लें, ताकि आयोजित रोजगार मेला में भाग लें सकें।**

लातेहार जिला के तमाम युवक/युवतियों से अपील है कि वे इस **भर्ती कैम्प** में भाग ले एवं अपनी योग्यता/इच्छानुरूप रोजगार पा कर अपने भविश्य को स्वर्णिम बनायें।

**नोट : विशेष जानकारी के लिए जिला नियोजन कार्यालय, लातेहार से सम्पर्क स्थापित कर सकते है।**

**।। आपके उज्जवल भविष्य के शुभ कामानाओं के साथ ।।**

भर्ती कैम्प स्थल : जिला खेल स्टेडियम, लातेहार परिसर
दिनांक : 22.05.2026, दिन– शुक्रवार
समय : 10:30 बजे पूर्वाह्न से 4:00 बजे अप0 तक

निवेदक,
जिला नियोजन पदाधिकारी,
लातेहार

PR 379962 Labour Employment and Traning(26-27)#D



**कार्यालय नगर परिषद, लोहरदगा**
**Email id- nagarparishadlohardaga@gmail.com**

**(15th Finance)**
**Walk in Interview**

अपर अभियान निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड, राँची के पत्रांक– 328/(AMD), दिनांक– 06.12.2022 के आलोक में लोहरदगा जिले के शहरी क्षेत्र में 15वें वित्त आयोग (स्वास्थ्य) के तहत संचालित किये जाने वाले Urban Ayushman Arogya Mandir के लिए चिकित्सा पदाधिकारी की सेवा प्राप्त करने हेतु निम्नांकित शर्तो के अधीन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैः–

| क्र.सं. | विवरणी | आवश्यक शर्ते |
|---|---|---|
| 1 | **चिकित्सा पदाधिकारी हेतु** | |
| | Urban Ayushman Arogya Mandir, Patratoli, Ward No. 05 | नियुक्ति किये जाने वाले चिकित्सा पदाधिकारी की संख्या– 02 |
| | चिकित्सा पदाधिकारी हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | मेडिकल काउन्सिल ऑफ इंडिया से मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से M.B.B.S की डिग्री। |
| | उम्र सीमा | अधिकतम उम्र 67 वर्ष |
| | मानदेय | रू0 63000.00 प्रत्येक माह |
| | कार्य का समय | 9:00 बजे पूर्वाह्न से 03:00 बजे अपराह्न तक |
| 2 | सूचीबद्ध किये गये विशेषज्ञ चिकित्सकों/चिकित्सा पदाधिकारी के द्वारा भविष्य के लिए नियमितीकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। | |
| 3 | Walk in Interview में उपस्थित होने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। | |
| 4 | विभागीय/निदेशालय राज्य एवं केन्द्र सरकार के निर्देश/नियम का अक्षशः पालन करना अनिवार्य है। | |

इच्छुक उम्मीदवार॑सा पद Interview के लिए अपना बायोडाटा एवं सभी मूल प्रमाण पत्र तथा इसके छाया प्रति के साथ कार्यालय नगर परिषद, लोहरदगा के सभागार में दिनांक 29.05.2026 को 11:30 AM बजे तक उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद, लोहरदगा

PR 379877 Lohardaga(26-27)#D

# जेठ में सावन जैसा मौसम आंधी-पानी से जनजीवन प्रभावित



- कई जगह गिरे बिजली पोल, घरों के करकट और छप्पर उड़ने से लोगों को नुकसान

**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा/गिद्धौर/पत्थलगड़ा।** जेठ महीने में शुक्रवार को जिले में मौसम ने अचानक करवट ली और कई क्षेत्रों में सावन जैसा नजारा देखने को मिला। गिद्धौर और पत्थलगड़ा क्षेत्र में तेज आंधी और मूसलाधार बारिश के कारण कुछ घंटों तक जनजीवन अस्त-व्यस्त रहा। तेज हवा के साथ हुई बारिश के दौरान कई स्थानों पर बिजली के पोल धराशायी हो गए, जबकि कई जगहों पर बिजली के तार टूटकर गिर पड़े। इससे क्षेत्र की बिजली व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई। आंधी के कारण कई घरों के करकट और छप्पर उड़ गए, जिससे ग्रामीणों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। मौसम खराब होने से लोगों को आवागमन में भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं बिजली विभाग के कर्मी क्षतिग्रस्त पोल और टूटे तारों को दुरुस्त करने में जुटे रहे। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से प्रभावित क्षेत्रों का सर्वे कर नुकसान का आकलन कराने और पीड़ित परिवारों को सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।

# आंधी-बारिश से माको मोड़ पर गिरा पेड़, घंटों जाम में फंसे वाहन



- नगर पंचायत टीम ने मशक्कत के बाद हटाया पेड़, बहाल हुआ यातायात

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** जिले में हुई तेज आंधी और बारिश के दौरान माको मोड़ के पास सड़क पर बड़ा पेड़ गिर जाने से यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और सैकड़ों वाहन घंटों जाम में फंसे रहे। सूचना मिलते ही नगर पंचायत प्रशासक राजीव रंजन के निर्देश पर टीम मौके पर पहुंची और पेड़ हटाने का कार्य शुरू किया। सिटी मैनेजर राजकुमार वर्मा एवं रणधीर कपूर की मौजूदगी में काफी मशक्कत के बाद पेड़ हटाया गया, जिसके बाद यातायात सामान्य हो सका।

# तेज आंधी में ट्रॉली सोलर प्लेट क्षतिग्रस्त, डिजिटल सेवा संचालक को 25 हजार का नुकसान

**नवीन मेल संवाददाता**



**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित ब्लॉक मोड़ के समीप शुक्रवार को आई तेज आंधी-पानी और ओलावृष्टि से एक ट्रॉली सोलर पलट गया। घटना में ट्रॉली पर लगे कई सोलर प्लेट क्षतिग्रस्त हो गए।

जानकारी के अनुसार डिजिटल सेवा केंद्र संचालक मंटू कुमार का ट्रॉली सोलर ब्लॉक मोड़ के पास लगा था। अचानक मौसम खराब होने के बाद तेज हवा के कारण ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे उसमें लगे सोलर प्लेट टूट गए। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने किसी तरह ट्रॉली को सीधा किया, लेकिन तब तक सोलर प्लेट पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुके थे।

संचालक मंटू कुमार ने बताया कि इस घटना में उन्हें करीब 25 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि अचानक आई आंधी के कारण संभलने का मौका तक नहीं मिला।

क्षेत्र में लगातार बदलते मौसम और तेज आंधी-पानी से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान का आकलन कर सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।

## दृष्टिपात

### अधिवक्ता की पुत्री अन्नया बनी जिला की तीसरी टॉपर



**लातेहार।** व्यवहार न्यायालय लातेहार के अधिवक्ता अमित कुमार गुप्ता की पुत्री अन्नया कुमारी ने सीबीएसई 12वीं विज्ञान संकाय परीक्षा में 88.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में तीसरा स्थान हासिल किया है। वह पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय की टॉपर भी बनी हैं। अन्नया ने बताया कि वह भविष्य में आईएएस बनकर देश की सेवा करना चाहती हैं। उनके पिता ने बताया कि अन्नया ने बिना किसी ट्यूशन और ऑनलाइन क्लास के स्वयं तैयारी कर यह सफलता हासिल की है। उनकी उपलब्धि पर अधिवक्ताओं, शिक्षकों और सामाजिक लोगों ने बधाई दी है।

### जनगणना को लेकर प्रगणकों को बांटी गई सामग्री, आज से शुरू होगा घर-घर सर्वे

**चंदवा।** जनगणना कार्य को लेकर शुक्रवार को प्रखंड सभागार में प्रगणकों एवं प्रशिक्षकों के बीच सर्वे सामग्री का वितरण किया गया। अधिकारियों ने सभी कर्मियों को आवश्यक प्रपत्र, दस्तावेज और दिशा-निर्देश उपलब्ध कराते हुए समयबद्ध तरीके से कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। शनिवार से प्रगणक घर-घर जाकर जनसंख्या, सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति से जुड़ी जानकारी जुटाएंगे। बीडीओ चंदन प्रसाद ने कहा कि जनगणना राष्ट्रीय महत्व का कार्य है, इसलिए सभी कर्मी पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। मौके पर बीएसओ मोनू कुमार पंडित सहित कई कर्मी उपस्थित थे।

### जनता दरबार में उमड़ी ग्रामीणों की भीड़, विधायक ने सुनी समस्याएं

**बारियातू।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में विधायक प्रकाश राम ने जनता दरबार लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। कार्यक्रम में विभिन्न गांवों से पहुंचे लोगों ने जमीन विवाद, दाखिल-खारिज, बिजली, पेयजल, आवास और वन भूमि से संबंधित समस्याओं को लेकर आवेदन सौंपे। करीब 60 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें सबसे अधिक अंचल कार्यालय से संबंधित मामले थे। विधायक ने संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई का निर्देश देते हुए कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि प्राप्त आवेदनों की विस्तृत समीक्षा 16 जून को की जाएगी।

### मंईयां सम्मान योजना सत्यापन को लेकर शिविर आयोजित

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र के बारीसाखी पंचायत भवन में शुक्रवार को झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के सत्यापन को लेकर शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया सुमीरा कुमारी ने की, जबकि संचालन उप मुखिया विकास कुमार पांडेय ने किया। शिविर में लाभुकों के आधार कार्ड, बैंक खाता और अन्य आवश्यक दस्तावेजों की जांच की गई। पंचायत प्रतिनिधियों ने लाभुकों को योजना से संबंधित आवश्यक जानकारी भी दी। कर्मियों ने बताया कि सत्यापन का उद्देश्य पात्र लाभुकों तक योजना का लाभ सुनिश्चित करना और त्रुटियों का निराकरण करना है। हालांकि, योजना का पोर्टल नहीं खुलने से नए लाभुकों में नाराजगी देखी गई। कई महिलाओं ने बताया कि पोर्टल बंद रहने के कारण आवेदन और सत्यापन की प्रक्रिया पूरी नहीं हो पा रही है। लाभुकों ने जल्द पोर्टल चालू कराने की मांग की। कार्यक्रम में पंचायत कर्मी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में लाभुक मौजूद रहे।

### चंदवा की बेटी पीहू ने सीबीएसई 12वीं में 98.8 प्रतिशत अंक लाकर रांची टॉप-5 में बनाई जगह



**चंदवा।** चंदवा की बेटी पीहू कुमारी ने सीबीएसई 12वीं कला संकाय परीक्षा में 98.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर रांची शहर के टॉप-5 विद्यार्थियों में जगह बनाई है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। पीहू, चंदवा के व्यवसायी एवं हिंदुस्तान स्वीट्स के संचालक मिथलेश कुमार की पुत्री हैं। वह रांची के ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल की छात्रा हैं। पीहू ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, शिक्षकों और निरंतर मेहनत को दिया। उन्होंने कहा कि नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन और लक्ष्य के प्रति समर्पण ही सफलता की कुंजी है। विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों ने भी पीहू की उपलब्धि पर प्रसन्नता जताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बताया गया कि इस वर्ष विद्यालय का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा और कई विद्यार्थियों ने बेहतर अंक हासिल किए हैं। पीहू की सफलता ने न सिर्फ उनके परिवार बल्कि पूरे चंदवा क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा बन गई है।

### जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनीं लोगों की समस्याएं



**चतरा।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त रवि आनंद की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याएं एवं शिकायतें उपायुक्त के समक्ष रखीं। इस दौरान भूमि विवाद, स्वास्थ्य, आवास, शिक्षा एवं अन्य विभागों से जुड़े कई मामले सामने आए। उपायुक्त ने सभी आवेदनों का अवलोकन करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को मामलों के त्वरित एवं नियमानुसार निष्पादन का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आमजनों की समस्याओं का समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है और शिकायतों के निष्पादन में किसी प्रकार की अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए। साथ ही अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई करते हुए नियमित अनुश्रवण सुनिश्चित करने को कहा गया। जिला प्रशासन की ओर से बताया गया कि प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे से अपराह्न 12:30 बजे तक समाहरणालय परिसर में नियमित रूप से जनता दरबार आयोजित किया जाता है, जहां लोग अपनी समस्याएं सीधे प्रशासन के समक्ष रख सकते हैं।

# नीट परीक्षा में कथित गड़बड़ी को लेकर लातेहार में उबाल

- झामुमो युवा मोर्चा और छात्र संघ ने किया प्रदर्शन, पुतला दहन कर निष्पक्ष जांच की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** नीट (यूजी) 2026 परीक्षा में कथित पेपर लीक और अनियमितताओं के विरोध में शुक्रवार को लातेहार जिला मुख्यालय में झारखंड मुक्ति मोर्चा युवा मोर्चा और छात्र संघ के संयुक्त तत्वावधान में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। आक्रोशित कार्यकर्ताओं और छात्रों ने केंद्र सरकार एवं शिक्षा व्यवस्था के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मानव संसाधन मंत्रालय का पुतला दहन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष रंजीत उरांव और छात्र संघ जिला अध्यक्ष राजेंद्र भगत ने किया। कार्यकर्ता कल्याण विभाग कार्यालय के समीप एकत्रित हुए, जहां से आक्रोश मार्च निकालते हुए डीसी कार्यालय मुख्यालय गेट तक पहुंचे। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार सामने आ रहे पेपर लीक मामलों को छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ बताया। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री बैजनाथ राम ने कहा कि देशभर के लाखों छात्र-छात्राएं कठिन परिश्रम कर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं, लेकिन बार-बार पेपर लीक की घटनाएं उनकी मेहनत और भविष्य दोनों को प्रभावित कर रही हैं। उन्होंने मामले की उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की। वहीं झामुमो जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव ने कहा कि छात्रों और युवाओं के सपनों के साथ किसी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा छात्रों के अधिकारों की लड़ाई लगातार लड़ता रहेगा और यदि जरूरत पड़ी तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। कार्यक्रम में अरुण दुबे, बुद्धेश्वर उरांव, प्रभात कुमार, बिलासी टोपनो, अहद खान, अंकित पांडे, अंकित तिवारी, मनोज चौधरी, सरफराज आलम, बीनू राम, संदीप गंझू, सौरभ श्रीवास्तव, संजय यादव, एनायत करीम, एहसान अंसारी, ममता देवी, आरती देवी, वासुदेव यादव, सुदामा प्रसाद, नसीम अंसारी, अरसेन तिर्की, रिंकू कश्यप, मोहम्मद शमशाद, अरशद, मोहम्मद आशिक और जफर हुसैन समेत बड़ी संख्या में छात्र-युवा और पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रदर्शन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि परीक्षा में हुई कथित गड़बड़ियों की निष्पक्ष जांच नहीं हुई तो आने वाले दिनों में आंदोलन और व्यापक किया जाएगा।

## देर रात चला सघन वाहन जांच अभियान

# ओवरलोड वाहनों पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, नियम तोड़ने वालों से वसूला गया 2.65 लाख रुपये जुर्माना



**सिमरिया (चतरा)।** सड़क सुरक्षा नियमों के पालन को लेकर प्रशासन ने गुरुवार देर रात सिमरिया अनुमंडल मुख्यालय में विशेष वाहन जांच अभियान चलाया। जिला परिवहन पदाधिकारी सह प्रभारी अनुमंडल पदाधिकारी महेश्वरी यादव के नेतृत्व में चले इस अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई। देर रात तक चले अभियान में ओवरलोडिंग, एसएलडी, ड्राइविंग लाइसेंस, फिटनेस, बीमा एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों की गहन जांच की गई। जांच के दौरान विशेष रूप से ओवरलोड कोयला वाहनों पर प्रशासन की पैनी नजर रही। कई वाहनों में नियमों की अनदेखी पाए जाने पर दंडात्मक कार्रवाई करते हुए कुल 2 लाख 65 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। अधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में लगातार हो रही बढ़ोतरी को देखते हुए अब नियमों के उल्लंघन पर किसी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाएगी। अभियान के दौरान वाहन चालकों को हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग के प्रति भी जागरूक किया गया। अधिकारियों ने कहा कि यातायात नियमों का पालन केवल कानूनी बाध्यता नहीं बल्कि लोगों की सुरक्षा से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय है। प्रशासन की इस सख्ती से नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों में हड़कंप की स्थिति देखी गई। स्थानीय लोगों ने सड़क सुरक्षा को लेकर प्रशासन की सक्रियता की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि इस तरह के लगातार अभियानों से सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी और लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ेगी।

### सीसीटीवी में कैद हुई चोरी की वारदात, दुकान और घर परिसर से बल्ब और टप चोरी

**गिद्धौर (चतरा)।** थाना क्षेत्र के गांगपुर स्थित जामुन चौक के समीप अज्ञात चोरों ने एक दुकान और घर परिसर को निशाना बनाते हुए बल्ब और टप की चोरी कर ली। पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। जानकारी के अनुसार जामुन चौक स्थित कामेश्वर साव के दुकान परिसर से चार बल्ब और तीन टप चोरी कर लिए गए। वहीं समीप रहने वाले गोपाल यादव के घर परिसर से भी दो टप गायब मिले। बताया गया कि घटना देर रात की है। सुबह दुकान खोलने पर सामान गायब मिलने के बाद सीसीटीवी फुटेज खंगाला गया, जिसमें एक बाइक सवार युवक चोरी करते नजर आया। फुटेज में युवक आराम से दुकान परिसर से सामान निकालकर ले जाता दिखाई दे रहा है। घटना के बाद स्थानीय लोगों में नाराजगी है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं, जिससे लोगों में भय का माहौल बन गया है। समाचार लिखे जाने तक मामले में थाना में लिखित आवेदन नहीं दिया गया था। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच में जुटी है।

# बाजार भ्रमण से बच्चों ने सीखी खरीद-बिक्री की प्रक्रिया

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** धर्मपुर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में शिशु वाटिका के बच्चों के लिए बाजार भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत कक्षा अरुण के बच्चों को उनकी मातृ आचार्य शिल्पा दीदी के साथ स्थानीय सब्जी बाजार ले जाया गया। बच्चों ने बाजार में विभिन्न प्रकार की सब्जियों को देखा और खरीद-बिक्री की प्रक्रिया को समझा। भ्रमण के दौरान बच्चों में उत्साह का माहौल रहा। कार्यक्रम विद्यालय के प्रधानाचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी के निर्देशन में आयोजित किया गया। इसे सफल बनाने में शिल्पा कुमारी, अभिषेक अनिल समेत विद्यालय कर्मियों की अहम भूमिका रही।

# बच्चों की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** उपायुक्त संदीप कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला समाज कल्याण एवं बाल संरक्षण योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बाल संरक्षण से जुड़े मामलों, मिशन वात्सल्य, चाइल्ड हेल्पलाइन और आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति की समीक्षा की गई। जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी रीना कुमारी ने बताया कि अप्रैल माह में बाल श्रम, बाल विवाह, अपहरण, गुमशुदगी और पॉक्सो एक्ट से जुड़े कुल 21 मामले दर्ज किए गए। उपायुक्त ने कहा कि बच्चों के अधिकारों की रक्षा और उनकी सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी आंगनबाड़ी केंद्रों का एक सप्ताह के भीतर निरीक्षण कर भवन, पेयजल, शौचालय और अन्य सुविधाओं की रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद सहित कई अधिकारी मौजूद थे।

# परिवहन विभाग की बड़ी कार्रवाई, 70 वाहनों का कटा चालान

- दो दिन चले विशेष जांच अभियान में 2.04 लाख रुपये जुर्माना वसूला गया

**लातेहार।** सड़क सुरक्षा और राजस्व संग्रहण को लेकर लातेहार परिवहन विभाग ने विशेष वाहन जांच अभियान चलाते हुए बड़ी कार्रवाई की। उपायुक्त के निर्देश पर जिला परिवहन पदाधिकारी उमेश मंडल के नेतृत्व में 13 और 14 मई को शाम 7 बजे से रात 10:30 बजे तक लातेहार थाना क्षेत्र में अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान कुल 98 वाहनों की जांच की गई, जिनमें यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 70 वाहनों का ऑनलाइन चालान काटा गया। इस कार्रवाई में कुल 2 लाख 4 हजार 500 रुपये जुर्माना वसूला गया। वहीं परमिट की शर्तों का उल्लंघन करने वाली एक बस पर भी कार्रवाई की गई। जांच के दौरान भारी वाहनों के कागजातों की गहन जांच की गई तथा सभी चालकों की ब्रेथ एनालाइजर मशीन से ड्रिंक एंड ड्राइव जांच भी की गई। जिला परिवहन पदाधिकारी ने कहा कि शराब पीकर वाहन चलाना जानलेवा साबित हो सकता है। उन्होंने लोगों से यातायात नियमों का पालन करने और सड़क सुरक्षा के प्रति सजग रहने की अपील की।


## समाहरणालय, गढ़वा
(समाज कल्याण शाखा)
### सेविका/सहायिका चयन हेतु प्रेस विज्ञप्ति

गढ़वा जिला अन्तर्गत अवस्थित ऑगनबाड़ी केन्द्रों में सेविका/सहायिका के रिक्त पदों पर चयन हेतु आम सभा की तिथि ऑगनबाड़ीकेन्द्र वार निर्धारित की गई है। इस सूचना के माध्यम से सभी योग्य अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि निम्नविवरण के अनुसार निर्धारित तिथियों को ससमय आम सभा में उपस्थित हो कर चयन कार्य क्रम में भाग लें :–

| क्र0 सं0 | परियोजना का नाम | प्रखण्ड का नाम | ऑगनबाड़ीकेन्द्र का नाम | रिक्त पद | पोषक क्षेत्र का जातिबाहुल्य | आमसभा की तिथि/समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | भवनाथपुर | खरौंधी | भुईयाटोलामझिगॉवा | सहायिका | BC-1 | बुधवार 03.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 2 | भवनाथपुर | केतार | मेरौनी–1 | सहायिका | BC- 1 | गुरूवार 04.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 3 | भवनाथपुर | भवनाथपुर | रक्साटोला | सेविका/सहायिका | ST | शुक्रवार 05.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 4 | भवनाथपुर | भवनाथपुर | घघरा | सेविका/सहायिका | ST | शनिवार 06.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 5 | गढ़वा | गढ़वा | भदुआ | सहायिका | ST | बुधवार 03.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 6 | गढ़वा | गढ़वा | परिहारा–3 | सहायिका | BC- 1 | गुरूवार 04.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 7 | गढ़वा | गढ़वा | फरठिया–2 | सहायिका | BC- 1 | शुक्रवार 05.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 8 | गढ़वा | गढ़वा | जुटी | सहायिका | BC- 2 | शनिवार 06.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 9 | काण्डी | काण्डी | काण्डी–1 | सहायिका | BC-2 | बुधवार 03.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 10 | काण्डी | काण्डी | नरायणपुर | सेविका | BC-2 | गुरूवार 04.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 11 | काण्डी | काण्डी | सोनपुरवा | सेविका | BC- 1 | शुक्रवार 05.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 12 | काण्डी | काण्डी | लमारीकलाहरिजन टोला | सहायिका | SC | शनिवार 06.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 13 | काण्डी | काण्डी | हेमराजी | सहायिका | BC-2 | सोमवार 08.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 14 | धुरकी | धुरकी | टाटीदीरीतेनुआहीटोला | सहायिका | BC- 1 | बुधवार 03.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 15 | मेराल | मेराल | बघेसर | सेविका/सहायिका | ST | बुधवार 03.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 16 | मेराल | मेराल | भुईयाटोलादुलदुलवा | सहायिका | SC | गुरूवार 04.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 17 | मेराल | डंडई | दामर टोला करके | सहायिका | BC- 1 | शुक्रवार 05.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 18 | मेराल | डंडई | चकरी | सहायिका | ST | शनिवार 06.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 19 | मेराल | डंडई | सिकरिया | सेविका | ST | सोमवार 08.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 20 | मेराल | डंडई | मुस्लिमटोलाबैलाझखड़ा | सेविका | BC- 1 | मंलगवार 08.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 21 | रंका | रंका | रंका खूर्द | सेविका | BC- 1 | बुधवार 03.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 22 | रंका | रंका | बेलवादामर | सेविका/सहायिका | BC- 1 | गुरूवार 04.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 23 | रंका | रंका | जोलंगा | सेविका | ST | शुक्रवार 05.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 24 | रंका | रंका | दमारन | सेविका | ST | शनिवार 06.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 25 | रंका | रमकण्डा | बरवाहा | सेविका | ST | सोमवार 08.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 26 | रंका | रमकण्डा | रमकण्डा–3 | सहायिका | BC- 1 | मंलगवार 08.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 27 | रंका | रमकण्डा | उदयपुर–2 | सहायिका | SC | बुधवार 10.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 28 | रंका | रमकण्डा | केरवाकुटी | सेविका | SC | गुरूवार 11.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 29 | रंका | रमकण्डा | सबानेमुण्डाटोला | सेविका/सहायिका | ST | शुक्रवार 12.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 30 | रंका | रमकण्डा | सबानेपरहियाटोला | सेविका | ST | शनिवार 13.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 31 | रंका | चिनियॉ | सिदे | सहायिका | ST | सोमवार 15.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 32 | रंका | चिनियॉ | पुरेगड़ा | सेविका/सहायिका | ST | मंलगवार 16.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 33 | रंका | चिनियॉ | राजबास | सेविका | ST | बुधवार 17.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 34 | रंका | चिनियॉ | रणपुरा | सहायिका | SC | गुरूवार 18.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 35 | रंका | चिनियॉ | मसरीअलीआसमसरा | सेविका | ST | शुक्रवार 19.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 36 | रंका | चिनियॉ | मसरीअलीआसमसरा | सहायिका | ST | शनिवार 20.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 37 | रंका | चिनियॉ | कठौतिया | सेविका | ST | सोमवार 22.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 38 | मझिऑव | मझिऑव | करमडीह | सहायिका | BC1 | बुधवार 03.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 39 | नगरउँटारी | नगरउँटारी | गोसाईबागचेचरिया | सेविका | BC- 1 | बुधवार 03.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 40 | नगरउँटारी | नगरउँटारी | आमरसरईदक्षिण | सेविका | ST | गुरूवार 04.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 41 | नगरउँटारी | नगरउँटारी | पतागड़ा खूर्द | सेविका | BC- 2 | शुक्रवार 05.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 42 | नगरउँटारी | नगरउँटारी | कुशवाहाटोलापतागड़ाकला | सहायिका | BC- 2 | शनिवार 06.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 43 | भण्डरिया | भण्डरिया | बंजारीनौकाटोला | सेविका/सहायिका | ST | बुधवार 03.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 44 | भण्डरिया | भण्डरिया | चपलसी | सेविका | ST | गुरूवार 04.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 45 | भण्डरिया | भण्डरिया | बिजका–1 | सेविका/सहायिका | ST | शुक्रवार 05.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 46 | भण्डरिया | भण्डरिया | पर्रो–1 | सेविका | ST | शनिवार 06.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 47 | भण्डरिया | बड़गड़ | रूद | सेविका/सहायिका | SC | सोमवार 08.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 48 | भण्डरिया | बड़गड़ | तुमेरा | सेविका/सहायिका | SC | मंलगवार 08.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 49 | भण्डरिया | बड़गड़ | चपिया | सेविका/सहायिका | ST | बुधवार 10.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 50 | भण्डरिया | बड़गड़ | खुर्रा | सेविका/सहायिका | ST | गुरूवार 11.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 51 | भण्डरिया | बड़गड़ | चेमों | सेविका/सहायिका | ST | शुक्रवार 12.06.2026 कोपूर्वाह्न 10:00 बजे से |

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,
गढ़वा।

PR 379889 Social Welfare,Women and Child Development(26-27)D


## ईंधन आपूर्ति व्यवस्था पर उपायुक्त सख्त

# कालाबाजारी और कृत्रिम संकट पैदा करने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता**



**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में शुक्रवार को जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त रवि आनंद की अध्यक्षता में जिले के पेट्रोल पंप संचालकों एवं तेल कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ वाहन ईंधन आपूर्ति व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में उपायुक्त ने निर्देश दिया कि आवश्यक सेवाओं से जुड़े वाहनों को प्राथमिकता के आधार पर निर्बाध ईंधन उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि एंबुलेंस, स्वास्थ्य सेवा, पुलिस, खाद्य आपूर्ति, प्रशासनिक कार्य, दूध आपूर्ति एवं समाचार पत्र वितरण से जुड़े वाहनों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए।

उपायुक्त ने पेट्रोल पंप संचालकों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि ईंधन की कृत्रिम कमी, जमाखोरी या कालाबाजारी की शिकायत मिली तो संबंधित लोगों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सभी पेट्रोल पंपों को सुबह 7 बजे से शाम 7 बजे तक नियमित रूप से ईंधन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। कालाबाजारी रोकने के लिए डिब्बा, बोतल और कैन में पेट्रोल-डीजल नहीं देने तथा सभी पेट्रोल पंपों के सीसीटीवी कैमरे चालू रखने के निर्देश भी दिए गए। उपायुक्त ने जिला परिवहन पदाधिकारी को ट्रांसपोर्टरों का औचक निरीक्षण करने को कहा।

बैठक के दौरान प्रतापपुर स्थित एक पेट्रोल पंप में तेल की कथित कालाबाजारी का मामला भी सामने आया, जिस पर उपायुक्त ने जांच कर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया। जिला प्रशासन ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और अनावश्यक ईंधन भंडारण से बचने की अपील की है।

# दृष्टिपात

## 34 महिला लाभुकों को 90 प्रतिशत अनुदान राशि पर बतख चूजा दिया गया



**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित पशु चिकित्सालय के समीप शिविर आयोजित कर बतख विकास योजना के तहत बतख चूज़ा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया.प्रखंड क्षेत्र के बदला, अलौदी,टेंगरिया,इचरी,सीठीयो ग्राम के 34 महिला लाभुकों को 90 प्रतिशत अनुदान पर बतख चूजा दिया गया.वही जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की ने महिला लाभुकों को कहा कि रोजगार से आर्थिक बचत कर समृद्ध बने। झारखंड सरकार बतख विकास योजना के तहत स्व रोजगार अपनाने के लिए बतख,मुर्गी,गाय सहित अन्य चीजें दे रही है.जिसे बतख विकास योजना में 90 प्रतिशत अनुदान है.बतख का पालन कर इसको स्व रोजगार के रुप में अपनायें और आर्थिक लाभ प्राप्त कर समृद्धि की ओर अंगद बढें जिसे आप सभी का संपूर्ण विकास होगा.तो परिवार खुशहाल रहेगा।

## बढ़ी ईंधन की कीमतें, लोहरदगा के पेट्रोल पंपों में वाहन चालकों की लगी लंबी लाइन



**लोहरदगा।** ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव का असर अब भारत में पेट्रोल और डीजल की कीमतों पर भी देखने को मिल रहा है।अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आने के बाद देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में करीब तीन-तीन रुपये की बढ़ोतरी हुई है। इसका असर लोहरदगा में भी साफ नजर आने लगा है। शुक्रवार अपराह्न लगभग 3:00 बजे लोहरदगा के विभिन्न पेट्रोल पंपों में जाकर देखा गया तो तेल भरवाने के लिए लोगों की लंबी कतार लगी हुई थी। दोपहिया और चारपहिया वाहन चालक अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए। बढ़ी हुई कीमतों के बाद बड़ी संख्या में लोग पेट्रोल पंप पहुंचकर तेल भरवाते दिखे।हालांकि जिले में ईंधन का कोई संकट नहीं है और तेल का भंडारण पूरी तरह पर्याप्त बताया जा रहा है। डिपो से लगातार तेल की सप्लाई जारी है तथा आपूर्ति व्यवस्था सामान्य बनी हुई है। पिछले दो दिनों के दौरान जिले के कुछ पेट्रोल पंपों में थोड़े समय के लिए तेल खत्म होने जैसी स्थिति बनी थी, लेकिन कुछ ही देर बाद सप्लाई सामान्य हो गई। इसके बावजूद पेट्रोल पंपों में लोगों की भीड़ बनी रही और वाहन चालक कतार में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए।

## सार्वजनिक परिवहन एवं वर्क फ्रॉम होम व्यवस्था को प्राथमिकता दे सरकार : रामाधार पाठक

**लोहरदगा।** कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता युवा समाजसेवी रामाधार पाठक ने बढ़ती ईंधन कीमतों और संभावित आपूर्ति संकट को लेकर चिंता



व्यक्त करते हुए कहा है कि यदि पेट्रोल-डीजल की उपलब्धता प्रभावित हो रही है, तो सरकार को केवल बचत की अपील करने के बजाय व्यवहारिक और जनहितकारी विकल्प भी उपलब्ध कराने चाहिए। ऐसी स्थिति में कुछ समय के लिए सरकारी बसों का किराया न्यूनतम अथवा निशुल्क किया जाना चाहिए, ताकि अधिक से अधिक लोग निजी वाहनों के बजाय सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करें। इससे ईंधन की खपत में कमी आएगी, ट्रैफिक दबाव घटेगा तथा आम नागरिकों को महंगाई से राहत मिलेगी। जिन विभागों, निजी संस्थानों एवं कंपनियों में कार्य की प्रकृति संभव हो, वहां "वर्क फ्रॉम होम" व्यवस्था को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। इससे प्रतिदिन लाखों वाहनों की आवाजाही कम होगी, ईंधन की बचत होगी तथा कर्मचारियों का समय और खर्च दोनों कम होंगे। आईटी, बैंकिंग, निजी कार्यालयों और ऑनलाइन सेवाओं से जुड़े क्षेत्रों में यह व्यवस्था विशेष रूप से प्रभावी साबित हो सकती है। रामाधार पाठक ने कहा कि सरकार को ई-बसों, साझा परिवहन व्यवस्था

## वज्रपात से किशोरी घायल

**भंडरा।** गरज के साथ शुक्रवार को दोपहर बाद करीब तीन बजे हुई बारिश के बीच वज्रपात से भंडरा के खवास खिजरी गांव निवासी काली उरांव की बेटी 16 वर्षीय वर्षा कुमारी घायल हो गई। उसे गंभीरावस्था में भंडरा सामुदायिक स्वस्थ्य केन्द्र लाया गया प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज हेतू सदर अस्पताल लोहरदगा रेफर किया गया। मिली जानकारी के मुताबिक वर्षा कुमारी घर के समीप खेत में प्याज उखाड़ कर रखा हुआ था। बारिश के मध्य ही वह प्याज को लाने खेत की ओर गई थी। इसी क्रम में वह वज्रपात के चपेट में आ गई।

## कैरो में आंधी-तूफान से कई जगहों पर गिरे पेड़, क्षतिपूर्ति का आश्वासन



**कैरो / लोहरदगा।** कैरो प्रखण्ड क्षेत्र में दोपहर बाद आई तेज आंधी और तूफान से कई जगहों पर बड़े-बड़े पेड़ गिरा। साथ ही फसल का भी हुई नुकसान, किसान परेशान। शुक्रवार को दोपहर बाद आई तेज आंधी तूफान से प्रखंड मुख्यालय ग्राम के बिराजपुर जामुंटोली में किशुन उरांव और बीरेंद्र उरांव के घर मे गिरा विशाल इमली का पेड़ गिर गया। पेड़ गिरने से घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया साथ ही घर मे रखा चावल,आटा, बर्तन, फर्नीचर अहित काफी समान बर्बाद हो गया। घर पर पेड़ किरने की सूचना मिलते ही कैरो मुखिया बीरेंद्र महली व प्रखण्ड विकास पदाधिकारी छंदा भट्टाचार्य मौके पर पहुँच कर भुक्तभोगी को रहने के लिए स्कूल का एक कमरा मुहैया कराया एवं सरकारी प्रावधान के तहत क्षतिपूर्ति दिलाने का आश्वासन दिया।

## स्थापना दिवस को लेकर खेल प्रतियोगिता का होगा आयोजन

**लोहरदगा।** लोहरदगा जिला के स्थापना दिवस समारोह (17 मई) को लेकर खेल की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। 16 मई 2026 को बीएस कॉलेज स्टेडियम में क्रिकेट, फुटबॉल, कुश्ती व बैडमिंटन की प्रतियोगिता आयोजन किया जाएगा। 17 मई 2026 को भी फुटबॉल व रस्सा-कस्सी का आयोजन किया जाएगा। रन फ़ॉर लोहरदगा का आयोजन 17 मई को सुबह 6 बजे से किया जाएगा जिसकी शुरुआत नया समाहरणालय से होगी।

### आलमगीर आलम के स्वागत पर भड़के अनिल उरांव, कांग्रेस नेताओं को घेरा, कहा-

# जेल से बाहर आते ही स्वागत समारोह करने से कांग्रेस की नैतिकता बेनकाब

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** झारखंड के पूर्व मंत्री आलमगीर आलम को सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम जमानत मिलने के बाद कांग्रेस नेताओं द्वारा किए जा रहे स्वागत और जश्न पर लोहरदगा नगर परिषद के चेयरमैन अनिल उरांव ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कांग्रेस नेताओं पर हमला बोलते हुए कहा कि भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग जैसे गंभीर आरोपों में जेल जा चुके व्यक्ति के बाहर आने पर फूल-माला, बुके और स्वागत समारोह करना राजनीतिक बेशर्मी की पराकाष्ठा है। प्रेस बयान जारी करते हुए अनिल उरांव ने कहा कि कांग्रेस नेताओं को यह समझना चाहिए कि यह कोई अंतिम फैसला नहीं है, बल्कि उम्र और स्वास्थ्य के आधार पर मिली अंतरिम राहत है। उन्होंने कहा कि इसे निर्दोष साबित होना बताकर जनता को भ्रमित करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि टेंडर कमीशन घोटाले और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जेल में बंद रहे आलमगीर आलम को जैसे ही जमानत मिली, कांग्रेस नेताओं में उन्हें लेकर होड़ मच गई। कोई बुके लेकर पहुंचा तो कोई फूल-माला पहनाकर स्वागत करने लगा। अनिल उरांव ने आरोप लगाया कि कांग्रेस के कई बड़े नेता भ्रष्टाचार के खिलाफ नैतिकता की बात करने के बजाय ऐसे मामलों में भी राजनीतिक प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने खास तौर पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के राजू, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत, पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहु, कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुखैर भगत सहित कांग्रेस नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा कि जनता यह सब देख रही है।अनिल उरांव ने कहा कि आज कांग्रेस के नेता भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों का सामना कर रहे व्यक्ति के स्वागत में फूल-माला लेकर खड़े हैं।इससे साफ पता चलता है कि कांग्रेस की प्राथमिकता जनता नहीं, बल्कि अपने नेताओं को बचाना है। उन्होंने कहा कि अगर किसी पर इतने गंभीर आरोप लगे हों और वह जेल से बाहर आए, तो संवेदनशील राजनीतिक दल आत्ममंथन करते हैं, लेकिन यहां जश्न मनाया जा रहा है। यह झारखंड की जनता और युवाओं के सामने गलत उदाहरण पेश करता है। अनिल उरांव ने आगे कहा कि कांग्रेस नेताओं को यह नहीं भूलना चाहिए कि अदालत में मामला अभी विचाराधीन है और अंतिम फैसला आना बाकी है। ऐसे में स्वागत समारोह और राजनीतिक बयानबाजी न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावित करने जैसा संदेश देती है। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता भ्रष्टाचार पर जवाब चाहती है, लेकिन कांग्रेस के नेता इसे भी उत्सव में बदलने में लगे हैं।

## हर नागरिक संकल्प ले कि अनावश्यक सोना नहीं खरीदेंगे : भैरव सिंह




नवीन मेल संवाददाता

**भंडरा ।** विश्व हिंदू परिषद के वरिष्ठ नेता एवं 'हिंदू हृदय सम्राट' के नाम से लोकप्रिय भैरव सिंह गुरुवार को भंडरा की पावन धरती पर पहुंचे। ठाकुर परिसर में चल रहे सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के भव्य समापन समारोह में उन्होंने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कथा पंडाल में पहुंचते ही "जय श्रीराम और भैरव सिंह जिंदाबाद" के गगनभेदी नारों से उनका स्वागत हुआ। कथा की पूर्णाहुति के बाद अपने ओजस्वी संबोधन में भैरव सिंह ने देश की आर्थिक मजबूती पर जोर दिया। उन्होंने कहा आज देश को सोने की चमक से ज्यादा आत्मनिर्भरता की जरूरत है। हमारा पैसा अरब देशों को पेट्रोल के रूप में और विदेशों को सोने के रूप में जा रहा है। हर नागरिक संकल्प ले कि अनावश्यक सोना नहीं खरीदेंगे। पेट्रोल-डीजल की खपत आधी करें। छोटे कामों के लिए पैदल चलें, साइकिल चलाएं। यही सच्ची देशभक्ति और ठाकुर जी की सच्ची सेवा है। उन्होंने युवाओं से नशा और पश्चिमी संस्कृति छोड़कर भारतीय संस्कार अपनाने की अपील की। कहा कि भागवत कथा जैसे आयोजन समाज को सही दिशा देते हैं। समापन के दिन सुबह से ही कथा स्थल पर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। हवन-पूजन और महाआरती के बाद व्यासपीठ की परिक्रमा कर लोगों ने आशीर्वाद लिया।

## 30 को लोहरदगा में होगा छोटानागपुर बॉक्साइड एंड कोल वर्कर्स यूनियन का महाधिवेशन

**लोहरदगा।** जिला के किस्को मध्य विद्यालय मैदान में आगामी 30 मई को छोटानागपुर बॉक्साइड एंड कोल वर्कर्स यूनियन का भव्य महाधिवेशन आयोजित किया जाएगा। इस विशाल आयोजन को लेकर पूरे क्षेत्र में मजदूरों एवं यूनियन कार्यकर्ताओं के बीच भारी उत्साह का माहौल है। यूनियन पदाधिकारियों के अनुसार महाधिवेशन में राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से लाखों मजदूरों की भागीदारी होने की संभावना है, जिससे यह कार्यक्रम श्रमिक एकता का ऐतिहासिक उदाहरण बनेगा। महाधिवेशन का आयोजन यूनियन के पूर्व सांसद सह महासचिव धीरज प्रसाद साहू के नेतृत्व में किया जा रहा है। कार्यक्रम में बॉक्साइड एवं कोल क्षेत्रों से जुड़े मजदूरों की समस्याओं, रोजगार सुरक्षा, श्रमिक अधिकार, सामाजिक सुरक्षा एवं क्षेत्रीय विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही मजदूर हितों को लेकर संगठन की आगामी रणनीति भी तय की जाएगी। धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि मजदूरों की मेहनत से ही उद्योग और देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होती है। उन्होंने कहा कि श्रमिकों के अधिकार, सम्मान और भविष्य की सुरक्षा के लिए यूनियन हमेशा संघर्षरत रही है और आगे भी मजबूती के साथ लड़ाई जारी रखेगी। उन्होंने कहा कि 30 मई का यह महाधिवेशन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि मजदूरों की एकता, संघर्ष और स्वाभिमान का महापर्व होगा। उन्होंने सभी मजदूर भाइयों एवं युवाओं से बड़ी संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने की अपील की। यूनियन के अध्यक्ष निशीथ जायसवाल ने कहा कि किस्को की धरती पर होने वाला यह महाधिवेशन मजदूर आंदोलन को नई ऊर्जा प्रदान करेगा।

## सेन्हा में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत अंतर्गत तोड़ार ग्राम में झालसा राँची के निर्देशानुसार डालसा अध्यक्ष सह प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश राजकमल मिश्रा एवं सचिव मनोरंजन कुमार के निर्देश पर 90 दिवसीय जागरूकता शिविर के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से शिविर आयोजित कर जागरूकता अभियान चलाया गया.उसी निमित पीएलवी प्रियांशु यादव और पुनु देवी के द्वारा तोड़ार ग्राम में छात्र छात्राओं और ग्रामीणों को शिक्षा,बाल विवाह,नशाखोरी जैसे बुराइयों से दूर रहने के बारे में बताते हुए स्वास्थ्य,पोषण व सामाजिक सुरक्षा के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई.वही किसी भी समस्याओं का समाधान के लिये हेल्पलाइन नम्बर 1098,100 और 112 क बारे में भी बताया गया।

### उपायुक्त ने सुनीं जनता की समस्याएं

# बाइपास मुआवजे और दाखिल-खारिज के निपटारे का दिया निर्देश

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** जिला समाहरणालय स्थित अपने कक्ष में शुक्रवार को उपायुक्त संदीप कुमार मीना ने 'जनता मिलन' कार्यक्रम के तहत आमजनों की समस्याओं को सुना। इस दौरान उन्होंने प्राप्त शिकायतों के त्वरित निष्पादन के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। जनता मिलन में मुख्य रूप से लोहरदगा बाईपास पथ के निर्माण हेतु अधिग्रहित भूमि के रैयतों को अवार्ड मनी (मुआवजा) के भुगतान का मामला प्रमुखता से उठा। इसके अलावा, जमीन से जुड़े उत्तराधिकार दाखिल-खारिज और म्युटेशन के लंबित मामलों पर भी उपायुक्त ने अधिकारियों को जल्द कार्रवाई करने को कहा। कार्यक्रम में पहुंचे ग्रामीणों ने राशन कार्ड में त्रुटियों के सुधार और विद्यालयों में नामांकन से संबंधित बाधाओं को भी उपायुक्त के समक्ष रखा।

उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना सुनिश्चित किया जाए।प्रशासन द्वारा जानकारी दी गई कि आम नागरिक अपनी समस्याओं को लेकर प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को दोपहर 1:00 बजे उपायुक्त से मिल सकते हैं। इस अवसर पर अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, उप विकास आयुक्त (प्रभारी) सुषमा नीलम सोरेंग सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।


पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा।

आवश्यक सूचना।

(लापता रिमक्षिम कुमारी, उम्र–करीब 24 वर्ष)



डंडई थाना सनहा सं0–08/26 दिनांक–10.05.2026 में लापता रिमक्षिम कुमारी, उम्र करीब–24 वर्ष, पति–नीतीश कुमार, सा0–जरही, थाना–डंडई, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड के रहने वाली हैं। थाना से प्राप्त आवेदन में उल्लेख किया गया है कि रिमक्षिम कुमारी दिनांक–09.05.2026 को घर से बिना किसी को बताये कहीं चली गई है तथा अबतक घर वापस नहीं आई है। उक्त लापता महिला का काफी खोजबीन किया गया, परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त लापता महिला कहीं दिखे या इनके कहीं होने के बारे में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

लापता का विवरण/हुलिया :–
नाम–रिमक्षिम कुमारी, लम्बाई–05 फीट, रंग–गोरा,
पहनावा–पीला रंग का साड़ी एवं सैंडल।

PR 379958 Police (26-27)D — वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची।


## ई-फार्मेसी के विरोध में 20 मई को बंद रहेंगी दवा दुकानें : पवन गौतम

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** देशभर में तेजी से बढ़ रही ऑनलाइन फार्मेसी और अवैध ई-फार्मेसी गतिविधियों के विरोध



में ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स द्वारा 20 मई को राष्ट्रव्यापी बंद का आह्वान किया गया है, इस बंद को लेकर लोहरदगा जिले के दवा व्यवसायियों ने भी समर्थन की घोषणा की है। जिला सचिव पवन गौतम ने प्रेस बयान जारी कर कहा है कि ऑनलाइन फार्मेसी के अनियंत्रित विस्तार से दवा व्यवसाय के साथ-साथ आम लोगों के स्वास्थ्य पर भी गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है, उन्होंने कहा कि देशभर के करीब 12.40 लाख केमिस्ट एवं दवा विक्रेता इस एक दिवसीय बंद में शामिल होंगे। लोहरदगा जिले की दवा दुकानें भी 20 मई को बंद रहेंगी। उन्होंने कहा कि ई-फार्मेसी कंपनियां नियमों की अनदेखी करते हुए बिना पर्याप्त निगरानी के दवाओं की बिक्री कर रही हैं, जिससे मरीजों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। पवन गौतम ने कहा कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर डॉक्टर की पर्ची वाली दवाओं की खुले तौर पर बिक्री की जा रही है. इससे नशीली और आदत बनाने वाली दवाओं के दुरुपयोग की आशंका बढ़ गई है। बड़े कॉरपोरेट संस्थान 'डीप डिस्काउंटिंग' के जरिए बाजार का संतुलन बिगाड़ रहे हैं। आवश्यक दवाओं की कीमतें सरकार द्वारा राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण और ड्रग प्राइस कंट्रोल ऑर्डर के तहत नियंत्रित की जाती हैं, इसके बावजूद कुछ कंपनियां अनुचित प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा दे रही हैं. इससे छोटे दुकानदार आर्थिक रूप से कमजोर हो रहे हैं। जिला सचिव ने केंद्र सरकार से कोविड-19 महामारी के दौरान जारी अधिसूचना जीएसआर 220को तत्काल प्रभाव से वापस लेने की मांग की है. साथ ही ई-फार्मेसी से संबंधित अधिसूचना जीएसआर 817(ई) को भी निरस्त करने की मांग की गई है। यह आंदोलन केवल दवा व्यवसायियों के हित के लिए नहीं, बल्कि आम जनता के स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए भी जरूरी है। दवा दुकानदारों ने सरकार से मांग की है कि ई-फार्मेसी के संचालन को लेकर सख्त नियम बनाए जाएं और अवैध रूप से चल रही ऑनलाइन दवा बिक्री पर रोक लगाई जाए।

## विहिप व बजरंग दल की बैठक संपन्न

**लोहरदगा।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) एवं बजरंग दल जिला इकाई की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को वनवासी कल्याण केंद्र के प्रांगण में आयोजित की गई। जिला अध्यक्ष रितेश कुमार साहू की अध्यक्षता में संपन्न हुई इस बैठक में आगामी प्रशिक्षण शिविरों और संगठनात्मक कार्यक्रमों की सफलता को लेकर विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई।

बैठक में आगामी माह में होने वाले विभिन्न प्रशिक्षण वर्गों पर चर्चा की गई। इसमें मुख्य रूप से दुर्गावाहिनी प्रशिक्षण 21 से 28 मई तक चतरा में आयोजित होगी जबकि बजरंग दल व विहिप वर्ग 01 जून से 10 जून तक सिनीडीह में आयोजित होगी।


कार्यालयः- जिला अभियंता, लातेहार।

पुर्न अल्पकालीन ई–निविदा आंमत्रण सूचना

ई0–संख्या– ZP/LATEHAR- 35/2025-26 (3rd call)

कार्य का नामः–

| क्र | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिला परिषद कार्यालय भवन का निर्माण। | 8,08,12,524 | 16,16,300 | 10,000 | 18 माह | तृतीय सूचना |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः– 16.05.2026
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः–23.05.2026, 5.00 बजे अपराहन् तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः–25.05.2026 अपराहन 11:00 बजे।
4. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार परिमाण विपत्र का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
5. निविदा शुल्क की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार किया जाएगा।
6. अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जाएगा उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– जिला अभियंता, लातेहार।
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या– 93347–02381
9. प्राक्कलित राशि बढ़ या घट सकती है।
10. उक्त निविदा में जिला परिषद, लातेहार में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक निविदा में भाग ले सकते है।
11. विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtendres.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता, लातेहार।

PR 379948 (Rural Development) 26-27 (D)



झारखण्ड सरकार श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग

जिला नियोजनालय, चतरा।

एक दिवसीय भर्त्ती–कैम्प, दिनांक – 18.05.2026

सूचना

जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेन्टर, चतरा कार्यालय द्वारा दिनांक– 18.05.2026 को जिला नियोजनालय चतरा के कार्यालय परिसर में पूर्वाहन् 10:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक निम्नांकित Company द्वारा निम्नवत पद हेतु एक दिवसीय भर्त्ती कैम्प का आयोजन किया जा रहा है जिसका विवरण निम्नलिखित है।

| stall No. | Name & Address of the Employer | Name of the Post | No. of Post | Qualification | Age Yrs | Exp. | Job location | Pay/Salary | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Hitech Group Of Company | Store Manager | 62 | PG | 18-40 | No | Bihar/ Jharkhand | 16,000 to 19,500/- | — |
| | | Data Entry Operator | 24 | CCC/ADCA | 18-40 | No | | 18,000 to 24,000/- | — |
| | | Back office | 46 | 12th ,PG | 18-40 | No | | 14,500 to 16,000/- | — |
| | | Asst manager | 56 | 12th, ITI | 18-40 | No | | 15,800 to 24,000/- | — |
| 02 | Svatantra Micro Fin PVT LTD | SFO | 60 | 10th & Above | 18-30 | 0-1 & Fresher | Chatra, Barkagaon, Itkhori, Bagodar, Bagra, Jhumri Tilaya All Jharkhand | 15,000/- CTC | Only For Male |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है, वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा https://jharniyojan.jharkhand.gov.in/पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्त्ती कैम्प में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छायाप्रति तथा बायोडाटा (02 कॉपी), दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते है। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है, उन्हें पुनः निबंधन करवाने की आवश्यकता नहीं है। चूँकि रिक्ति निजी क्षेत्र से संबंधित है, अतएव चयन की प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार से हस्तक्षेप नहीं होगा। अतः इच्छुक उम्मीदवार अपना निबंधन एवं चयन हेतु निवास प्रमाण पत्र अपने साथ अवश्य लाएं।

नोटः– 1.किसी भी प्रकार का मार्ग व्यय देय नहीं होगा।
2.यह कार्य निःशुल्क है। किसी भी प्रकार का लेन–देन अपराध है।

PR 379957 Labour Employment and Traning(26-27)D

जिला नियोजन पदाधिकारी जिला नियोजनालय, चतरा।

## दृष्टिपात

### जनगणना कर्मियों के बीच सेंसस किट का वितरण

**चैनपुर (गुमला)।** प्रखंड परिसर स्थित शहीद नयमन कुजूर अनुमंडल पुस्तकालय में शुक्रवार को जनगणना कार्य की तैयारियों को लेकर बैठक सह सामग्री वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान प्रगणकों और पर्यवेक्षकों के बीच सेंसस किट का वितरण किया गया। अधिकारियों ने कर्मियों को जनगणना कार्य के दौरान पारदर्शिता और शुद्धता बनाए रखने का निर्देश दिया। उन्हें डेटा संग्रहण, प्रपत्र भरने और तकनीकी प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई, ताकि कोई भी परिवार या व्यक्ति छूटने न पाए। कार्यक्रम में करीब 140 सेंसस किट वितरित किए गए। सहायक चार्ज ऑफिसर समीर कुजूर एवं अन्य अधिकारियों ने सभी कर्मियों को समयबद्ध और जिम्मेदारीपूर्वक कार्य पूरा करने का निर्देश दिया।

### गुमला पुस्तक मेला 2026 का शुभारंभ

**गुमला।** टाउन हॉल में शुक्रवार को चार दिवसीय "गुमला पुस्तक मेला 2026" का भव्य शुभारंभ हुआ। उपायुक्त दिलेश्वर महतो ने दीप प्रज्ज्वलित कर मेले का उद्घाटन किया और पुस्तकों के महत्व पर प्रकाश डाला। यह पुस्तक मेला 15 से 18 मई तक प्रतिदिन सुबह 11 बजे से रात 9 बजे तक आम लोगों के लिए खुला रहेगा। आयोजन समय इंडिया ट्रस्ट द्वारा प्रज्ञा रिसर्च एसोसिएशन और जिला प्रशासन के सहयोग से किया जा रहा है। उद्घाटन समारोह में उपायुक्त ने कहा कि इंटरनेट के दौर में भी पुस्तकों का महत्व कम नहीं हुआ है। पुस्तकें व्यक्ति के चिंतन, विश्लेषण और व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने युवाओं और विद्यार्थियों से मेले में पहुंचकर विभिन्न विषयों की पुस्तकों का अध्ययन करने की अपील की। मेले के दौरान 16 मई को चित्रकला, कविता एवं कहानी वाचन, गायन-नृत्य प्रतियोगिता, 17 मई को कवि सम्मेलन तथा 18 मई को समापन समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में जिला योजना पदाधिकारी रमण कुमार, विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि, शिक्षक, विद्यार्थी, साहित्यकार और बड़ी संख्या में पुस्तक प्रेमी उपस्थित थे।

### प्रगणकों को बांटी गई किट और पहचान पत्र

**गुमला।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण 'मकान सूचीकरण' को लेकर नगर परिषद गुमला में शुक्रवार को प्रगणकों और पर्यवेक्षकों के बीच किट एवं पहचान पत्र का वितरण किया गया। कार्यपालक पदाधिकारी सह चार्ज पदाधिकारी मनीष कुमार ने कहा कि जनगणना भविष्य की विकास योजनाओं की आधारशिला है। उन्होंने नगरवासियों से अपील की कि घर-घर पहुंचने वाले प्रगणकों को सही जानकारी देकर सहयोग करें। बैठक में सहायक चार्ज पदाधिकारी बृजेश कुमार, मास्टर ट्रेनर हरेंद्र कुमार सहित जनगणना कोषांग के सदस्य उपस्थित रहे। अधिकारियों ने प्रगणकों को फॉर्म भरने, डेटा संग्रहण और सावधानियों की विस्तृत जानकारी दी। प्रशासन ने कहा कि सटीक आंकड़े ही जनहित योजनाओं और संसाधनों के सही आवंटन में सहायक होंगे।

### बरसात से पहले शुद्ध पेयजल पर जोर

**भरनो (गुमला)।** प्रखंड कार्यालय सभागार में शुक्रवार को पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की ओर से जल सहियाओं के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य बरसात से पहले ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध और सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करना था। प्रशिक्षण के दौरान जल सहियाओं को पानी की गुणवत्ता जांचने की प्रक्रिया, दूषित पानी को शुद्ध करने के तरीके और जलजनित बीमारियों से बचाव की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने कहा कि बरसात के मौसम में जल स्रोतों के दूषित होने की संभावना बढ़ जाती है, इसलिए नियमित जांच बेहद जरूरी है। कार्यक्रम में गर्मी के कारण उत्पन्न पेयजल संकट पर भी चर्चा की गई। कई गांवों में जलस्तर नीचे जाने और जलस्रोत सूखने की स्थिति पर चिंता जताई गई। अधिकारियों ने खराब पड़े चापानलों और जलमीनारों को चिन्हित कर विभाग को तत्काल सूचना देने का निर्देश दिया, ताकि समय रहते मरम्मत कर जलापूर्ति बहाल की जा सके। प्रशिक्षण में जल संरक्षण, स्वच्छता और गांवों में सुरक्षित पेयजल आपूर्ति बनाए रखने को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कार्यक्रम में प्रखंड कोऑर्डिनेटर रूपधारी साहू, सोनू कुमार, सरोज देवी समेत बड़ी संख्या में जल सहियाएं उपस्थित थीं।

### गुमला पहुंचा 'पारंपरिक उलगुलान' अभियान

**गुमला।** खूंटी जिले से शुरू हुआ "पारंपरिक उलगुलान" अभियान अब गुमला जिले तक पहुंच गया है। शुक्रवार को जिले के पारंपरिक आदिवासी अगुआओं ने उपायुक्त दिलेश्वर महतो को ज्ञापन सौंपकर ग्रामसभा, पारंपरिक व्यवस्था और सांस्कृतिक संरक्षण से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाया। ज्ञापन में कहा गया कि आदिवासी समाज की पारंपरिक संस्थाएं—जैसे पड़हा और डोकलो सोहर—सामाजिक और धार्मिक दोनों जिम्मेदारियों का निर्वहन करती हैं। ऐसे में इन पदों पर धर्मांतरित आदिवासियों की नियुक्ति नहीं की जानी चाहिए, क्योंकि इससे पारंपरिक धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक व्यवस्था प्रभावित होती है। प्रतिनिधियों ने इस संबंध में सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय का भी हवाला दिया। अगुआओं ने बिना ग्रामसभा की अनुमति के "चांगई सभा" आयोजित नहीं किए जाने की मांग भी रखी। इसके अलावा नई पेसा नियमावली में ग्रामसभा पर अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष जैसे गैर-पारंपरिक पद थोपे जाने का विरोध करते हुए कहा गया कि पांचवीं अनुसूची क्षेत्रों में ग्रामसभा की संरचना पारंपरिक व्यवस्था के अनुरूप ही होनी चाहिए। इस अभियान में मुंडा, खड़िया, उरांव और संथाल समाज के पारंपरिक अगुआ शामिल हैं। अभियान का नेतृत्व रूढ़िजन्य जनजाति समन्वय समिति कर रही है। समिति की संरक्षक निशा उरांव, अध्यक्ष महादेव मुंडा तथा सदस्य सचिव पूर्णा मुंडा हैं। अभियान से जुड़े प्रतिनिधियों ने कहा कि "पारंपरिक उलगुलान" आदिवासी मूल आस्था, संस्कृति और ग्रामसभा की स्वायत्तता की रक्षा के उद्देश्य से चलाया जा रहा है, जिसे अब गुमला जिले में भी व्यापक समर्थन मिल रहा है।

# आंजन धाम टोल प्लाजा पर स्थानीय वाहनों को छूट देने की मांग को लेकर प्रदर्शन

- **सिसई में टोल प्लाजा पर तीन घंटे तक हंगामा, व्यापारियों और ग्रामीणों ने जताया विरोध**

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिसई (गुमला)।** सिसई प्रखंड के नागफेनी स्थित आंजन धाम टोल प्लाजा पर स्थानीय निजी वाहनों से कथित मनमाने ढंग से शुल्क वसूली के विरोध में शुक्रवार को व्यापारियों और ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। गुमला चेंबर ऑफ कॉमर्स के बैनर तले आयोजित प्रदर्शन में बड़ी संख्या में व्यापारी, महिलाएं और स्थानीय नागरिक शामिल हुए।

प्रदर्शनकारियों का कहना था कि नियम के अनुसार टोल प्लाजा से 20 किलोमीटर के दायरे में आने वाले स्थानीय निजी वाहनों को शुल्क में छूट मिलनी चाहिए, लेकिन टोल संचालन कर रही कंपनी यूवीए इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड द्वारा इसका पालन नहीं किया जा रहा है। लोगों ने आरोप लगाया कि इस संबंध में पहले भी दो बार लिखित और एक बार मौखिक रूप से शिकायत की गई, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला।

विरोध प्रदर्शन के दौरान टोल प्लाजा के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और करीब तीन घंटे तक आवागमन प्रभावित रहा। इस दौरान प्रदर्शनकारियों और टोल एजेंसी के अधिकारियों के बीच तीखी बहस भी हुई। मौके पर पहुंचे प्रशासनिक अधिकारियों ने स्थिति को संभाला। वार्ता में अंचल अधिकारी अशोक बड़ाईक, थाना प्रभारी नीरज कुमार, चेंबर के पदाधिकारी और स्थानीय प्रतिनिधि शामिल हुए। अंततः टोल एजेंसी ने दो दिनों के भीतर वरिष्ठ अधिकारियों से वार्ता कर स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करने का लिखित आश्वासन दिया, जिसके बाद आंदोलन स्थगित किया गया।

प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि तय समय सीमा के भीतर स्थानीय वाहनों को छूट नहीं दी गई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

### प्रेमनगर की विवादित जमीन पर आरटीआई का सहारा

**चैनपुर (गुमला)।** चैनपुर अंचल क्षेत्र के प्रेमनगर स्थित एक विवादित भूमि को लेकर मामला अब सूचना के अधिकार अधिनियम (आरटीआई) तक पहुंच गया है। प्रेमनगर निवासी ललित मिंज ने अंचल लोक सूचना पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी, चैनपुर को आवेदन देकर संबंधित भूमि की पूरी जानकारी साक्ष्य सहित उपलब्ध कराने की मांग की है। आवेदन में मौजा प्रेमनगर, थाना संख्या 114, खाता संख्या 180 और प्लॉट संख्या 2740 से संबंधित पंजी-दो की विवरणी मांगी गई है। आवेदक ने पूछा है कि उक्त भूमि वर्तमान में किसके नाम दर्ज है और इसका आधार क्या है। इसके अलावा आवेदन में यह भी जानकारी मांगी गई है कि क्या उक्त भूमि की बंदोबस्ती किसी व्यक्ति विशेष के नाम की गई है। यदि ऐसा है तो उसकी पूरी विवरणी उपलब्ध कराई जाए। साथ ही जमीन की प्रकृति स्पष्ट करने की मांग की गई है कि वह रैयती भूमि है या गैर मजरुआ खाते की जमीन। आवेदक ने सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 8 और 9 का हवाला देते हुए कहा है कि मांगी गई जानकारी सार्वजनिक श्रेणी में आती है, इसलिए इसे उपलब्ध कराया जाना चाहिए।

## दो करोड़ का शेड दो महीने में क्षतिग्रस्त टांगीनाथ धाम में निर्माण गुणवत्ता पर सवाल

- **हल्की बारिश और हवा में उखड़ी चादरें, ग्रामीणों ने निर्माण में भ्रष्टाचार का लगाया आरोप**

**नवीन मेल संवाददाता**

**डुमरी।** धार्मिक पर्यटन स्थल टांगीनाथ धाम में लगभग दो करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया पैदल यात्री शेड महज दो महीने में क्षतिग्रस्त हो गया है। घटना के बाद निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। ग्रामीणों ने निर्माण में अनियमितता और भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। ग्रामीणों के अनुसार मार्च 2026 में शेड निर्माण कार्य पूरा हुआ था, लेकिन शुरुआती दिनों से ही इसकी चादरें उखड़ने लगी थीं। हाल ही में हुई हल्की बारिश और तेज हवा के दौरान एक सूखे पेड़ की बड़ी डाल गिरने से शेड का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद पैदल श्रद्धालुओं के आवागमन में परेशानी उत्पन्न हो गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि निर्माण कार्य गुणवत्ता मानकों के अनुरूप किया गया होता तो इतनी जल्दी ढांचा क्षतिग्रस्त नहीं होता। ग्रामीणों ने प्रशासन से पूरे निर्माण कार्य की तकनीकी जांच कराने, दोषी संवेदक और संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई करने तथा श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए क्षतिग्रस्त हिस्से की तत्काल मरम्मत कराने की मांग की है।

## डरें नहीं, पुलिस को अपना दोस्त समझें : एसडीपीओ

- **छात्राओं को कानून, साइबर अपराध और सुरक्षा के प्रति किया जागरुक, कहा- चुप्पी नहीं, शिकायत ही बचाव का सबसे बड़ा हथियार**

**नवीन मेल संवाददाता**



**चैनपुर (गुमला)।** चैनपुर अनुमंडल क्षेत्र के झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय, जारी में शुक्रवार को छात्राओं के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व चैनपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्रुति ने किया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को सुरक्षा, कानून, साइबर अपराध और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक एवं आत्मविश्वासी बनाना था।

कार्यक्रम में एसडीपीओ श्रुति ने छात्राओं से संवाद करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, डर, धमकी या गलत व्यवहार को कभी छिपाना नहीं चाहिए। उन्होंने कहा कि कई बार बच्चियां भय या सामाजिक दबाव के कारण शिकायत नहीं करतीं, जिससे अपराधियों का मनोबल बढ़ता है। उन्होंने छात्राओं से खुलकर बात करने और जरूरत पड़ने पर तुरंत पुलिस से संपर्क करने की अपील की। उन्होंने सरल भाषा में छात्राओं को बच्चों के खिलाफ होने वाले यौन अपराधों से जुड़े कानूनों, साइबर अपराध, सोशल मीडिया पर होने वाली ठगी और अनजान लोगों के प्रलोभन से बचने के उपायों की जानकारी दी। साथ ही आपातकालीन सेवा डायल-112 के उपयोग और संकट की स्थिति में पुलिस सहायता लेने की प्रक्रिया भी समझाई।

एसडीपीओ ने कहा, "बेटियों की सुरक्षा पुलिस की प्राथमिकता है। डरना नहीं है, बल्कि जागरूक होकर अपनी सुरक्षा खुद सुनिश्चित करनी है। किसी भी गलत घटना पर चुप रहना समस्या को और बढ़ाता है। पुलिस को अपना दोस्त समझें और तुरंत जानकारी दें।"

उन्होंने छात्राओं को इंटरनेट और सोशल मीडिया के इस्तेमाल में सतर्क रहने की सलाह देते हुए कहा कि निजी जानकारी, फोटो या पासवर्ड किसी अनजान व्यक्ति के साथ साझा नहीं करें। ऑनलाइन फ्रॉड और साइबर बुलिंग के मामलों में तुरंत शिकायत दर्ज कराने को कहा गया।

पुलिस प्रशासन की ओर से बताया गया कि जिले के विभिन्न विद्यालयों में इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम लगातार चलाए जा रहे हैं, ताकि बच्चियों को मानसिक, सामाजिक और कानूनी रूप से मजबूत बनाया जा सके। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण और बड़ी संख्या में छात्राएं मौजूद रहीं।

### पालकोट में वाहन जांच अभियान पर उठे सवाल

**पालकोट (गुमला)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित फॉरेस्ट ऑफिस के समीप इन दिनों प्रशासन द्वारा सघन वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों के कागजातों की जांच, हेलमेट की अनिवार्यता तथा काली फिल्म लगे वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। थाना प्रभारी तरुण कुमार ने बताया कि सड़क सुरक्षा नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने लोगों से हेलमेट पहनने, वैध दस्तावेज साथ रखने तथा यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। हालांकि, जांच अभियान के बीच स्थानीय लोगों ने व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। पालकोट निवासी प्रदीप बड़ाइक सहित कई नागरिकों का कहना है कि सड़क पर तो वाहन चालकों की सख्ती से जांच हो रही है, लेकिन पेट्रोल पंपों पर "नो हेलमेट–नो पेट्रोल" नियम का पालन नहीं कराया जा रहा है। लोगों का कहना है कि यदि पेट्रोल पंपों पर बिना हेलमेट पेट्रोल देना पूरी तरह बंद कर दिया जाए, तो स्वतः लोग हेलमेट पहनने को मजबूर होंगे और सड़क दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी।

## तकनीक से सशक्त होंगे जनजातीय उत्पाद, गुमला में 'जनजातीय गरिमा उत्सव 2026' आयोजित

- **वन धन केंद्रों को डिजिटल विपणन और कृत्रिम बुद्धिमत्ता की दी गई जानकारी**

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में शुक्रवार को जिला समाहरणालय गुमला के सभाकक्ष में 'जनजातीय गरिमा उत्सव 2026' के अंतर्गत "तकनीक विकास का प्रेरक" विषय पर एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संयुक्त आयोजन ट्राईफेड क्षेत्रीय कार्यालय बिहार-झारखंड एवं झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) गुमला द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जनजातीय विकास मिशन के अंतर्गत संचालित वन धन विकास केंद्रों एवं पीएम-जनमन योजना के तहत गठित पीवीटीजी वन धन विकास केंद्रों के सदस्यों ने भाग लिया। इस दौरान प्रतिभागियों को जनजातीय उत्पादों के विपणन में आधुनिक तकनीक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डिजिटल मार्केटिंग, ब्रांडिंग तथा ऑनलाइन प्रचार-प्रसार की विस्तृत जानकारी दी गई।

विशेषज्ञों ने बताया कि डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाया जा सकता है। इससे जनजातीय समुदायों की आय बढ़ेगी और आत्मनिर्भरता को मजबूती मिलेगी।

कार्यक्रम में ट्राईफेड रांची के क्षेत्रीय प्रबंधक राज कुमार, उप प्रबंधक शैलेन्द्र राजू, दिनेश रंजन और इंद्रजीत सिंह ने विभिन्न विषयों पर जानकारी साझा की। वहीं जिला कृषि विभाग, जेटीडीएस तथा एलडीएम गुमला के अधिकारियों ने भी योजनाओं एवं वित्तीय सहायता से जुड़ी जानकारियां दीं।

प्रतिभागियों को समाहरणालय परिसर स्थित गुमला हाट का भ्रमण भी कराया गया, जहां ग्रामीण उत्पादों के विपणन और प्रदर्शन की व्यवस्था का अवलोकन कराया गया। कार्यक्रम का समापन जेएसएलपीएस गुमला के डीपीएम शैलेन्द्र जारिका के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## जनगणना की तैयारी तेज, प्रगणकों को बांटी गई किट

- **उपायुक्त दिलीश्वर महतो ने कहा- सटीक आंकड़े विकास योजनाओं की मजबूत आधारशिला**

**गुमला।** भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत गुमला जिले में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य की औपचारिक शुरुआत कर दी गई। शुक्रवार को समाहरणालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पर्यवेक्षकों और प्रगणकों के बीच आवश्यक किट का वितरण किया गया। किट का सांकेतिक वितरण उपायुक्त-सह-प्रधान जनगणना पदाधिकारी दिलीश्वर महतो ने किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने जनगणना कार्य से जुड़े अधिकारियों और कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि जनगणना देश की सबसे महत्वपूर्ण प्रशासनिक प्रक्रियाओं में से एक है। इसके आधार पर सरकार द्वारा विकास योजनाओं का निर्माण, संसाधनों का वितरण तथा जनकल्याणकारी नीतियों का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाता है। उन्होंने कहा कि जनगणना के आंकड़े जितने सटीक होंगे, योजनाओं का लाभ उतनी ही बेहतर तरीके से लोगों तक पहुंच सकेगा। उपायुक्त ने पर्यवेक्षकों एवं प्रगणकों को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मकान सूचीकरण के दौरान प्रत्येक घर की सही एवं अद्यतन जानकारी दर्ज करना बेहद आवश्यक है, ताकि भविष्य की जनसंख्या गणना के लिए मजबूत आधार तैयार हो सके। ज्ञात हो कि जनगणना 2027 के प्रथम चरण में मकानों की पहचान, सूचीकरण तथा आधारभूत जानकारियों का संकलन किया जाएगा।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा**

**आवश्यक सूचना**

**( चोरी की गई स्पलेण्डर प्लस मोटरसाईकिल रंग–ब्लैक सिल्वर )**

गढ़वा थाना कांड सं0–180 / 2026 दिनांक–13.03.26 धारा–303(2) बी0एन0एस0 में चोरी की गयी स्पलेण्डर प्लस मोटरसाईकिल (रंग–ब्लैक सिल्वर) जिसका रजी0 नं0–JHO3AC7151, चेचिस न0–MBLHAW123LHL09602 इंजन नं0–HA11EYLHL09602 का अज्ञात चोर के द्वारा दिनांक–06.03.2026 को चोरी कर लिया गया है। जिसकी बरामदगी अबतक नहीं हो पाई है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त चोरी की गयी वाहन के बारे में किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना किसी व्यक्ति को प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284, या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा

PR 379952 Police(26-27)#D


# कम बारिश की आशंका के बीच किसानों को 'लोचदार कृषि' अपनाने की सलाह

- **केवीके गुमला ने जारी की खरीफ फसल के लिए वैज्ञानिक गाइडलाइन, कम पानी वाली फसलों और जल संरक्षण पर दिया जोर**

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** झारखंड में इस वर्ष असंतुलित वर्षा और कम बारिश की आशंका को देखते हुए किसानों के लिए खरीफ मौसम में "लोचदार कृषि" यानी जलवायु सहनशील खेती अपनाना आवश्यक हो गया है। वर्षा आधारित खेती पर निर्भर राज्य में मौसम के बदलते स्वरूप के कारण कहीं अतिवृष्टि तो कहीं सूखे जैसी स्थिति उत्पन्न हो रही है। ऐसे हालात में कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को कम पानी में बेहतर उत्पादन देने वाली तकनीकों और सूखा सहनशील फसलों को अपनाने की सलाह दी है।

कृषि विज्ञान केंद्र गुमला (विकास भारती, बिशुनपुर) ने किसानों के लिए विस्तृत सलाह जारी करते हुए कहा है कि खेती पूरी तरह मौसम आधारित योजना के अनुसार की जाए। किसानों को वास्तविक वर्षा की स्थिति देखकर बुवाई का निर्णय लेने, जल संरक्षण को प्राथमिकता देने तथा लंबी अवधि की जगह अल्प अवधि वाली फसलों को अपनाने की सलाह दी गई है।

कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार धान की खेती में अल्प अवधि एवं सूखा सहनशील किस्में इस बार अधिक लाभकारी साबित हो सकती हैं। इसके लिए सीआर धान-807, सीआर धान-202, सीआर धान-320, सीआर धान-305, आईआर-64 डीआरटी-1, डीआरआर धान-42, स्वर्णा श्रेया, सहभागी धान, अंजली धान तथा बिरसा विकास धान-111 जैसी किस्मों की अनुशंसा की गई है। वैज्ञानिकों ने धान की सीधी बुवाई और पंक्ति विधि अपनाने की सलाह देते हुए कहा कि इससे बीज और पानी दोनों की बचत होती है।

अन्य फसलों में मड़ुवा (रागी) की बिरसा मड़ुवा-3, मूंगफली की के-1812, कादरी-9 और आईसीजीवी-91114, मक्का की डीएचएम-121, विवेक मक्का-45 और पूसा एचक्यूपीएम-1, जबकि उड़द की कोटा उड़द-4 और पंत उड़द-31 किस्मों को उपयुक्त बताया गया है।

कृषि विज्ञान केंद्र ने किसानों को सामुदायिक नर्सरी विकसित करने की भी सलाह दी है। जिन क्षेत्रों में पानी की उपलब्धता है वहां धान, मड़ुवा, अरहर और सब्जियों की नर्सरी अलग-अलग समय पर तैयार करने की बात कही गई है, ताकि जरूरत पड़ने पर स्वस्थ पौध उपलब्ध रह सके। वहीं सीमित सिंचाई वाले क्षेत्रों में धान के बजाय मक्का, अरहर, रागी, कोदो, जटगी, गूंदली, उड़द, मूंग और तिल जैसी कम पानी वाली फसलों को प्राथमिकता देने की सलाह दी गई है। वैज्ञानिकों ने मौसमीय जोखिम कम करने के लिए अंतरवर्तीय खेती को भी बेहतर विकल्प बताया है। मक्का के साथ अरहर, बाजरा के साथ उड़द, मूंगफली के साथ अरहर अथवा मक्का तथा मड़ुवा के साथ अरहर की खेती करने से किसानों को अतिरिक्त आय मिलने के साथ नुकसान का खतरा भी कम होता है।

जल संरक्षण को लेकर किसानों को मेढ़बंदी कर वर्षा जल रोकने, खेतों में पुआल और सूखी पत्तियों से मल्चिंग करने तथा जैविक पदार्थों का उपयोग बढ़ाने की सलाह दी गई है। साथ ही तालाब, डोभा और बंद कुओं में वर्षा जल संचयन कर सूखे की स्थिति में उपयोग करने पर जोर दिया गया है।

कृषि वैज्ञानिकों ने मिट्टी जांच के आधार पर संतुलित उर्वरक उपयोग करने की सलाह दी है। गोबर खाद, वर्मी कम्पोस्ट और हरी खाद के प्रयोग से मिट्टी की जलधारण क्षमता बढ़ने की बात कही गई। साथ ही समय पर निराई-गुड़ाई कर खरपतवार नियंत्रण करने की आवश्यकता बताई गई, ताकि फसल को पर्याप्त नमी और पोषक तत्व मिल सकें।

इसके अलावा किसानों को आय सुरक्षा के लिए पशुपालन, बकरी पालन, मधुमक्खी पालन और मुर्गी पालन जैसी सहायक कृषि गतिविधियों को भी अपनाने की सलाह दी गई है। वैज्ञानिकों का कहना है कि बहुआयामी कृषि प्रणाली किसानों को जलवायु संकट के समय आर्थिक मजबूती प्रदान करती है।

कृषि वैज्ञानिक डॉ. बृजेश पाण्डेय ने कहा कि जलवायु परिवर्तन की चुनौती को देखते हुए किसानों को पारंपरिक अनुभव और आधुनिक वैज्ञानिक तकनीकों का समन्वय करना होगा। उन्होंने कहा कि समय पर निर्णय, जल संरक्षण और लोचदार कृषि पद्धतियों को अपनाकर कम वर्षा की स्थिति में भी खरीफ फसलों से बेहतर उत्पादन और स्थायी आय प्राप्त की जा सकती है।


**झारखण्ड सरकार**
**पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा।**

**अतिअल्पकालिन ई–प्रोक्योरमेन्ट सूचना (2nd Call)**

निविदा सूचना संख्या– DWSD/UWSS/O&M/CH/03/2026-27 दिनांक – 14.05.2026

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| A | Name of Work :- Operation and Maintenance of for Reorganization of Chatra Urban Water Supply Scheme for 03 Years (2026-27, 2027-28 and 2028-29) Under D.W.&S. Division, Chatra on "TurnKey Basis" for the Year 2025-26 | | | | |
| | ग्रुप संख्या | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
| 1 | UWSS/O&M/CH/01 | 115.82975 | 2.31660 | 10,000/- | Three Years |
| B | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 18.05.2026 समय 02:00 बजे अपराहन तक | | | |
| C | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय | 25.05.2026 समय 05:00 बजे अपराहन तक | | | |
| D | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई0–गवर्नेस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक–120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 25.05.2026 समय 05:00 बजे अपराहन तक | | | |
| E | तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय | 26.05.2026 समय 05:00 बजे अपराहन तक | | | |
| F | तकनीकी बिड खोलने का स्थान | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा। | | | |
| G | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम/पदनाम | ई0 मनोज कुमार मुण्डारी, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा। | | | |
| H | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलिफोन संख्या | 8002093156, 8851790994 एवं 06541–296082 | | | |
| I | ई–प्रोक्यूरमेन्ट सेल का हेल्प लाईन नं0 | 0651–2480345 | | | |

नोट – केवल ई निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
अधिक जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

(ई0 मनोज कुमार मुण्डारी)
कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा।

PR 379873 (Drinking Water and Sanitation) 26-27 (D)

राष्ट्रीय नवीन मेल

# वाशिंगटन बीजिंग रिश्तों में गर्माहट और भारत

इंडिया



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक


दो देशों के बीच औपचारिक मुलाक़ात के मायने होते हैं और ईरान-अमेरिका युद्ध के बीच चीन और अमेरिका जैसी महाशक्तियों की अनौपचारिक या अचानक मुलाक़ात के गहरे मायने होते हैं। अमेरिका रवाना होने से पहले चीनी राष्ट्रपति से ट्रंप की द्विपक्षीय संबंधों पर हुई चर्चा भी इसी संदर्भ में देखी जा सकती है । बीजिंग स्थित झोंगनानहाई नेतृत्व परिसर में निजी मुलाकात ट्रंप की चीन यात्रा समाप्त होने से ठीक पहले हुई। इससे एक दिन पहले दोनों नेताओं के बीच औपचारिक वार्ता भी हुई थी। चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, झोंगनानहाई पहुंचने पर शी जिनपिंग ने ट्रंप का गर्मजोशी से स्वागत किया। मोदी शैली में दोनों नेता परिसर के उद्यान में साथ-साथ टहलते और बातचीत करते नजर आए। इस दौरान वे पेड़ों और फूलों को भी निहारते रहे। शी ने कहा कि दोनों देशों ने अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर संवाद और समन्वय मजबूत करने पर भी सहमति जताई है। शी के मुताबिक, यह यात्रा आपसी समझ और भरोसे को मजबूत करने के साथ-साथ दोनों देशों के लोगों के हित में भी है।चीनी राष्ट्रपति ने कहा कि दुनिया की अपेक्षा है कि चीन और अमेरिका आपसी सम्मान के आधार पर शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व और सहयोग का रास्ता अपनाएं। उन्होंने कहा कि जहां ट्रंप "अमेरिका को फिर महान" बनाने की बात कर रहे हैं, वहीं वह चीनी जनता के राष्ट्रीय पुनरुत्थान के लिए काम कर रहे हैं।ईरान युद्ध की पृष्ठभूमि में जब विभिन्न अर्थव्यवस्थाएं अनिश्चितताओं से घिरी हैं और महाशक्तियों समेत विभिन्न देश एक किस्म के अविश्वास के दौर से गुजर रहे हैं, तब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बीजिंग यात्रा द्विपक्षीय संबंधों के लिहाज से तो महत्वपूर्ण है ही, वैश्विक भू-राजनीति की दृष्टि से भी इसके संदेश अहम हैं।इस यात्रा का महत्व इससे भी समझा जा सकता है कि पिछले तकरीबन एक दशक में यह पहली बार है, जब कोई अमेरिकी राष्ट्रपति पद पर रहते हुए चीन पहुंचा हो। कई बार टलने के बाद अब अगर दो बड़े वैश्विक नेता वार्ता के लिए तैयार हुए हैं, तो इसका अर्थ ही है कि वे आश्वस्त हैं कि रणनीतिक प्रतिस्पर्धा को खतरनाक टकराव में बदलने से रोकने के लिए सीधी बातचीत जरूरी है। हालांकि यह मान लेना जल्दबाजी होगी कि ट्रंप की यात्रा से दोनों देशों के बीच गहरे मतभेद आसानी से खत्म हो जाएंगे।ताइवान का मुद्दा संवेदनशील है, जिसे सैन्य समर्थन देने के मामले में चीन अमेरिका से, वहीं हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीनी सक्रियता के मद्देनजर अमेरिका चीन से अधिक संयम बरतने की मांग कर सकता है। इसके अतिरिक्त, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सेमीकंडक्टर तकनीक और साइबर सुरक्षा के क्षेत्रों में भी दोनों देशों के बीच प्रतिस्पर्धा लगातार तेज हो रही है। अमेरिका की यह आशंका पूरी तरह निराधार भी नहीं है कि चीन तकनीकी और सैन्य रूप से उसकी बराबरी करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।उल्लेखनीय है कि अमेरिका और चीन के संबंध ही वर्तमान युग में वैश्विक भू-राजनीति की दिशा तय कर सकते हैं। शायद इसीलिए दुनिया के विभिन्न देशों की निगाहें इस बैठक पर टिकी हैं और इसके निष्कर्षों में ही उन्हें अपने लिए रणनीतिक जमीन ढूंढनी होगी। जहां तक नई दिल्ली की बात है, तो पिछले कुछ दशकों में अमेरिका ने उसे चीन के खिलाफ एक संतुलनकारी ताकत के रूप में देखा है, जिसका रणनीतिक फायदा भारत को मिला है। लेकिन अब अगर वाशिंगटन और बीजिंग के बीच रिश्तों में गर्माहट बढ़ती है, तो यह समीकरण बदल सकता है।अगर चीन पर अमेरिकी दबाव कम होता है, तो वह दक्षिण एशिया में अपनी पैठ को और गहरा करने की कोशिश कर सकता है। हालांकि ये सब अटकलें ही हैं। दरअसल, ट्रंप और शी जिनपिंग की बैठक अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था और इसकी पारंपरिक अवधारणाओं में आ रहे बदलावों को रेखांकित करती है। भारत के लिए जरूरी है कि वह इस बैठक के नतीजों का विश्लेषण करे, खुद को बदलती वैश्विक व्यवस्था के अनुरूप ढाले और अपने हितों को प्राथमिकता देते हुए किसी एक राष्ट्र पर अत्यधिक निर्भरता के बगैर नीतियां बनाए। एक चीनी अधिकारी के अनुसार दोनों नेता इस बात पर सहमत हुए कि दुनिया की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए हॉर्मुज जलडमरूमध्य को खोलना जरूरी है। ईरान के खिलाफ अमेरिका और इस्राइल के युद्ध की वजह से यह समुद्री रास्ता लंबे समय से बंद है। शी जिनपिंग ने इस रास्ते से गुजरने वाले जहाजों पर किसी भी तरह का टैक्स या टोल लगाने का विरोध किया है। अधिकारी के अनुसार, शी जिनपिंग ने अमेरिका से ज्यादा तेल खरीदने की रुचि दिखाई है। चीन चाहता है कि भविष्य में खाड़ी देशों के तेल पर उसकी निर्भरता कम हो जाए। इस मुलाक़ात को एक नए अंतरराष्ट्रीय समीकरण और वैश्विक शांति की पहल के रूप में भी देखा जाना चाहिए क्योंकि जब दो महाशक्तियां विमर्श करने को विवश होती हैं तो इसे समाधान कहा जाता है।

विचार प्रवाह

हम भावनाओं को अत्यधिक महत्त्व देते हैं, यहां तक कि हम यह भी मानते हैं कि उचित प्रकार की भावना अत्यंत आनंददायी होती है। इससे क्या फर्क पड़ता है कि आपको कैसा लगता है? अपने प्रारब्ध को भोगें जब तक कि यह प्रभु की इच्छा है कि आप ऐसा करें। उचित कार्य करें और यथासमय शांति एवं आनंद की सही भावना का उदय होगा। - **श्री ज्ञानमाता**

# विपक्ष को मुसलमानों से लगातार मिल रही मात

आज की बात



ओमप्रकाश अश्क

> भाजपा में बदलाव की पूरी जानकारी तो सार्वजनिक नहीं हुई है, लेकिन लगातार राज्यों में भाजपा की जीत यह संकेत करती है कि पैटर्न बदलने के सकारात्मक नतीजों से भाजपा उत्साहित है

लोकसभा चुनाव 2024 में झटका खाने के बाद भाजपा ने अपनी रणनीतियों में बड़ा बदलाव किया है। अब भाजपा का थ्री लेयर नेतृत्व है। एक संरक्षक मंडल का नेतृत्व है तो दूसरा नरेंद्र मोदी, अमित शाह और राजनाथ सिह वाला। तीसरा और प्रभावी नेतृत्व नितिन नवीन, जेपी नड्डा, देवेंद्र फणनवीस, हिमंता विस्व सरमा, सम्राट चौधरी और शुभेंदु अधकारी का बन या है। यह दूसरे दलों से भाजपा को अलग करता है। भाजपा में बदलाव की पूरी जानकारी तो सार्वजनिक नहीं हुई है, लेकिन लगातार राज्यों में भाजपा की जीत यह संकेत करती है कि पैटर्न बदलने के सकारात्मक नतीजों से भाजपा उत्साहित है। हरियाणा, दिल्ली, बिहार, असम और बंगाल जैसे राज्यों में भाजपा बड़ी ताकत बन कर उभरी है। उसकी ताकत का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि बंगाल में 15 साल का ममता राज छीना तो महाराष्ट्र की तरह बिहार में भी अपना सीएम बनाने में आखिरकार सफलता पा ली। विपक्षी दलों का महागठबंधन बनाए राजद के कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी यादव की उम्मीदों पर तो ऐसा पानी फिरा कि राजनीति से उनका मन ही उचट गया लगता है। ऐसा क्यों है कि भाजपा लगातार बढ़ती जा रही है और विपक्षी पार्टियां अपना अस्तित्व बचाने के लिए जूझ रही हैं।

### भाजपा की बहुसंख्यक राजनीति

2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा को बहुमत न मिलने के बावजूद, उसके बाद के राज्य चुनावों में पार्टी ने अपनी रणनीति में बदलाव किया और उल्लेखनीय सफलता हासिल की। हरियाणा, दिल्ली, बिहार, असम और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में भाजपा या एनडीए की जीत ने यह संकेत दिया कि विपक्षी दलों की कुछ पुरानी रणनीतियां अब कम प्रभावी हो रही हैं। बंगाल में 15 वर्षीय ममता बनर्जी के तृणमूल कांग्रेस शासन को समाप्त कर भाजपा ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की, जबकि बिहार में महागठबंधन की उम्मीदों पर पानी फिर गया। राजद के कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी यादव को भी व्यक्तिगत और राजनीतिक झटका लगा, जिससे विपक्षी खेमे में निराशा छाई हुई है। यह सब इसलिए हुआ कि भाजपा ने बहुसंख्यक की राजनीति करने का जहां दृढ़ निश्चय किया है, वहीं विपक्ष अब भी अल्पसंख्यकों के जरिए सफलता की उम्मीद पाले हुए है।

### विपक्ष मुस्लिम मोह में पागल

विपक्षी दल, खासकर कांग्रेस और क्षेत्रीय पार्टियां, लंबे समय से मुस्लिम वोट बैंक पर निर्भर रही हैं। 2024 लोकसभा चुनाव में मुस्लिम मतदाताओं ने बड़े पैमाने पर इंडिया गठबंधन का साथ दिया, जिससे कांग्रेस और दूसरे विपक्षी दलों की सीटें बढ़ीं। हालांकि, विपक्ष ने मुस्लिम समुदाय को आश्वासन देने की रणनीति पर अत्यधिक जोर दिया, जिससे बहुसंख्यक समुदाय से दूरी बढ़ी। राज्यों के हालिया चुनावों में विपक्ष का यह पैटर्न जारी रहा। बंगाल और बिहार जैसे राज्यों में विपक्ष ने अल्पसंख्यक समुदाय



की भावनाओं को प्राथमिकता दी। लेकिन भाजपा ने विकास, सुरक्षा, सांस्कृतिक जैसे फौरी और स्थानीय मुद्दों के अलावा हिन्दुत्व और राष्ट्रवाद पर फोकस किया। परिणामस्वरूप विपक्ष को लगातार झटके लगे। ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस मुस्लिम-बहुल क्षेत्रों में मजबूत रही, लेकिन दक्षिण बंगाल और अन्य हिस्सों में हिंदू वोटों का ध्रुवीकरण भाजपा के पक्ष में गया। इसी तरह बिहार में तेजस्वी यादव के महागठबंधन को 2025 विधानसभा चुनावों में भारी हार का सामना करना पड़ा, जहां एनडीए ने भारी बहुमत हासिल किया। विपक्ष का यह मुस्लिम मोह ऐतिहासिक है। कई मौकों पर अल्पसंख्यक अपील ने उन्हें बहुसंख्यक वर्ग से अलग-थलग कर दिया। नतीजा यह कि मुस्लिम वोटों पर निर्भरता बढ़ने के बावजूद चुनावी प्रदर्शन कमजोर रहा।

### भाजपा का बड़ा हथियार राष्ट्रवाद

भाजपा ने राष्ट्रवाद को अपना प्रमुख हथियार बनाया। 2024 के बाद पार्टी ने संगठनात्मक बदलाव किए, उम्मीदवार चयन को सख्त बनाया और विकास के साथ सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को जोड़ा। असम, बंगाल और अन्य राज्यों में भाजपा ने अवैध घुसपैठ, सांस्कृतिक पहचान और राष्ट्रीय एकता जैसे मुद्दों पर जोर दिया। असम में हिमंता बिस्वा सरमा की नेतृत्व वाली सरकार ने सीमा सुरक्षा और स्थानीय हितों की रक्षा को प्राथमिकता दी। बंगाल में भाजपा ने ममता शासन में मुस्लिम तुष्टीकरण और गुंडागर्दी के खिलाफ अभियान चलाया। हिंदू वोटों का ध्रुवीकरण भाजपा की जीत का आधार बना। दिल्ली, हरियाणा और महाराष्ट्र जैसी जीतों ने भी दिखाया कि भाजपा का राष्ट्रवादी एजेंडा– विकास, सुरक्षा और गर्व– व्यापक समर्थन हासिल कर रहा है। 2024 के लोकसभा चुनाव में झटके के बाद पार्टी ने पैटर्न बदला। अधिक लोकल मुद्दों पर फोकस, बेहतर गठबंधन और ग्रासरूट संगठन के परिणाम सकारात्मक रहे। राष्ट्रवाद ने भाजपा को क्षेत्रीय बाधाओं को पार करने में मदद की। बंगाल में पहली बार सत्ता हासिल कर पार्टी ने अपना विस्तार साबित किया। जान-समझ कर कांग्रेस या यों कहें कि पूरे विपक्ष ने राह नहीं बदली। कांग्रेस बार-बार अपनी रणनीति पर सवाल उठने के बावजूद मुस्लिम अपील वाली छवि से मुक्त नहीं हो पाई। 2014 की हार के बाद एके। एंटोनी समिति ने रिपोर्ट दी थी कि अल्पसंख्यक तुष्टीकरण की छवि ने पार्टी को नुकसान पहुंचाया। फिर भी, कांग्रेस ने राह नहीं बदली। 2024 में कांग्रेस ने 99 सीटें जीतीं, मुख्य रूप से मुस्लिम वोटों के सहारे। लेकिन समग्र राष्ट्रीय प्रभाव सीमित रहा। राज्य चुनावों में भी पार्टी का प्रदर्शन कमजोर रहा। बिहार और बंगाल जैसे राज्यों में गठबंधन सहयोगी मुख्य भूमिका में थे, लेकिन कांग्रेस की स्वतंत्र पहचान अल्पसंख्यक-केंद्रित बनी रही। आलोचक कहते हैं कि जान-बूझकर यह रणनीति अपनाई जा रही है, जो लंबे समय में पार्टी को बहुसंख्यक वर्ग से दूर कर रही है।

### शाहबानो मामले में कांग्रेस का रुख

1985 का शाहबानो मामला कांग्रेस की तुष्टीकरण नीति का क्लासिक उदाहरण माना जाता है। सुप्रीम कोर्ट ने तलाकशुदा मुस्लिम महिला शाहबानो को गुजारा भत्ता देने का फैसला दिया, लेकिन राजीव गांधी सरकार ने मुस्लिम महिलाओं (तलाक पर अधिकार संरक्षण) अधिनियम 1986 लाकर फैसले को पलट दिया। इससे महिला अधिकारों पर सवाल उठे और पार्टी पर अल्पसंख्यक वोट बैंक बचाने का आरोप लगा। यह घटना आज भी कांग्रेस की आलोचना का विषय है। भाजपा इसे बार-बार उठाती है कि कांग्रेस ने संवैधानिक मूल्यों से ऊपर वोट बैंक को रखा। ट्रिपल तलाक जैसे मुद्दों पर भी कांग्रेस का रुख इसी पैटर्न का हिस्सा रहा। इसने पार्टी की सेकुलर छवि को तुष्टीकरण के रूप में स्थापित किया। इसका असर चुनावी राजनीति पर पड़ा।

### एंटोनी ने हार की असल वजह बताई

2014 की भारी हार के बाद कांग्रेस की जांच समिति के प्रमुख एके एंटोनी ने स्वीकार किया कि अल्पसंख्यक तुष्टीकरण की छवि ने बहुसंख्यक समुदाय से पार्टी को अलग कर दिया। उन्होंने सलाह दी कि कांग्रेस को हिंदू और अल्पसंख्यक दोनों को साथ लेकर चलना चाहिए। फिर भी पार्टी ने इस सलाह पर ध्यान नहीं दिया। 2022-23 में भी एंटोनी ने यही बात दोहराई कि फासीवाद के विरोध के नाम पर बहुसंख्यक समुदाय को साथ लेना जरूरी है। कांग्रेस की निरंतर हार या सीमित सफलता का एक कारण यही माना जाता है कि वह बहुसंख्यक भारत की आकांक्षाओं को पूरी तरह समझने और प्रतिबिंबित करने में असफल रही। यही वजह रही कि 2024 के बाद भाजपा की राज्य स्तर पर सफलताएं अधिक दिख रही हैं। बंगाल में ममता का अंत और बिहार में तेजस्वी को झटका यह दर्शाती हैं कि मतदाता अब विकास, राष्ट्रवाद और समावेशी अपील को प्राथमिकता दे रहे हैं। विपक्ष अगर मुस्लिम मोह से ऊपर नहीं उठा तो आगे भी चुनौतियां न सिर्फ बनी रहेंगी, बल्कि इनके और गंभीर होने का खतरा बढ़ेगा।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# आखिर कब रुकेगा नीट पेपर लीक का सिलसिला?

अलग बात



श्रीयम त्रिपाठी

देश में नीट परीक्षा केवल एक परीक्षा नहीं है, बल्कि लाखों परिवारों के सपनों, संघर्षों और उम्मीदों का नाम है। हर साल लाखों आंखें इस परीक्षा के परिणाम पर टिकी होती हैं। कोई मां अपने बेटे को डॉक्टर के रूप में देखना चाहती है, तो कोई पिता अपनी पूरी जिंदगी की कमाई बच्चे की पढ़ाई पर लगा देता है। लेकिन जब ऐसी परीक्षा में पेपर लीक जैसी घटनाएं सामने आती हैं, तब सबसे ज्यादा चोट उन विद्यार्थियों के दिल पर लगती है जिन्होंने अपनी जिंदगी का सबसे महत्वपूर्ण समय केवल पढ़ाई में लगा दिया। नीट की तैयारी केवल किताबें पढ़ने तक सीमित नहीं होती। इसके पीछे एक ऐसा मानसिक और भावनात्मक संघर्ष होता है जिसे वही विद्यार्थी समझ सकता है जो इस दौर से गुजर रहा हो। देश के अलग-अलग राज्यों से हजारों बच्चे अपने घर और परिवार छोड़कर कोटा जैसे शहरों में जाते हैं। वहां छोटे-छोटे कमरों में रहकर दिन-रात पढ़ाई करते हैं। परिवार से दूर रहना, मां के हाथ का खाना छोड़ना, त्योहारों में घर न जा पाना, दोस्तों से दूरी बना लेना। यह सब एक सपने के लिए किया जाता है। कई विद्यार्थी ऐसे परिवारों से आते हैं जहां आर्थिक स्थिति बहुत मजबूत नहीं होती। किसी किसान का बेटा खेत बेचकर कोचिंग करता है, कोई मजदूर अपनी दिनभर की कमाई बच्चे की फीस में लगा देता है। माता-पिता खुद पुराने कपड़े पहन लेते हैं लेकिन बच्चे की किताबें नई दिलाते हैं। कई परिवार कर्ज तक ले लेते हैं ताकि उनका बच्चा डॉक्टर बन सके। आज नीट की तैयारी एक सामान्य परिवार के लिए बहुत महंगी हो चुकी है। लाखों रुपये कोचिंग, हॉस्टल, किताबें, टेस्ट सीरीज, यात्रा और फॉर्म फीस में खर्च हो जाते हैं। लेकिन इन सबसे बड़ा खर्च होता है मानसिक शांति का। विद्यार्थी हर दिन इस डर में जीता है कि अगर चयन नहीं हुआ तो परिवार की उम्मीदें टूट जाएंगी। यही कारण है कि तैयारी का दबाव कई बार इतना बढ़ जाता है कि बच्चे मानसिक रूप से टूटने लगते हैं। खासकर कोटा जैसे शहरों से हर साल विद्यार्थियों के अवसाद, आत्महत्या और आत्मदाह जैसी दर्दनाक खबरें सामने आती हैं। कुछ बच्चे अपने कमरे में अकेले रोते हैं, कुछ डिप्रेशन में चले जाते हैं, तो कुछ जिंदगी से हार मान लेते हैं। यह केवल व्यक्तिगत कमजोरी नहीं, बल्कि उस असहनीय दबाव का परिणाम है जो समाज और प्रतियोगिता मिलकर विद्यार्थियों पर डालते हैं। एक छात्र जब सुबह चार बजे उठकर पढ़ाई करता है, अपनी नींद, अपनी खुशी, अपना बचपन तक दांव पर लगा देता है, तब उसके मन में सिर्फ एक विश्वास होता है "मेरी मेहनत एक दिन रंग लाएगी।" लेकिन जब परीक्षा के बाद यह सुनने को मिले कि पेपर पहले ही लीक हो चुका था, तब उसकी पूरी दुनिया हिल जाती है। उसे लगता है कि उसकी ईमानदारी हार गई और पैसे तथा पहुंच वाले लोग जीत गए। पेपर लीक केवल एक अपराध नहीं है, यह उन लाखों विद्यार्थियों की भावनाओं की हत्या है जिन्होंने अपनी जिंदगी के सबसे महत्वपूर्ण साल इस परीक्षा को दिए। सोचिए उस बच्चे पर क्या गुजरती होगी जिसने महीनों परिवार से दूर रहकर पढ़ाई की, माता-पिता के पैसे बचाने के लिए खुद की जरूरतें कम कर दीं, हर दिन तनाव और डर के बीच तैयारी की, और फिर अंत में पता चले कि परीक्षा निष्पक्ष ही नहीं थी। सबसे दुखद बात यह है कि हर बार कुछ दिनों तक शोर होता है, जांच की बातें होती हैं, बयान दिए जाते हैं, लेकिन विद्यार्थियों के टूटे हुए मन को कोई नहीं देखता। किसी समाचार चैनल पर नंबरों की चर्चा होती है, लेकिन उस मां के आंसू दिखाई नहीं देते जिसने अपने बच्चे की पढ़ाई के लिए गहने तक बेच दिए। किसी रिपोर्ट में पेपर लीक के आरोपी दिखाए जाते हैं, लेकिन वह विद्यार्थी नहीं दिखता जो परिणाम से पहले ही मानसिक रूप से टूट चुका होता है। यह भी एक बड़ा प्रश्न है कि जब देश इतने बड़े चुनाव सफलतापूर्वक करा सकता है, जहां करोड़ों लोग मतदान करते हैं और परिणाम बिना किसी बड़े विवाद के सामने आते हैं, तब एक परीक्षा का प्रश्नपत्र सुरक्षित क्यों नहीं रह पाता? हाल ही में पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के चुनाव परिणाम सामने आए। जनता ने जिसे चुना, वह जीत गया। इतने बड़े लोकतांत्रिक आयोजन में यदि गोपनीयता और सुरक्षा बनाए रखी जा सकती है, तो फिर विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़ी परीक्षा में इतनी लापरवाही क्यों? हालांकि केवल व्यवस्था को कोसना ही समाधान नहीं है। जरूरत इस बात की है कि सरकार, परीक्षा एजेंसियां और समाज मिलकर इस समस्या को गंभीरता से समझें। पेपर लीक करने वालों को ऐसी कठोर सजा मिलनी चाहिए कि भविष्य में कोई भी विद्यार्थी के सपनों के साथ खिलवाड़ करने की हिम्मत न करे। परीक्षा प्रणाली को तकनीकी रूप से मजबूत और पूरी तरह पारदर्शी बनाया जाना चाहिए।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## आपकी बात

### "समर्पण, प्रेम, त्याग व त्यौहार"



आभा मुखर्जी

वट की छांव में बैठी , श्रद्धा का श्रृंगार लिए,
हाथों में विश्वास की डोरी, मन में अडिग प्यार लिए।
वो त्याग की मूरत, वो प्रेम का बहता पावन झरना है,
जिसे मौत से भी लड़कर, अपने सुहाग की रक्षा करना है।
अक्षत, रोली और चंदन से, वट वृक्ष को पूजा है,
उसके हृदय में पिया बिना, देव न कोई दूजा है।
कच्चे सूत के धागों में, उसने सात जन्मों को बांध लिया,
त्याग की उस अग्नि में तपकर, खुद को कुंदन मान लिया।
वह सावित्री की शक्ति है, वह निष्ठा का प्रमाण है,
उसके सतीत्व के आगे तो, यमराज को झुकना पड़ा।
न थकती है उपवासों से, न डगमगाते उसके कदम,
हर सांस में बसती दुआ, 'जुग-जुग जिएं मेरा पिया'।
माथे की बिंदिया चमके ऐसे, जैसे नभ का तारा हो,
उसके तप से महक उठे, ये संसार सारा हो।
प्रेम, समर्पण और अटूट विश्वास की, एक जीती-जागती गाथा है।
कामना बस यही मन में
जब तक जीऊं, साथ रहूं,
संग तुम्हारे सात जन्मो का नाता है।

राष्ट्रीय नवीन मेल

## धर्म-अध्यात्म

### वट सावित्री व्रत : अखंड सौभाग्य, समर्पण व नारी शक्ति का पावन पर्व



संजय सर्राफ

भारतीय संस्कृति में पति-पत्नी के अटूट प्रेम, समर्पण एवं अखंड सौभाग्य का प्रतीक माने जाने वाला वट सावित्री व्रत इस वर्ष 16 मई दिन शनिवार को श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ मनाया जाएगा। यह पर्व मुख्य रूप से विवाहित महिलाओं द्वारा अपने पति की दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य और सुख-समृद्धि की कामना हेतु रखा जाता है। भारतीय सनातन परंपरा में यह व्रत नारी के त्याग, तप, निष्ठा और अटूट विश्वास का अद्भुत उदाहरण माना जाता है।धार्मिक मान्यताओं के अनुसार ज्येष्ठ मास की अमावस्या तिथि को मनाया जाने वाला यह पर्व वट वृक्ष एवं सावित्री-सत्यवान की पौराणिक कथा से जुड़ा हुआ है। कहा जाता है कि पतिव्रता सावित्री ने अपने दृढ़ संकल्प, तपस्या और बुद्धिमत्ता से यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राण वापस प्राप्त कर लिए थे। तभी से यह व्रत अखंड सौभाग्य और वैवाहिक सुख का प्रतीक बन गया। इस दिन महिलाएं प्रातः स्नान कर नए वस्त्र धारण करती हैं तथा वट वृक्ष की पूजा-अर्चना करती हैं। वट वृक्ष के तने में कच्चा सूत या धागा लपेटकर परिक्रमा की जाती है और सावित्री-सत्यवान की कथा सुनी जाती है। व्रती महिलाएं निर्जला अथवा फलाहार व्रत रखकर अपने परिवार की सुख-शांति एवं पति की लंबी आयु की कामना करती हैं।वट वृक्ष को भारतीय संस्कृति में अत्यंत पवित्र एवं जीवनदायी माना गया है। इसकी विशालता, दीर्घायु और सदैव हरा-भरा रहने का गुण जीवन में स्थिरता, समृद्धि और निरंतरता का संदेश देता है। धार्मिक दृष्टि से वट वृक्ष में ब्रह्मा, विष्णु और महेश का वास माना गया है। यही कारण है कि इसकी पूजा का विशेष महत्व बताया गया है। वट सावित्री व्रत केवल धार्मिक अनुष्ठान भर नहीं, बल्कि भारतीय पारिवारिक मूल्यों, दांपत्य जीवन की मर्यादा और नारी शक्ति के सम्मान का भी प्रतीक है। यह पर्व महिलाओं को धैर्य, त्याग, आत्मविश्वास और कर्तव्यनिष्ठा की प्रेरणा देता है।

## फेसबुक वॉल से





## एक्स से




# राज्यसभा चुनाव : झारखंड की रणभूमि में होगी रिश्तों की अग्निपरीक्षा?

देश की बात



केदारनाथ दास

पश्चिम बंगाल चुनाव परिणामों के बाद राज्यसभा चुनाव को लेकर अब झारखंड की राजनीति में भी हलचल तेज हो गई है। यह सही है कि अभी तक निर्वाचन आयोग ने झारखंड की इन सीटों के लिए आधिकारिक तारीखों का ऐलान नहीं किया है लेकिन चुनाव कार्यक्रम की घोषणा "किसी भी दिन" होने की चर्चा तेज हो चुकी है और विभिन्न राजनैतिक दलों ने अब इसकी तैयारी तेज कर दी है। ऐसे में, इस चुनाव को लेकर सत्ता पक्ष व विपक्ष के बीच राजनैतिक रस्साकस्सी, दबाव और भावनात्मक समीकरणों का दौर भी शुरू हो चुका है। बताते चलें कि झारखंड से राज्यसभा की दो सीटें खाली हो रही हैं। इनमें से एक सीट झामुमो संस्थापक दिवंगत शिबू सोरेन वाली है और दूसरी सीट भाजपा नेता दीपक प्रकाश की है। वर्तमान अंकगणित के अनुसार इनमें से एक सीट पर सत्तासीन झामुमो का दावा लगभग तय माना जा रहा है परन्तु दूसरी सीट पर संशय बना हुआ है। इस संशय का मतलब बहुत साफ है क्योंकि अभी से यह लड़ाई केवल दो सीटों की नहीं बल्कि सत्ता, परिवार, सम्मान और विश्वासघात की बनती नजर आ रही है।

बाहर से देखने पर यह एक सामान्य संसदीय चुनाव लग सकता है लेकिन अंदरखाने यह संघर्ष सीधे सोरेन परिवार की चौखट तक पहुँच चुका है। सत्ता के गलियारों में फुसफुसाहट है कि आने वाले दिनों में झारखंड की राजनीति में ऐसा दृश्य देखने को मिल सकता है जहाँ रिश्ते और राजनीति एक दूसरे के आमने-सामने खड़े होंगे। दिलचस्प तथ्य यह है कि जिस सीट पर झामुमो का दावा तय माना जा रहा है उसे लेकर दबाव की राजनीति सतह पर है और गठबंधन धर्म के आलोक में उसे कांग्रेस के लिए छोड़ने का दबाव बना हुआ है। ऐसा तब है जबकि झामुमो के लिए यह सीट केवल संसद की एक कुर्सी भर नहीं है बल्कि शिबू सोरेन की राजनीतिक विरासत का प्रतीक बनकर सामने है। यह विवाद अभी सतह पर तो नजर नहीं आ रहा है लेकिन अंदरखाने चल रहे खींचतान के कारण यह सीट कहीं न कहीं विस्फोट के मुहाने पर खड़ा दिखाई पड़ रहा है और यह मामला अंततः हेमंत सोरेन की सरकार के लिए एक मुसीबत बनता नजर आ रहा है। राज्यसभा की दूसरी सीट का मामला भी कम दिलचस्प नहीं है क्योंकि यहां विपक्ष के सामने बेहद सोची-समझी चाल चलने में माहिर भाजपा का हित जुड़ा हुआ है। कल्पना कीजिए कि यदि भाजपा सीता सोरेन को राज्यसभा उम्मीदवार बना देती है तो यह केवल प्रत्याशी घोषित कर देने का मामला नहीं होगा बल्कि हेमंत सोरेन के लिए एक भावनात्मक चक्रव्यूह बनकर सामने होगा। सीता सोरेन केवल भाजपा की नेता भर नहीं हैं। वे उसी शिबू सोरेन की बड़ी बहू हैं जिसने झारखंड आंदोलन की राजनीति को खून-पसीने से सींचा है। ऐसे में झामुमो आलाकमान के लिए सीधा और असहज सवाल यह होगा कि क्या हेमंत सोरेन अपने ही घर की बड़ी बहू को हराने के लिए विधायकों से वोट करवाएंगे? इस चुनाव में पेंच और भी हैं जबकि भाजपा यह अच्छी तरह से जानती है कि आदिवासी समाज में रिश्तों और सम्मान की बातों का कोई राजनैतिक सरोकार नहीं होता। ऐसे में यदि झामुमो सीता सोरेन का विरोध करता है तो पूरे आदिवासी क्षेत्र में यह नैरेटिव बनता चला जाएगा कि महज एक राज्यसभा सीट के लिए झामुमो ने अपने परिवार और शिबू सोरेन का ही अपमान कर दिया है। दूसरी ओर झामुमो यदि नरमी दिखाता है तो कांग्रेस यह आरोप लगाने से कहां चुकेगी कि गठबंधन धर्म के विरुद्ध जाकर हेमंत सोरेन ने भाजपा के साथ कोई न कोई "सेटिंग" जरूर कर ली है। मतलब साफ है कि यह चुनाव ऐसा जाल बनने जा रहा है जिसमें अभी से हर रास्ता झामुमो के राजनैतिक नुकसान की ओर जाता दिखाई पड़ रहा है। ऐसी स्थिति में, सबसे ज्यादा बेचैनी कांग्रेस खेमे में है। कांग्रेस गठबंधन में है, सत्ता में भी है और खुल कर विरोध करने की स्थिति में भी नहीं है। इसका परिणाम सामने है क्योंकि सम्मानजनक हिस्सेदारी को लेकर वह लगातार हाशिए पर बनी हुई है और सिर्फ संख्या पूरी करने का माध्यम बनकर रह गई है। इन सबके बावजूद कांग्रेस की सबसे बड़ी मजबूरी यह है कि वह खुलकर टकराव भी नहीं कर सकती क्योंकि झारखंड उन गिने-चुने राज्यों में है जहाँ कांग्रेस अभी भी सत्ता का स्वाद चख रही है। लब्बोलुआब यह कि राज्यसभा चुनाव के कारण झारखंड की राजनीति अब उस मोड़ पर पहुँच चुकी है जहाँ हर दल की असली परीक्षा होने वाली है, जहाँ रिश्ते भी कटघरे में होंगे और गठबंधन की अग्निपरीक्षा भी होगी। बहरहाल नतीजा कुछ भी हो, अब झामुमो को यह तय करना है कि वह सत्ता बचाए या भावनात्मक छवि? कांग्रेस को तय करना है कि वह आत्मसम्मान बचाए या सरकार? भाजपा को तय करना है कि उसका दांव सहानुभूति बटोर पाएगा या नहीं?

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## आज का दोहा

प्रेम, कि वक्त बिसात ज्यों, मंसूबे ले बीस।
कहां गए वे लोग जो, दे देते थे सीस।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप - 82925 53444 -संपादक

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', सह कार्यकारी संपादक : प्रवीण कुमार दूबे, स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : समाचार - news.rnmail@gmail.com, लेख - article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# नीट यूजी की अगले साल से होगी ऑनलाइन परीक्षा : धर्मेंद्र प्रधान

**एजेंसी। नई दिल्ली**

नीट यूजी 2026 की पुनर्परीक्षा 21 जून को कराई जाएगी। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि नीट यूजी पेपर रद्द होने के बाद सरकार ने नई परीक्षा तिथि घोषित कर दी है।



उन्होंने बताया कि 21 जून को री-एग्जामिनेशन कराया जाएगा। धर्मेंद्र प्रधान ने एक बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि अगले वर्ष से नीट यूजी परीक्षा पारंपरिक ओएमआर आधारित प्रणाली के बजाय कंप्यूटर आधारित परीक्षा मोड में आयोजित की जाएगी।

सरकार का मानना है कि कंप्यूटर आधारित परीक्षा से पेपर लीक और अन्य गड़बड़ियों पर अधिक प्रभावी नियंत्रण किया जा सकेगा। गौरतलब है कि नीट यूजी परीक्षा तीन मई को आयोजित की गई थी। पेपर लीक होने के बाद इसे रद्द कर दिया गया। अब यह परीक्षा दोबारा आयोजित करवाई जा रही है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने यह भी कहा कि अभी तक की जांच में सामने आया है कि कुछ ऐसे प्रश्न परीक्षा में आए थे, जो पहले से प्रसारित गेस पेपर से मिलते-जुलते थे। इसी वजह से परीक्षा की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए दोबारा परीक्षा कराने का निर्णय लिया गया।

उन्होंने कहा कि सरकार की नीति 'मालप्रैक्टिस के खिलाफ जीरो टॉलरेंस' की है। परीक्षा माफिया, एंटी-सोशल तत्व और तकनीक के जरिए फैलाए जा रहे भ्रम आज बड़ी चुनौती बन चुके हैं। सोशल मीडिया के माध्यम से गलत सूचनाएं फैलाकर छात्रों को गुमराह करने की कोशिश की जाती है और खुलेआम यह दावा किया जाता है कि नीट जैसी परीक्षाओं को भी तोड़ा जा सकता है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने नीट यूजी 2026 परीक्षा रद्द होने के बाद कहा कि सरकार परीक्षा की निष्पक्षता से कोई समझौता नहीं करेगी। रिपोर्ट्स के अनुसार, पेपर लीक और अनियमितताओं के आरोपों के बाद परीक्षा रद्द करने का फैसला लिया गया और मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी गई है। उन्होंने कहा कि एनटीए को 7 मई को परीक्षा में गड़बड़ियों की जानकारी मिली थी, जिसके बाद 8 मई को मामला केंद्रीय एजेंसियों को भेजा गया। बाद में परीक्षा रद्द कर दोबारा परीक्षा कराने का निर्णय लिया गया।

## एनटीए भी सीबीआई जांच के घेरे में, 2024 में किए थे सुधार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

एमबीबीएस जैसे महत्वपूर्ण कोर्स के लिए नीट परीक्षा आयोजित करवाने वाली संस्था नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) भी जांच के घेरे में है। सीबीआई एनटीए के अधिकारियों की भी जांच करेगी। 3 मई को आयोजित नीट परीक्षा पेपर लीक होने के कारण रद्द कर दी गई है। अब पेपर लीक को लेकर सीबीआई एनटीए की भूमिका की भी जांच करेगी। 21 जून को यह परीक्षा दोबारा आयोजित की जाएगी। केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने यह भी स्वीकार किया कि 2024 के बाद एनटीए में सुधार किए गए थे, लेकिन इसके बावजूद 2026 में फिर गड़बड़ी हुई। इसलिए अब एनटीए में और व्यापक सुधार किए जाएंगे। शुक्रवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) इस मामले की तह तक जाएगी। किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा, चाहे वह एनटीए के अंदर हो या बाहर। उन्होंने बताया कि परीक्षा में पारदर्शिता व सुचिता के लिए राधाकृष्णन समिति की सिफारिशों को लागू किया गया था।

## विधानसभा की कार्यवाही होगी लाइव स्ट्रीम : मुख्यमंत्री

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने शुक्रवार को विधानसभा में घोषणा की कि राज्य विधानसभा की कार्यवाही जल्द ही लाइव स्ट्रीम की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य पारदर्शिता बढ़ाना और जनता को अपने निर्वाचित प्रतिनिधियों के कामकाज से सीधे जोड़ना है। विधानसभा में संबोधन के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि अब से पश्चिम बंगाल विधानसभा के भीतर की कार्यवाही का लाइव प्रसारण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि राज्य के लोग वास्तविक समय में सदन की गतिविधियां देख सकेंगे और यह समझ पाएंगे कि उनके चुने हुए विधायक किस तरह बहस और चर्चाओं में भाग ले रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कदम शासन व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए उठाया जा रहा है। उनके अनुसार, जिन नागरिकों ने विधायकों को चुनकर सदन तक पहुंचाया है, उन्हें यह जानने का अधिकार है कि उनके प्रतिनिधि जनता के मुद्दों को किस तरह उठा रहे हैं और अपनी जिम्मेदारियां निभा रहे हैं।

# आरजी कर कांड में ममता की भूमिका की भी होगी जांच : शुभेंदु अधिकारी

- आधिकारिक रूप से कोलकाता पुलिस या गृह विभाग की प्रवक्ता नहीं थीं, फिर भी सार्वजनिक रूप से लगातार बयान दे रही थीं



**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल में आरजी कर मेडिकल कॉलेज की महिला चिकित्सक से दुष्कर्म और हत्या मामले में अब पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की भूमिका की भी जांच होगी। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री शुभेंदु अधिकारी ने शुक्रवार को नवान्न में इसकी घोषणा करते हुए इस मामले में तीन आईपीएस अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है। वहीं, पीड़िता की मां व पानीहाटी से भाजपा विधायक ने मुख्यमंत्री के इस फैसले का स्वागत किया है। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि आरजी कर कांड की फाइल दोबारा खोली जा रही है और उस समय जिम्मेदारी संभाल रहे अधिकारियों की भूमिका की विभागीय जांच होगी। जिन अधिकारियों को सस्पेंड किया गया है उनमें तत्कालीन कोलकाता पुलिस आयुक्त विनीत गोयल, तत्कालीन डीसी नॉर्थ अभिषेक गुप्ता और तत्कालीन डीसी सेंट्रल इंदिरा मुखोपाध्याय शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि गृह मंत्री का पद संभालने के बाद उन्होंने मुख्य सचिव और गृह सचिव से आरजी कर मामले तथा उसके बाद की परिस्थितियों को लेकर विस्तृत रिपोर्ट मांगी थी। रिपोर्ट के आधार पर प्रारंभिक प्रशासनिक कार्रवाई करते हुए यह फैसला लिया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि मामले को सही तरीके से हैंडल नहीं किया गया और प्राथमिकी दर्ज करने से लेकर शुरुआती जांच तक कई स्तर पर गंभीर चूक हुई।

## आरजी कर मामले की फिर होगी जांच तीन आईपीएस अधिकारी निलंबित

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सरकार ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज की महिला चिकित्सक से दुष्कर्म और हत्या मामले में बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई करते हुए तीन आईपीएस अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने शुक्रवार को नवान्न में इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि मामले की फाइल दोबारा खोली जाएगी और उस समय जिम्मेदारी संभाल रहे अधिकारियों के खिलाफ विभागीय जांच शुरू होगी। निलंबित अधिकारियों में पूर्व कोलकाता पुलिस आयुक्त विनीत गोयल, तत्कालीन पुलिस उपायुक्त (सेंट्रल) इंदिरा मुखोपाध्याय और तत्कालीन पुलिस उपायुक्त (नॉर्थ) अभिषेक गुप्ता शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन अधिकारियों पर कर्तव्य में लापरवाही और मामले को सही ढंग से नहीं संभालने के आरोप हैं। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि गृह मंत्री का कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने मुख्य सचिव और गृह सचिव से आरजी कर मामले और उससे जुड़ी घटनाओं पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी थी। उन्होंने कहा कि जानकारी और तथ्यों की समीक्षा के बाद सरकार ने यह प्रशासनिक फैसला लिया है। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज करने और शुरुआती कार्रवाई में गंभीर गड़बड़ियां हुई थीं।

## ईडी ने कोलकाता पुलिस के डीसीपी शांतनु सिन्हा को किया गिरफ्तार

**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को कोलकाता पुलिस के डिप्टी कमिश्नर (डीसीपी) शांतनु सिन्हा विश्वास गुरुवार को करीब साढ़े 10 घंटे तक चली पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया।



यह मामला कथित रंगदारी और जमीन कब्जाने वाले रैकेट से जुड़ा है, जिसे कथित तौर पर वांछित अपराधी बिस्वजीत पोद्दार उर्फ "सोना पाप्पू" और कारोबारी जय कामदार चला रहे थे। शुक्रवार को उन्हें अदालत में पेश किया जाएगा। ईडी के एक अधिकारी ने शुक्रवार सुबह गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया कि शांतनु सिन्हा विश्वास जांच में सहयोग नहीं कर रहे थे, जिसके चलते यह कार्रवाई की गई। सूत्रों के मुताबिक, गुरुवार सुबह से ही कोलकाता के सीजीओ कॉम्प्लेक्स स्थित ईडी कार्यालय में उनसे पूछताछ चल रही थी।पूछताछ के दौरान जानकारी छिपाने और जांच में सहयोग नहीं करने के आरोप में उन्हें रात करीब 10 बजे गिरफ्तार किया गया। ईडी ने इससे पहले भी उन्हें कई बार पूछताछ के लिए नोटिस भेजे थे। बिस्वास को 28 अप्रैल को भी पेश होने के लिए कहा गया था, जो पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान से एक दिन पहले की तारीख थी, लेकिन वह उस दिन भी उपस्थित नहीं हुए। लगातार अनुपस्थित रहने के बाद एजेंसी ने बुधवार को उनके ठिकाने का पता लगाने के लिए सुरक्षा निदेशालय की मदद भी मांगी थी। बता दें कि, कोलकाता पुलिस द्वारा दर्ज एफआईआर में सोना पाप्पू पर रंगदारी, दंगा, हत्या के प्रयास, आपराधिक साजिश और आर्म्स एक्ट के तहत कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

## अमेरिका में भारतीय मूल के युवक को हथियार तस्करी में 64 माह की जेल

**वाशिंगटन।** अमेरिका के कैलिफोर्निया में भारतीय मूल के जशनप्रीत सिंह को हथियारों की तस्करी और मशीनगन रखने के आरोप में 64 महीने की जेल की सजा सुनाई गई है। पंजाब निवासी 27 वर्षीय जशनप्रीत सिंह को पूरे पांच साल और चार महीने संघीय जेल में गुजारने होंगे। यह घोषणा अमेरिकी अटॉर्नी एरिक ग्रांट ने की। यूनाइटेड स्टेट्स अटॉर्नी ऑफिस ईस्टर्न डिस्ट्रिक्ट ऑफ कैलिफोर्निया की वेबसाइट पर जशनप्रीत को सजा सुनाने और उसके जुर्म का विवरण साझा किया गया है। 'पंजाबी डेविल्स' को असल में हथियारों की तस्करी और "हेल्स एंजेल्स" से जुड़ा एक अपराधी गिरोह बताया गया है। 06 जून, 2025 को जशनप्रीत ने एक अंडरकवर अधिकारी को हथियार (असाल्ट हथियार, रिवॉल्वर, मशीनगन) बेचने की कोशिश की।

# नशा मुक्त भारत के लिए वैश्विक एकजुटता जरूरी : अमित शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाहने शुक्रवार को नई दिल्ली में आयोजित आर.एन. काव स्मृति व्याख्यान-2026 को संबोधित करते हुए कहा कि नशीले पदार्थों के खिलाफ लड़ाई केवल कानून-व्यवस्था का विषय नहीं, बल्कि मानवता और आने वाली पीढ़ियों की सुरक्षा से जुड़ा वैश्विक मुद्दा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने वर्ष 2047 तक "नशा मुक्त भारत" का लक्ष्य तय किया है और इसके लिए सुरक्षा एजेंसियां समन्वित रणनीति पर काम कर रही हैं। गृह मंत्री ने कहा कि भारत की "जीरो टॉलरेंस" नीति के तहत देश यह सुनिश्चित करेगा कि नशीले पदार्थों का एक ग्राम भी न तो भारत में प्रवेश करे और न ही यहां से बाहर जाए।



उन्होंने कहा कि ड्रग्स से होने वाली कमाई का उपयोग आतंकवाद, संगठित अपराध और समानांतर अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने में किया जाता है, जिससे राष्ट्रीय सुरक्षा पर गंभीर खतरा उत्पन्न होता है। उन्होंने दुनिया के सभी देशों से ड्रग्स के खिलाफ साझा कानूनी ढांचा बनाने, खुफिया जानकारी साझा करने, सीमा-पार अभियान चलाने और अंतरराष्ट्रीय अपराधियों के प्रत्यर्पण में सहयोग बढ़ाने की अपील की।

शाह ने बताया कि पिछले दो वर्षों में भारत ने मित्र देशों के सहयोग से 40 से अधिक अंतरराष्ट्रीय अपराधियों को वापस लाने में सफलता हासिल की है।

अमित शाह ने कहा कि ड्रग्स के खिलाफ लड़ाई भू-राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर लड़ी जानी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि दुनिया ने अभी गंभीर कदम नहीं उठाए तो आने वाले वर्षों में इसका दुष्प्रभाव और भयावह हो सकता है। कार्यक्रम में विभिन्न देशों के राजदूत, सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारी तथा रामेश्वर नाथ काओ के परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

## नीट पेपर लीक के मास्टरमाइंड को सीबीआई ने पुणे से किया गिरफ्तार

- मुख्य आरोपी रसायन विज्ञान के प्रध्यापक हैं

**एजेंसी। लातूर**



केंद्रीय जांच ब्यूरो ने नीट-यूजी प्रश्नपत्र लीक मामले में बड़ी कार्रवाई की है। सीबीआई ने मामले में कथित सरगना की पहचान करके उसे अरेस्ट कर लिया है। सीबीआई ने प्रोफेसर को महाराष्ट्र के पुणे से गिरफ्तार किया है। सीबीआई के अधिकारियों के अनुसार, पुणे से गिरफ्तार प्रोफेसर पी वी कुलकर्णी लातूर के रहने वाले हैं और रसायन विज्ञान के विशेषज्ञ हैं। वह कई सालों तक नीट परीक्षा का प्रश्नपत्र तैयार करने वाली समिति का हिस्सा रहे थे। सीबीआई की टीम न बताया कि प्रोफेसर कुलकर्णी को पुणे स्थित उनके घर से गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों ने कहा कि प्रश्नपत्रों तक पहुंच होने के कारण प्रोफेसर कुलकर्णी अपने घर पर विशेष कोचिंग कक्षाएं चलाते थे। इस मामले की जानकारी रखने वाले एक अधिकारी ने बताया कि अप्रैल 2026 के अंतिम सप्ताह के दौरान प्रोफेसर कुलकर्णी ने एक अन्य आरोपी मनीषा वाघमारे की मदद से छात्रों को संगठित किया था। मनीषा वाघमारे को सीबीआई ने 14 मई को गिरफ्तार किया था। अधिकारी ने बताया कि प्रोफेसर कुलकर्णी ने कथित तौर पर इन विशेष कक्षाओं के दौरान प्रश्न, उनके विकल्प और सही उत्तर छात्रों को बोलकर लिखवाए।

## राजस्थान के सीकर में नीट परीक्षा रद्द होने पर छात्र ने की आत्महत्या

**जयपुर।** नीट परीक्षा रद्द होने के बाद देशभर में फैले आक्रोश और अनिश्चितता के माहौल में, राजस्थान के कोचिंग केंद्र सीकर में शुक्रवार को एक मेडिकल परीक्षा के उम्मीदवार ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। परिवार के सदस्यों का दावा है कि परीक्षा रद्द होने के बाद से छात्र गंभीर मानसिक तनाव में था। मृतक की पहचान प्रदीप माहिच के रूप में हुई है, जो पिपराली रोड स्थित जलधारी नगर इलाके में अपने किराए के कमरे में फांसी पर लटका हुआ मिला। पुलिस और परिवार के सदस्यों के अनुसार, उसने कमरे में अकेले रहते हुए अपनी बहन के दुपट्टे का इस्तेमाल करके छत के पंखे से फांसी लगा ली। प्रदीप पिछले तीन वर्षों से सीकर में नीट की तैयारी कर रहा था और कथित तौर पर नीट-यूजी 2026 में 650 से अधिक अंक प्राप्त करने की उम्मीद कर रहा था। उनके परिवार ने बताया कि उन्हें पूरा विश्वास था कि इस साल सरकारी मेडिकल कॉलेज में दाखिला मिलने की उनकी पूरी संभावना है, लेकिन परीक्षा रद्द होने के बाद वे गहरे सदमे में आ गए। इस घटना ने कोचिंग सेंटर में शोक और आक्रोश का माहौल पैदा कर दिया है। परिवार के सदस्यों के अनुसार, प्रदीप अपनी दो बहनों के साथ एक रिहायशी इमारत की चौथी मंजिल पर किराए के टिन-शेड वाले कमरे में रहते थे। दोनों बहनें रेलवे भर्ती परीक्षा की तैयारी कर रही हैं। शुक्रवार दोपहर को उनकी छोटी बहन कोचिंग क्लास में थी, जबकि बड़ी बहन बाथरूम में थी, तभी यह घटना घटी।

# 1951 से 2026 तक असम, बंगाल और पुडुचेरी में मतदान व मतदाता बढ़े

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत निर्वाचन आयोग ने असम, केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी की चुनावी यात्रा का विस्तृत डेटा जारी किया है। इसमें आजादी के बाद हुए पहले आम और विधानसभा चुनावों से लेकर अप्रैल और मई 2026 में हुए विधानसभा चुनावों तक का पूरा ब्योरा शामिल है।

ये आंकड़े दशकों के दौरान मतदाताओं की संख्या में हुई भारी बढ़ोतरी को दिखाते हैं। साथ ही, इन क्षेत्रों में मतदान में लगातार ऊंची भागीदारी को भी उजागर करते हैं।



भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने 'चुनाव का पर्व, मतदाता का गर्व' थीम के तहत ये आंकड़े जारी किए हैं। इन आंकड़ों से यह पता चलता है कि इन चार राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश में मतदाताओं की संख्या दशकों के दौरान कई गुना बढ़ गई है, जबकि मतदान में भागीदारी देश में सबसे ऊंची दरों में से एक बनी हुई है। सभी राज्यों में पश्चिम बंगाल ने विधानसभा चुनावों में 93.71 प्रतिशत के साथ सबसे ज्यादा वोटिंग प्रतिशत दर्ज किया है, जो आजादी के बाद से अब तक का सबसे ज्यादा है। राज्य में चुनावी भागीदारी का ग्राफ आजादी के बाद के शुरुआती दशकों से लगातार ऊपर चढ़ता हुआ दिखता है।

1950 के दशक में जब वोटिंग 50 प्रतिशत से कम रहती थी। वहीं, 1970 के दशक के आखिर से लोकसभा और विधानसभा चुनावों में यह लगातार 75 प्रतिशत के आंकड़े को पार करती रही है। राज्य में वोटरों की संख्या 1951 के लगभग 76 लाख से बढ़कर 2026 के विधानसभा चुनावों से पहले 6.38 करोड़ से भी ज्यादा हो गई है।

असम में हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनाव में भागीदारी में जबरदस्त बढ़ोतरी देखने को मिली है। मतदान का आंकड़ा 86.33 प्रतिशत है। राज्य में मतदाताओं की संख्या में भारी इजाफा हुआ है।

1951 में जहां लगभग 24 लाख मतदाता थे, वहीं 2026 तक यह संख्या बढ़कर 2.16 करोड़ से ज्यादा हो गई है। हालांकि, आयोग ने 1983 के विधानसभा चुनावों में मतदाताओं की संख्या में भारी गिरावट की ओर भी इशारा किया है। ये चुनाव उस समय हुए थे जब राज्य में हिंसा अपने चरम पर थी। उस समय मतदान लगभग 32 प्रतिशत था। कई निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान बहुत ही कम हुआ था, जिसके चलते 1983 का चुनाव असम के इतिहास के सबसे अशांत में से एक बन गया। तमिलनाडु में, आयोग द्वारा दिखाए गए ताजा रुझानों के अनुसार, मतदान में भागीदारी 86.03 प्रतिशत तक पहुंच गई है। राज्य के मतदाताओं की संख्या 1967 के चुनावों में लगभग 1.59 करोड़ से बढ़कर 2026 के चुनावों तक लगभग 4.94 करोड़ हो गई है। मतदान का यह ग्राफ लगातार हुए चुनावों में स्थिर और उच्च जनभागीदारी को दर्शाता है, विशेष रूप से 1970 के दशक के बाद से।

केरल में 9 अप्रैल को हुए विधानसभा चुनावों में मतदान का ताजा आंकड़ा 79.53 प्रतिशत दर्ज किया गया। राज्य ने 1957 में लगभग 58 लाख मतदाताओं के साथ अपनी चुनावी यात्रा शुरू की थी। अब यह आंकड़ा 2.16 करोड़ मतदाताओं को पार कर चुका है।

## दृष्टिपात

### सिद्धिविनायक मंदिर की दानपेटी से चोरी करते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया चोर

**मुंबई।** मुंबई के रिहायशी डोंबिवली एमआईडीसी इलाके में स्थित प्रसिद्ध सिद्धिविनायक मंदिर में शुक्रवार सुबह एक चोर को दानपेटी से पैसे चुराते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया गया। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह घटना सुबह करीब 6:34 बजे हुई और मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों में पूरी वारदात रिकॉर्ड हो गई। जानकारी के मुताबिक आरोपी खुद को श्रद्धालु बताकर मंदिर में दर्शन करने के बहाने दाखिल हुआ। कुछ देर मंदिर में रुकने के बाद उसने कथित तौर पर गोंद लगी एक पतली लकड़ी की छड़ी की मदद से दानपेटी में रखे नोट बाहर निकालने शुरू कर दिए। बाद में मंदिर प्रबंधन ने सीसीटीवी फुटेज देखते समय संदिग्ध हरकत देखी। इसके बाद मंदिर के कोषाध्यक्ष चंद्रशेखर शिंदे और सुबह दर्शन के लिए आए श्रद्धालु ने तुरंत आरोपी को पकड़ लिया, इससे पहले कि वह वहां से भाग पाता। इसके बाद आरोपी को आगे की जांच और कानूनी कार्रवाई के लिए मानपाडा पुलिस स्टेशन के हवाले कर दिया गया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक आरोपी दानपेटी से काफी रकम निकाल चुका था, तभी उसे पकड़ा गया। पुलिस अब उससे पूछताछ कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या वह पहले भी इलाके में ऐसी चोरी की घटनाओं में शामिल रहा है।

### भारत-नेपाल सीमा पर सोमालियाई नागरिक गिरफ्तार

- फर्जी दस्तावेजों के सहारे नेपाल भागने की कोशिश नाकाम

**पूर्वी चंपारण।** बिहार के पूर्वी चंपारण जिला से लगते रक्सौल भारत-नेपाल सीमा पर सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) और इमिग्रेशन विभाग की संयुक्त कार्रवाई में एक सोमालियाई नागरिक को गिरफ्तार किया गया है। आरोपित बिना वैध इमिग्रेशन क्लीयरेंस के नेपाल जाने की कोशिश कर रहा था। जांच में सामने आया है कि वह मेडिकल वीजा की अवधि समाप्त होने के बाद फर्जीवाड़ा कर भारत में अवैध रूप से रह रहा था। गिरफ्तार विदेशी नागरिक की पहचान सोमाली रिपब्लिक निवासी महमेद अहमद फराह खदरा गेडी मोहामूद के रूप में हुई है। अधिकारियों के अनुसार वह पिछले कुछ समय से हैदराबाद के टोली चौकी इलाके में अपने अन्य सोमालियाई साथियों के साथ रह रहा था। सुरक्षा एजेंसियां अब उसके भारत में रहने, संपर्कों और गतिविधियों की विस्तृत जांच में जुट गई हैं। दरअसल, शुक्रवार को एसएसबी की बीआईटी टीम भारत-नेपाल सीमा पर स्थित मैत्री पुल पर नियमित जांच अभियान चला रही थी। इसी दौरान नेपाल की ओर जाने की कोशिश कर रहे एक विदेशी नागरिक के हाव-भाव संदिग्ध लगे। जवानों ने उसे रोककर पूछताछ शुरू की। रक्सौल एसडीपीओ मनीष आनंद ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में ही युवक की गतिविधियां संदिग्ध प्रतीत हुईं। इसके बाद जब उसके यात्रा दस्तावेजों और पासपोर्ट की गहन जांच की गई तो कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए।

### पीएम मोदी की अपील का असर

### दिल्ली हज समिति की विशेष पहल, बस छोड़कर मेट्रो का इस्तेमाल करेंगे हजयात्री

**नई दिल्ली।** वैश्विक ईंधन संकट के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ईंधन बचत की अपील का समर्थन करते हुए दिल्ली राज्य हज समिति ने एक विशेष पहल की है। इस बार हज जाने वाले यात्री इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे तक पहुंचने के लिए बड़े वाहनों के बजाय मेट्रो एयरपोर्ट एक्सप्रेस का उपयोग करेंगे। दिल्ली राज्य हज समिति की अध्यक्ष कौसर जहां ने गुरुवार को आईएएनएस से बातचीत में कहा, "पीएम मोदी की ऊर्जा और ईंधन बचत की अपील हर देशवासी का कर्तव्य है। पूरी दुनिया फिलहाल ऊर्जा संकट से जूझ रही है। इसके दुष्प्रभाव अन्य क्षेत्रों में भी दिख रहे हैं। भारत उन चुनिंदा देशों में शामिल है, जहां सरकार ने पूरा प्रयास किया कि इस संकट का असर आम आदमी पर कम से कम पड़े।" कौसर जहां ने कहा, "इतने बड़े संकट के बावजूद सरकार की कोई जनकल्याण योजना नहीं रुकी। पीएम मोदी की यह अपील सोच-समझकर और देशहित में की गई है। हम सभी उनके साथ खड़े हैं।

### रामेश्वरम मंदिर में लड्डू घोटाला

### मुफ्त प्रसाद बेचकर 3.40 करोड़ की धोखाधड़ी, छह कर्मचारी निलंबित

**रामनाथपुरम।** अरुलमिगु रामनाथस्वामी मंदिर में श्रद्धालुओं को मुफ्त वितरित किए जाने वाले लड्डू प्रसाद को अवैध रूप से बेचकर 3 करोड़ 40 लाख रुपये से अधिक की धोखाधड़ी करने के मामले में मंदिर प्रशासन ने एक जूनियर असिस्टेंट सहित छह कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है। मामले का खुलासा उस समय हुआ जब पिछले मार्च महीने में मंदिर के संयुक्त आयुक्त सेलत्तुरई ने लड्डू प्रसाद की तैयारी और आय-व्यय खातों की अचानक जांच कराई। जांच के दौरान कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। प्राथमिक जांच में पता चला कि प्रसाद निर्माण और बिक्री के प्रभारी जूनियर असिस्टेंट के. पंचमूर्ति ने मुफ्त बांटे जाने वाले लड्डुओं की संख्या रिकॉर्ड में कम दिखाकर उन्हें स्टॉलों के माध्यम से अवैध रूप से बेच दिया। इसके जरिए बड़ी मात्रा में धन एकत्र किया गया। इसके बाद संबंधित कर्मचारियों और अन्य स्टाफ से लगातार पूछताछ की गई। जांच में यह पुष्टि हुई कि जूनियर असिस्टेंट के. पंचमूर्ति के नेतृत्व में कर्मचारियों का एक समूह लंबे समय से इस घोटाले को अंजाम दे रहा था।

### नासिक टीसीएस केस में पांच आरोपियों की जमानत याचिका खारिज

**नासिक।** टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) से जुड़े कथित अत्याचार और धार्मिक भावना आहत करने के मामले में नासिक सेशन कोर्ट ने गुरुवार को बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने इस मामले में न्यायिक हिरासत में चल रहे पांचों आरोपियों की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। अदालत के इस फैसले के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि सभी आरोपी फिलहाल सेंट्रल जेल में ही रहेंगे। जानकारी के अनुसार, आरोपी अश्विनी चेनानी, रजा मेनन, आसिफ अंसारी, शाहरुख कुरेशी और तौसिफ अत्तार ने जमानत के लिए आवेदन किया था। सेशन कोर्ट में उनकी याचिका पर सुनवाई हुई, जहां अदालत ने मामले की गंभीरता को देखते हुए राहत देने से इनकार कर दिया। पुलिस के अनुसार, टीसीएस कंपनी से जुड़े इस प्रकरण में अत्याचार और धार्मिक भावना आहत करने के आरोप लगाए गए हैं। जांच एजेंसियां इस पूरे प्रकरण की गहराई से जांच कर रही हैं और आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है।

### संघर्ष में शामिल देशों को छोड़कर होर्मुज स्ट्रेट सभी देशों के लिए खुला: अराघची

**नई दिल्ली।** ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने शुक्रवार को कहा कि होर्मुज स्ट्रेट सामान्य वाणिज्यिक जहाजों के लिए खुला रहेगा, लेकिन उन देशों के जहाजों को इसमें प्रवेश की अनुमति नहीं होगी, जो ईरान के साथ संघर्ष में शामिल हैं। उनका यह बयान ऐसे समय में आया है, जब यह जलमार्ग वैश्विक तेल और व्यापार के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। नई दिल्ली में शुक्रवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए ईरानी विदेश मंत्री ने कहा कि ईरान लगातार जहाजों के सुरक्षित गुजरने की सुविधा दे रहा है और उसने पहले भी कई भारतीय जहाजों को रास्ता दिया है। सैयद अब्बास अराघची ने कहा कि सभी जहाजों की सुरक्षित आवाजाही ईरान की नीति और हित में है और तेहरान उन लोगों की मदद करने के लिए तैयार है जो सुरक्षित आवागमन चाहते हैं।





# सीसीपीए ने भ्रामक विज्ञापन करने वाले कोचिंग संस्थानों पर की कार्रवाई

**1.39 करोड़ रुपए से अधिक का जुर्माना लगाया**

- **सीसीपीए ने 31 कोचिंग संस्थानों पर लगाया भारी जुर्माना**
- **भ्रामक विज्ञापनों पर 1.39 करोड़ रुपए से अधिक की कार्रवाई**

**एजेंसी । नई दिल्ली**



केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने कोचिंग क्षेत्र में भ्रामक विज्ञापनों और अनुचित व्यापार प्रथाओं के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। इन कोचिंग संस्थानों को 60 से अधिक नोटिस जारी किए गए और उन पर 1.39 करोड़ रुपए से अधिक का जुर्माना लगाया गया है। यह जानकारी उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने शुक्रवार को दी। उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया कि छात्रों के हितों की रक्षा और कोचिंग क्षेत्र में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए, सीसीपीए ने अब तक भ्रामक विज्ञापनों और अनुचित व्यापार प्रथाओं के लिए कोचिंग संस्थानों को 60 से अधिक नोटिस जारी किए हैं। विस्तृत जांच के बाद, सीसीपीए ने यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा (सीएसई), आईआईटी-जेईई, नीट, आरबीआई और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग देने वाले 31 कोचिंग संस्थानों पर 1.39 करोड़ रुपए से अधिक का जुर्माना लगाया है। मंत्रालय ने आगे कहा कि सीसीपीए ने भ्रामक विज्ञापनों, अनुचित व्यापार प्रथाओं और उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के अंतर्गत उपभोक्ता अधिकारों के उल्लंघन में लिप्त पाए जाने पर मोशन एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ 10 लाख रुपए का जुर्माना और सीकर स्थित करियर लाइन कोचिंग (सीएलसी) के खिलाफ 5 लाख रुपए का जुर्माना लगाते हुए अंतिम आदेश पारित किया है। मंत्रालय ने कहा कि मुख्य आयुक्त निधि खरे और आयुक्त अनुपम मिश्र की अध्यक्षता वाले केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने मोशन एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड और करियर लाइन कोचिंग (सीएलसी), सीकर के खिलाफ आदेश पारित किए हैं। प्राधिकरण ने पाया कि कोचिंग संस्थानों ने आईआईटी-जेईई और नीईटी परीक्षाओं में सफल उम्मीदवारों के नाम, फोटो और उपलब्धियों का प्रमुखता से उपयोग करते हुए बड़े-बड़े दावे किए और इन उम्मीदवारों द्वारा चुने गए विशिष्ट पाठ्यक्रमों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी छिपाई। सीसीपीए ने दोनों कोचिंग संस्थानों को तत्काल प्रभाव से भ्रामक विज्ञापन बंद करने, भविष्य में भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित न करने और भविष्य के विज्ञापनों में सत्य और पूर्ण जानकारी देने का निर्देश दिया था। हालांकि, दोनों संस्थानों ने राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (एनसीडीआरसी) के समक्ष अपील दायर करके सीसीपीए के आदेशों को चुनौती दी है।

मंत्रालय ने आगे कहा कि उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 उपभोक्ताओं को सूचित होने का अधिकार प्रदान करता है, जिसमें सत्य और सटीक जानकारी प्राप्त करने का अधिकार भी शामिल है, जिससे वे सोच-समझकर निर्णय ले सकें ।

# एक ही हवाई रूट का किराया 8 और 18 हजार आखिर क्यों?

## सुप्रीम कोर्ट ने मांगा जवाब

**एजेंसी । नई दिल्ली**



सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एयरलाइनों द्वारा टिकटों की मनमानी और अत्यधिक कीमतों पर गंभीर चिंता व्यक्त की और केंद्र सरकार को यात्रियों पर बोझ कम करने के उपाय तलाशने का निर्देश दिया। जस्टिस विक्रम नाथ और संदीप मेहता की बेंच ने एक ही दिन एक ही रूट पर किराए में भारी असमानता को उजागर करते हुए सवाल उठाया कि एक एयरलाइन इकोनॉमी सीट के लिए 8000 रुपये क्यों वसूलती है, जबकि दूसरी 18,000 रुपये मांगती है। सुनवाई के दौरान, न्यायाधीशों ने इस बात पर जोर दिया कि "कुछ तर्कसंगतता होनी चाहिए", क्योंकि सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत को बताया कि 2024 में पारित नया विमानन कानून अब लागू हो चुका है और इसके नियमों पर अभी भी विचार-विमर्श चल रहा है। उन्होंने आगे कहा कि सरकार इस समस्या को स्वीकार करती है और मामले को निष्पक्ष मानते हुए समाधानों पर विचार कर रही है।

**याचिकाकर्ता ने कड़े नियमन की मांग की :** यह मामला सामाजिक कार्यकर्ता एस. लक्ष्मीनारायणन द्वारा दायर याचिका से जुड़ा है, जिसमें उन्होंने हवाई किराए में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और अप्रत्याशित बढ़ोतरी और अतिरिक्त शुल्कों पर अंकुश लगाने के लिए एक स्वतंत्र नियामक के गठन का आग्रह किया था।

## एलपीजी और तेल की कमी होगी दूर

# भारत ने यूएई के साथ तेल और गैस समझौता किया

**एजेंसी । नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी पांच देशों की यात्रा के पहले चरण के तहत शुक्रवार (14 तारीख) को संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी अबू धाबी पहुंचे। वहां यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने उनका भव्य स्वागत किया। इसके बाद दोनों शीर्ष नेताओं के बीच एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय वार्ता संपन्न हुई, जिसमें रक्षा और ऊर्जा जैसे अहम क्षेत्रों में कई बड़े समझौतों पर मुहर लगी है। दोनों देशों ने रक्षा संबंधों को और मजबूत करते हुए रणनीतिक रक्षा साझेदारी के लिए एक नए ढांचे (फ्रेमवर्क) पर सहमति जताई है। रणनीतिक पेट्रोलियम रिजर्व (भंडार) स्थापित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इसके साथ ही लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस की आपूर्ति को लेकर भी एक महत्वपूर्ण करार हुआ है। गुजरात के वाडिनार में जहाजों की मरम्मत के लिए एक विशेष क्लस्टर (केंद्र) बनाने को लेकर भी एमओयू साइन किया गया है। भारतीय इंफ्रास्ट्रक्चर (बुनियादी ढांचे), आरबीएल बैंक और सम्मान कैपिटल में कुल 5 अरब अमेरिकी डॉलर के बड़े निवेश का ऐलान किया गया है।

**भारत और यूएई के बीच आज हुई उच्च स्तरीय बैठकों में संपन्न हुए प्रमुख समझौते :** भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच रणनीतिक रक्षा साझेदारी के ढांचे पर समझौता। ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार पर समझौता ज्ञापन। दीर्घकालिक ऊर्जा सहयोग को बढ़ावा देने के लिए द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) की आपूर्ति पर समझौता। समुद्री क्षमताओं और बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए वडीनार में जहाज मरम्मत क्लस्टर स्थापित करने हेतु समझौता ज्ञापन। भारतीय बुनियादी ढांचे, आरबीएल बैंक और सम्मान कैपिटल को शामिल करते हुए 5 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश की घोषणा, जिसका उद्देश्य पूंजी प्रवाह और वित्तीय क्षेत्र के विकास को बढ़ावा देना है।

## 5 अरब डॉलर के हुए व्यापार समझौते

**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यात्रा के दौरान शुक्रवार को भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में कई समझौते हुए। इसमें द्विपक्षीय रणनीतिक रक्षा साझेदारी, एलपीजी की आपूर्ति एवं रणनीतिक पेट्रोलियम रिजर्व और भारत के आरबीएल बैंक, सम्मान कैपिटल और इन्फ्रास्ट्रक्चर में 5 अरब डॉलर का निवेश शामिल है। इसके अलावा, दोनों देश के बीच गुजरात के वाडिनार में एक शिप रिपेयरिंग क्लस्टर को स्थापित करने के लिए समझौता हुआ है। अबू धाबी में प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के दौरान बोलते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, "भारत हर परिस्थिति में संयुक्त अरब अमीरात के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है और आगे भी खड़ा रहेगा।

**मधुमिता शुक्ला हत्याकांड**

# 22 साल जेल काटने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने दोषी को दी राहत

**एजेंसी । नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कवयित्री मधुमिता शुक्ला हत्याकांड में दोषी ठहराए गए लोगों में से एक रोहित चतुर्वेदी को समय से पहले रिहा करने का आदेश दिया। कोर्ट ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्रालय का उसकी सजा माफी की अर्जी को खारिज करने का फैसला मनमाना, बिना किसी स्पष्टीकरण के और कानून एवं मेरिट के आधार पर टिकने लायक नहीं था। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की बेंच ने गृह मंत्रालय (एमएचए) द्वारा 9 जुलाई, 2025 को जारी उस पत्र को रद्द कर दिया, जिसमें उत्तराखंड सरकार की उस सिफारिश से सहमत होने से इनकार कर दिया गया था, जिसमें चतुर्वेदी को 22 साल से ज्यादा जेल में बिताने के बाद रिहा करने की बात कही गई थी।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह बिल्कुल साफ है कि यह पत्र पहली नजर में ही बिना किसी ठोस आधार के है, क्योंकि इसमें सक्षम अधिकारी द्वारा लिए गए फैसले का कोई भी कारण नहीं बताया गया है। कोर्ट ने आगे कहा कि कारणों को दर्ज करना महज एक औपचारिकता नहीं है। यह मनमानी के खिलाफ एक सुरक्षा कवच है और फैसले लेने की प्रक्रिया में पारदर्शिता, निष्पक्षता और जवाबदेही सुनिश्चित करता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि एमएचए के आदेश में सिर्फ यह कहा गया था कि वह उत्तराखंड सरकार के प्रस्ताव से सहमत नहीं है, लेकिन असहमति का आधार नहीं बताया गया।

## मध्य प्रदेश हाईकोर्ट का बाबरी की तरह बड़ा फैसला

# भोजशाला परिसर मंदिर नमाज की अनुमति रद्द

**एजेंसी । भोपाल**



मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने धार स्थित भोजशाला पर बड़ा फैसला सुनाते हुए परिसर को मंदिर करार दिया है। शुक्रवार को जस्टिस विजय कुमार शुक्ला और जस्टिस आलोक अवस्थी की बेंच ने उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें मुसलमानों को भोजशाला परिसर पर नमाज की इजाजत दी गई थी। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर बेंच ने भोजशाला परिसर को मां वाग्देवी (सरस्वती) का प्राचीन मंदिर माना। इसके साथ ही, अदालत ने हिंदू पक्ष के दावे को स्वीकार किया। कोर्ट ने कहा कि इस इमारत का धार्मिक स्वरूप एक मंदिर का है और मुसलमान मस्जिद के लिए किसी दूसरी जगह जमीन के लिए अर्जी दे सकते हैं। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा, "भोजशाला परिसर और कमल मौला मस्जिद का विवादित इलाका एक संरक्षित स्मारक माना गया है। भोजशाला परिसर और कमल मौला मस्जिद के विवादित इलाके का धार्मिक स्वरूप भोजशाला का है, जिसमें देवी सरस्वती का मंदिर है। कोर्ट ने पाया कि इस जगह पर देवी सरस्वती को समर्पित एक मंदिर था और ऐतिहासिक साहित्य से यह साबित होता है कि यह जगह संस्कृत सीखने का एक केंद्र थी। अदालत ने उन याचिकाओं पर यह आदेश पारित किया, जिनमें भोजशाला परिसर को हिंदुओं के लिए वापस दिलाने और मुसलमानों को इसके परिसर में नमाज पढ़ने से रोकने की मांग की गई थी। हाईकोर्ट के फैसले पर एडवोकेट विष्णु शंकर जैन ने मीडिया से बात करते हुए कहा, "भोजशाला केस में हाईकोर्ट का बहुत अहम और ऐतिहासिक फैसला आया है।

## सुप्रीम कोर्ट जाएगा मुस्लिम पक्ष : ओवैसी



**नई दिल्ली ।** एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा भोजशाला विवादित ढांचे को देवी सरस्वती का मंदिर घोषित किए जाने पर कड़ी आपत्ति जताई और इसे बाबरी मस्जिद के फैसले के समान बताया। उन्होंने उम्मीद जताई कि सर्वोच्च न्यायालय इस फैसले को पलट देगा। ओवैसी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि हमें उम्मीद है कि सर्वोच्च न्यायालय इस मामले को सुलझाएगा और इस आदेश को पलट देगा। बाबरी मस्जिद के फैसले से इसमें स्पष्ट समानताएं हैं। इस मामले में मुस्लिम पक्ष ने भी सर्वोच्च न्यायालय में अपील करने की बात कही।

# प बंगाल के लिए रेलवे ने तीन परियोजनाओं को मंजूरी दी

**कोलकाता ।** भारतीय रेलवे ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के लिए तीन नई परियोजनाओं को मंजूरी दी। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी के अनुसार, उन्हें रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से परियोजनाओं से संबंधित तीन अलग-अलग पत्र प्राप्त हुए थे। इन तीन परियोजनाओं में से पहली परियोजना पश्चिम बंगाल के उत्तरी क्षेत्र में नई जलपाईगुड़ी-सिलीगुड़ी रेलवे लाइन परियोजना की मंजूरी से संबंधित है।

दूसरी परियोजना कोलकाता से सटे हावड़ा क्षेत्र के संतरागाछी को राजस्थान के जयपुर के खातिपुरा क्षेत्र से जोड़ने वाली नई एक्सप्रेस ट्रेन, संतरागाछी-खातिपुरा एक्सप्रेस (खड़गपुर होते हुए) के संचालन की मंजूरी से संबंधित है। तीसरा विषय पत्र पश्चिम मिदनापुर जिले के सालबोनी से पुरुलिया जिले के आद्रा जंक्शन तक 107 किलोमीटर लंबी तीसरी रेलवे लाइन के निर्माण के लिए अंतिम स्थान सर्वेक्षण और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने की मंजूरी से संबंधित है।

# आईएएस पद्मा बर्खास्त! कहा, मुझे जानकारी नहीं

**एजेंसी । नई दिल्ली**



2003 बैच की एजीएमयूटी कैडर की भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी पद्मा जायसवाल ने कहा कि उन्हें केंद्र द्वारा उनके खिलाफ किसी भी बर्खास्तगी आदेश के पारित होने की जानकारी नहीं है, जैसा कि रिपोर्टों में दावा किया गया है। दिल्ली सरकार के प्रशासनिक सुधार विभाग में विशेष सचिव के पद पर कार्यरत जायसवाल को सेवारत सिविल सेवक के खिलाफ की गई इस दुर्लभ कार्रवाई में पद से हटा दिया गया है। इंडियन एक्सप्रेस ने गुरुवार को सूत्रों के हवाले से यह खबर दी। इंडियन एक्सप्रेस के अनुसार, संपर्क करने पर जायसवाल ने कहा कि मुझे इस तरह के किसी घटनाक्रम या बर्खास्तगी आदेश के बारे में कोई जानकारी नहीं है।

### पद्मा जायसवाल कौन हैं और मामला क्या है?

अरुणाचल प्रदेश-गोवा-मिजोरम और केंद्र शासित प्रदेश (एजीएमयूटी) कैडर की अधिकारी जायसवाल के खिलाफ यह कार्रवाई 2007-08 के आरोपों से जुड़ी है, जब जायसवाल अरुणाचल प्रदेश के पश्चिम कामेंग जिले की उप आयुक्त के पद पर कार्यरत थीं। रिपोर्ट में बताया गया है कि फरवरी 2008 में स्थानीय निवासियों की शिकायत में उन पर सरकारी राजस्व के गबन और पद के दुरुपयोग का आरोप लगाया गया था।

जिसके बाद उन्हें उसी वर्ष अप्रैल में निलंबित कर दिया गया था। रिपोर्ट के अनुसार, अक्टूबर 2010 में उनका निलंबन रद्द कर दिया गया था। रिपोर्ट में उद्धृत आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाले कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) की सिफारिश पर भारत के राष्ट्रपति की अंतिम स्वीकृति के साथ इस सप्ताह के प्रारंभ में उनका निष्कासन आदेश जारी किया गया था। एजीएमयूटी कैडर के अधिकारियों से संबंधित ऐसे निर्णय डीओपीटी के अधिकार क्षेत्र में आते हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, गृह मंत्रालय ने अखिल भारतीय सेवा (अनुशासन एवं अपील) नियमों के नियम 8 के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू की। नियम 8 प्रशासनिक अधिकारियों (आईएएस/आईपीएस/आईएफओएस) पर गंभीर दंड लगाने की प्रक्रिया निर्धारित करता है। खबरों के मुताबिक, जायसवाल को 2009 और 2010 में आरोप पत्र (अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू करने वाले औपचारिक दस्तावेज) सौंपे गए थे।




# मुख्यमंत्री से झाप्रसे के नवप्रोन्नत अधिकारियों ने की मुलाकात



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शुक्रवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखंड प्रशासनिक सेवा (झाप्रसे) के संयुक्त सचिव पद पर नवप्रोन्नत हुए अधिकारियों ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रति सभी नवप्रोन्नत अधिकारियों ने आभार जताया। मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नवप्रोन्नत अधिकारियों को अपनी ओर से शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में सरकार द्वारा संचालित जनहित, सुशासन एवं विकासात्मक कार्यों को और ज्यादा प्रभावी तरीके से आम जनता तक पहुंचाने में अपनी महत्ती भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर राज्य के मुख्य सचिव अविनाश कुमार भी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वाले नवप्रोन्नत अधिकारियों में प्रवीण प्रकाश, विद्या भूषण कुमार, सचिंद्र बड़ाईक, प्रेम तिवारी, सत्यवीर रजक, सुमन पाठक, अमित बेसरा, महेंद्र कुमार, मोनी कुमारी, मोनिका रानी टूटी, रंजीत लोहरा, विजय विरुआ, मनीषा तिर्की, एनी सरोजिनी तिर्की एवं श्रीमती गीतांजलि शामिल थे।

## महंगाई के खिलाफ आज सड़कों पर उतरेगी कांग्रेस

### रांची में पीएम का होगा पुतला दहन

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** पेट्रोल-डीजल, दूध और सीएनजी गैस की बढ़ती कीमतों के विरोध में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी शनिवार को राज्यभर में विरोध प्रदर्शन करेगी। पार्टी की ओर से विभिन्न जिलों में केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन और प्रधानमंत्री का पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। राजधानी रांची में शाम 4 बजे अलबर्ट एक्का चौक पर कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं द्वारा प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया जाएगा।

प्रदेश कांग्रेस के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने सभी जिला अध्यक्षों को व्यापक जनसहभागिता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई ने आम जनता की कमर तोड़ दी है। पेट्रोल-डीजल की कीमतों में वृद्धि का असर परिवहन, खाद्य सामग्री और रोजमर्रा की जरूरतों की वस्तुओं पर पड़ रहा है, जबकि दूध एवं सीएनजी गैस की महंगाई से मध्यमवर्गीय और गरीब परिवारों की परेशानी बढ़ गई है। प्रदेश अध्यक्ष ने निर्देश दिया है कि कार्यक्रम में सांसद, मंत्री, विधायक, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, जिला कांग्रेस कमिटी के पदाधिकारी, प्रदेश पदाधिकारी, अग्रणी मोर्चा संगठन और विभिन्न विभागों के पदाधिकारी सक्रिय रूप से शामिल हों। जिला प्रभारियों को भी अपने-अपने जिलों में पहुंचकर कार्यक्रम को प्रभावी बनाने का निर्देश दिया गया है। राकेश सिन्हा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनता से जुड़े मुद्दों पर लगातार संघर्ष करती रही है और आगे भी महंगाई, बेरोजगारी तथा जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों के कारण आम लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है, लेकिन सरकार जनता की समस्याओं के प्रति गंभीर नहीं है।

### माझी परगना महाल के प्रतिनिधिमंडल ने की ग्रामीण विकास मंत्री से मुलाकात

## ग्राम सभा की मजबूती व उसके अधिकार को लेकर सरकार कृतसंकल्पित : दीपिका

- राज्य में पेसा नियमावली के बेहतर क्रियान्वयन पर हुई चर्चा

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** पेसा नियमावली के बेहतर क्रियान्वयन को लेकर शुक्रवार को ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह से माझी परगना महाल, पूर्वी सिंहभूम एवं सरायकेला-खरसावाँ के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। रांची स्थित आवासीय कार्यालय पर प्रतिनिधिमंडल ने पेसा नियमावली 2025 के लागू होने को लेकर मंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर पेसा नियमावली के बेहतर क्रियान्वयन को लेकर हर बिंदु पर विस्तार से चर्चा हुई।

झारखंड सरकार आदिवासी समाज की परंपराओं, अधिकारों और स्वशासन की भावना के सम्मान के साथ पेसा नियमावली को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसको लेकर मंत्री स्तर से विभाग को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। इस मौके पर मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि पेसा नियमावली का उद्देश्य पारंपरिक ग्राम सभाओं को न सिर्फ सशक्त बनाना है बल्कि जनजातीय समुदाय को उनके अधिकारों, परंपराओं और स्वशासन की भावना के अनुरूप विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है। ग्राम सभा और समाज के स्तर पर नियमावली को लेकर दिए जा रहे तमाम सुझाव का विभाग स्वागत करती है। स्वशासन व्यवस्था को मजबूती से लागू करने के लिए सभी तर्कपूर्ण - नियमानुकूल सुझाव को विभाग ग्रहण कर उस पर विचार करने के लिए सदैव तैयार है। विभाग का उद्देश्य ग्राम सभा की ताकत को हर एक ग्रामीण जनता को बताना और उसका लाभ दिलाना है। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने आग्रह किया कि ग्राम सभा के गठन, सत्यापन, सीमांकन एवं प्रकाशन की प्रक्रिया में पारंपरिक आदिवासी स्वशासन व्यवस्था के प्रतिनिधियों परगना बाबा, मानकी बाबा, हातु मुंडा एवं माझी बाबाओं की सक्रिय भागीदारी को प्राथमिकता में रखा जाए, ताकि प्रक्रिया पारदर्शी एवं जनविश्वास के अनुरूप हो। इसके साथ ही पारंपरिक ग्राम सभा की अध्यक्षता पेसा नियमावली के प्रावधानों के अनुरूप अनुसूचित जनजाति समुदाय के योग्य व्यक्ति द्वारा की जाए। स्थानीय भाषा में प्रशिक्षण देकर पारंपरिक नेतृत्व को ग्राम सभा संचालन के लिए सक्षम बनाया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में दुर्गा चरण मुर्मू, नवीन मुर्मू, शत्रुघ्न मुर्मू, लखन मुर्डी, दुर्गा चरण हेम्ब्रम, बबलू मुर्मू जीतू मुर्मू सहित अन्य प्रतिनिधि शामिल रहे।

## महंगाई व पेट्रोल-डीजल पर देश में चारों तरफ हाहाकार : कैलाश यादव

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश प्रवक्ता कैलाश यादव ने देश में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी तथा पेट्रोल-डीजल, एलपीजी गैस, दूध, सब्जी, सोना-चांदी समेत आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में लगातार हो रही वृद्धि को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में देश में प्रचंड महंगाई और बेरोजगारी बढ़ी है, जिससे आम जनता परेशान है। कैलाश यादव ने कहा कि पेट्रोल-डीजल, घरेलू एवं कॉमर्शियल एलपीजी गैस, दूध और रोजमर्रा की जरूरत की वस्तुओं के दामों में भारी वृद्धि के कारण आम लोगों में जनाक्रोश बढ़ता जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि देशवासी अभी तक एलपीजी गैस की किल्लत से जूझ रहे हैं और अब ईंधन एवं खाद्य पदार्थों की महंगाई ने लोगों की परेशानी और बढ़ा दी है। उन्होंने कहा कि केंद्र में मोदी सरकार का तीसरा कार्यकाल चल रहा है, लेकिन पिछले 12 वर्षों में आम जनता को कोई विशेष राहत नहीं मिली। इसके विपरीत चुनावी लाभ के लिए मुफ्त योजनाओं के जरिए वोटरों को प्रभावित करने का प्रयास किया गया। यादव ने कहा कि डॉलर के मुकाबले रुपये की स्थिति कमजोर होने से देश में आर्थिक संकट गहराता जा रहा है। साथ ही ईरान-इजरायल-अमेरिका के बीच तनावपूर्ण हालात का असर भी भारतीय अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है।

## पेट्रोल-डीजल की कीमतों से जनता त्रस्त : सतीश पॉल मुंजनी

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के उपाध्यक्ष सह मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी ने पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों, लगातार बढ़ती महंगाई और केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि देश की जनता आज महंगाई की सबसे बड़ी मार झेल रही है, लेकिन प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जनता को राहत देने के बजाय "राजनीतिक दिखावा" और "इवेंट मैनेजमेंट" में व्यस्त हैं। उन्होंने कहा कि एक ओर पेट्रोल-डीजल की कीमतों में लगातार वृद्धि से परिवहन लागत बढ़ रही है, जिससे खाद्य पदार्थों, दूध, रसोई गैस और दैनिक उपयोग की वस्तुओं के दाम लगातार आसमान छू रहे हैं, वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री द्वारा "दो गाड़ियों के काफिले" का प्रदर्शन कर जनता को भावनात्मक रूप से प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है। सतीश पॉल मुंजनी ने कहा कि पिछले 12 वर्षों तक बड़े-बड़े काफिलों और वीआईपी संस्कृति में चलने वाली सरकार आज अचानक सादगी का प्रदर्शन कर रही है। देश की जनता पूछ रही है कि जब महंगाई चरम पर है, बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है और गरीब की थाली महंगी हो चुकी है, तब यह "सादगी प्रदर्शन" आखिर किसके लिए किया जा रहा है?

## पेज एक के शेष

### राज्य में निवेश...

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार रोजगार सृजन और औद्योगिक विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने राज्य में निवेश की अपार संभावनाओं पर बल देते हुए कहा कि राज्य में फूड प्रॉसेसिंग, टूरिज्म एवं एग्रीकल्चर सेक्टर में निवेश की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि उद्योग विभाग निवेशकों को हरसंभव सहयोग देने के लिए सदैव उपलब्ध है। इससे पहले, बैठक की शुरुआत में एफजेसीसीआई महासचिव रोहित अग्रवाल ने बल्लारी डिस्ट्रिक्ट चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि यह बैठक उद्योग, निवेश, पर्यटन और व्यापारिक सहयोग के नए अध्याय की शुरुआत है। झारखंड और कर्नाटक के उद्यमियों के बीच प्रत्यक्ष संवाद से व्यापारिक सहयोग को नई गति मिलेगी तथा भविष्य में संयुक्त बिजनेस डेलिगेशन, बी2बी मीटिंग्स एवं निवेश गतिविधियों को और विस्तार मिलेगा। बैठक के दौरान झारखंड एवं कर्नाटक के उद्योग एवं व्यापार प्रतिनिधियों के बीच बिजनेस आइडिया, निवेश अवसर, औद्योगिक सहयोग तथा व्यापार विस्तार को लेकर व्यापक विचार-विमर्श हुआ। दोनों राज्यों के प्रतिनिधियों ने भविष्य में आपसी समन्वय के साथ उद्योगों के विकास के लिए मिलकर कार्य करने पर जोर दिया। बैठक के दौरान दोनों राज्यों के उद्यमियों एवं व्यापारियों ने अपने-अपने व्यवसाय का परिचय देते हुए आइडिया एक्सचेंज किया। बैठक में धार्मिक एवं कन्वेंशनल टूरिज्म, बिजनेस डेवलपमेंट अवसर, बल्लारी के स्पंज आयरन यूनिट्स एवं अन्य उद्योगों के लिए कोल सप्लाई, झारखंड के व्यापारियों के लिए कॉटन एवं मिर्ची सप्लाई, झारखंड में उत्पादित कृषि उत्पादों की कर्नाटक में आपूर्ति तथा रेडीमेड जींस सप्लाई जैसे विषयों पर चर्चा हुई। दोनों पक्षों ने इन क्षेत्रों में एक-दूसरे को सहयोग देने पर सहमति व्यक्त की। मौके पर बल्लारी चैंबर द्वारा उद्योग सचिव एवं उद्योग निदेशक का अभिनंदन किया गया। वहीं, झारखंड चैंबर की ओर से बल्लारी चैंबर से आए सभी पदाधिकारियों एवं निवेशकों को स्मृति चिह्न प्रदान किया गया। झारखंड चैंबर के कार्यकारिणी सदस्य शैलेश अग्रवाल ने पीपीटी के माध्यम से झारखंड टूरिज्म की संभावनाओं को प्रस्तुत किया और राज्य में धार्मिक, प्राकृतिक एवं एडवेंचर टूरिज्म की असीम संभावनाओं से प्रतिनिधियों को अवगत कराया। बैठक में चैंबर अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, उपाध्यक्ष प्रवीण लोहिया, राम बांगड़, महासचिव रोहित अग्रवाल, सह सचिव नवजोत अलंग, रोहित पोद्दार, कोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य मुकेश अग्रवाल, तुलसी पटेल, शैलेश अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष पवन शर्मा, धीरज तनेजा, किशोर मंत्री, सदस्य बिनोद अग्रवाल, अजय भंडारी, सुरेश अग्रवाल, एनके टिकमानी, ग्यारसी लाल गोयल, मिथिलेश पांडेय, रोहित कुमार, संजय माहुरी, बल्लारी डिस्ट्रिक्ट चैंबर की ओर से अव्वरु मंजूनाथ, एस दोड्डाणा गौड़ा, पी पलना, केसी सुरेश बाबू, वी रामचंद्र, सीएस सत्यनारायण, सी श्रीनिवास राव, सत्य बाबू बी, सीए के राजशेखर, यू गोविंद रेड्डी, एसपी वेंकटेश, आर नागराजा, जी राघवेंद्र रेड्डी, के गोपाल रेड्डी, एम शशि रेड्डी, केएम शिवा मूर्ति, एम गुरुस्वामी, एम अनंदा बाबू, प्रशांत चित्रिकी, के नागराज, जी ईनाथा रेड्डी, के रामंजनेयालु उपस्थित थे।

### केंद्र से दो...

इसके साथ ही विभिन्न विभागों में पोस्ट ग्रेजुएट सीटों की भी मंजूरी दी गई है, जिससे राज्य में विशेषज्ञ डॉक्टरों की संख्या बढ़ेगी और मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध हो सकेगा। स्वास्थ्य मंत्री ने यह भी कहा कि इस प्रस्ताव को अब आगे कैबिनेट की मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। मंत्री ने इसे अपने लगातार प्रयासों, विभागीय समन्वय और ठोस पहल का परिणाम बताया। स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा, यदि मेहनत, ईमानदारी और संकल्प के साथ प्रयास किया जाए, तो कोई भी असंभव कार्य संभव हो सकता है। झारखंड में एमबीबीएस सीटें काफी कम थीं और डॉक्टरों की भारी कमी थी। हमारा लक्ष्य था कि अधिक से अधिक बच्चे झारखंड से डॉक्टर बनें और अपने ही राज्य में रहकर लोगों की सेवा करें। आज वह सपना साकार हुआ है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सीटों में वृद्धि का सबसे बड़ा लाभ ग्रामीण और पिछड़े इलाकों को मिलेगा। आने वाले वर्षों में राज्य में बड़ी संख्या में नए डॉक्टर तैयार होंगे, जो गांव-गांव तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने का कार्य करेंगे।

### नौडीहा बाजार में...

उत्पाद विभाग के अनुसार दो वर्ष पूर्व भी इसी क्षेत्र में लगभग 500 मीटर की दूरी पर कच्चा स्प्रिट, शराब की बोतलें और झारखंड सरकार के फर्जी स्टीकर बरामद किए गए थे। अधिकारियों का कहना है कि बिहार सीमा से सटे होने के कारण इस इलाके से बड़े पैमाने पर नकली शराब की सप्लाई बिहार में की जाती रही है। उत्पाद निरीक्षक ने कहा कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। घर मालिक राम प्रवेश राम की भूमिका भी संदेह के घेरे में है। छापेमारी के दौरान शराब माफिया मौके से फरार हो गए। पुलिस और उत्पाद विभाग उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रहे हैं। इस अभियान में छतरपुर अंचल पुलिस निरीक्षक द्वारिका राम, नौडीहा बाजार थाना प्रभारी अमित कुमार द्विवेदी, सहायक पुलिस निरीक्षक राजीव कुमार सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद था।

### पूर्व और वर्तमान...

कार्यशैली पर भी सवाल उठाया। अदालत ने कहा कि अधिकारियों का ध्यान ऐसे संवेदनशील मामलों के खुलासे पर नहीं है। कोर्ट ने इस बात पर हैरानी जताई कि पुलिस खुद मान रही है कि यह अपहरण का मामला हो सकता है, तो फिर उस दिशा में ठोस अनुसंधान क्यों नहीं किया गया। सुनवाई के दौरान अदालत ने मामले की अब तक की जांच को असंतोषजनक पाते हुए सीआईडी को तीन सप्ताह के भीतर अपनी प्रगति रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है। खंडपीठ ने कड़े लहजे में चेतावनी दी कि यदि सीआईडी की जांच में भी कोई सुधार नहीं दिखा, तो अदालत राज्य की जांच एजेंसियों और सीबीआई को संयुक्त रूप से इस मामले की जांच सौंपने पर विचार कर सकती है। कोर्ट ने कहा कि वर्ष 2020 में प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस ने तीन संदिग्धों के नार्को टेस्ट कराने की बात कही थी, लेकिन उनमें से एक को खराब स्वास्थ्य का हवाला देकर छोड़ दिया गया। कोर्ट के अनुसार, जब पुलिस कई वर्षों तक बच्ची का सुराग पाने में विफल रही, तो अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए अप्रैल 2026 में आनन-फानन में केस सीआईडी को स्थानांतरित कर दिया गया। अब इस मामले की अगली सुनवाई 8 जून 2026 को तय की गई है। इसी दिन बोकारो की ही एक अन्य 18 वर्षीया युवती के लापता होने से संबंधित याचिका पर भी सुनवाई होनी है। प्रार्थी के अधिवक्ता विनसेंट रोहित मार्की ने अदालत को बताया कि पांच वर्ष बीत जाने के बाद भी नाबालिग का कोई पता नहीं चला है। बोकारो के पिंडराजोड़ा थाने में वर्ष 2020 में कांड संख्या 161/20 दर्ज होने के बावजूद पुलिस ने जिन चार संदिग्धों को पकड़ा था, उन्हें बाद में छोड़ दिया गया। निराश होकर नाबालिग की मां ने अपनी बेटी की तलाश के लिए हाईकोर्ट में गुहार लगाई है, जिस पर अब अदालत ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया है।

### हजारीबाग मेडिकल कॉलेज...

शोभा ने कथित तौर पर ब्लड रिएक्शन होने की शिकायत की और ब्लड चढ़ाने से मना भी किया, लेकिन नर्सों ने उसकी बात को गंभीरता से नहीं लिया। आरोप है कि जब महिला की हालत ज्यादा बिगड़ने लगी तो परिजन मदद के लिए अस्पताल कर्मियों को बुलाने दौड़े, लेकिन उस समय ड्यूटी पर कोई डॉक्टर या नर्स मौजूद नहीं था। समय पर इलाज नहीं मिलने के कारण शोभा की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया। अस्पताल परिसर में काफी देर तक हंगामा होता रहा। सूचना मिलने पर सदर विधायक प्रदीप प्रसाद अस्पताल पहुंचे और घटना पर गहरी नाराजगी जताई। विधायक ने अस्पताल की व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि मेडिकल कॉलेज अस्पताल धीरे-धीरे 'मौत का अड्डा' बनता जा रहा है। उन्होंने मौके से ही उपायुक्त हेमंत सती से फोन पर बात कर मामले की जानकारी दी और दोषी स्वास्थ्यकर्मियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। प्रदीप प्रसाद ने कहा कि यदि अस्पताल की स्थिति में सुधार नहीं हुआ, तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मामले को मुख्यमंत्री के समक्ष भी उठाया जाएगा, ताकि जिम्मेदार लोगों पर कठोर कार्रवाई हो सके। इधर, प्रशासन ने पूरे मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया है। खबर लिखे जाने तक अस्पताल प्रबंधन की ओर से इस मामले में कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

### सीईआईआर पोर्टल पर...

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कपिल चौधरी ने कहा कि आधुनिक तकनीक और त्वरित पुलिस कार्रवाई के माध्यम से आम लोगों को राहत पहुंचाने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस और जनता के बीच विश्वास मजबूत होना जरूरी है तथा पलामू पुलिस जनता की सेवा, सुरक्षा और सहयोग के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि मोबाइल गुम या चोरी होने की स्थिति में तुरंत नजदीकी थाना में सूचना दें और सीईआईआर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं, ताकि शीघ्र कार्रवाई कर मोबाइल की बरामदगी सुनिश्चित की जा सके। मौके पर पुलिस उपाधीक्षक राजीव रंजन, राजेश यादव, टाउन थाना प्रभारी ज्योतिलाल रजवार, चैनपुर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा, अवर निरीक्षक अनिल विद्यार्थी समेत कई पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

### लंबे समय से...

उन्होंने कहा कि किसी भी सार्वजनिक उपक्रम में पारदर्शी और संतुलित प्रशासनिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए समय-समय पर अधिकारियों का स्थानांतरण जरूरी होता है, ताकि कार्यप्रणाली निष्पक्ष बनी रहे और स्थानीय लोगों का विश्वास कायम रह सके। जिला परिषद उपाध्यक्ष ने सीसीएल प्रबंधन से जनहित, प्रशासनिक पारदर्शिता और परियोजना क्षेत्र में बेहतर वातावरण निर्माण को ध्यान में रखते हुए दोनों अधिकारियों का शीघ्र स्थानांतरण करने की मांग की है।

### लातेहार में मूसलाधार...

मौसम विभाग के अनुसार, इस दौरान 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चल सकती है। विभाग ने विशेष रूप से 17 और 18 मई 2026 को राज्य के विभिन्न हिस्सों में भारी बारिश और वज्रपात की आशंका जताते हुए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया है। 'ऑरेंज अलर्ट' वाले जिलों में उत्तर-पूर्वी और मध्यवर्ती क्षेत्र शामिल हैं। इनमें धनबाद, हजारीबाग, कोडरमा, बोकारो, रांची और रामगढ़ प्रमुख रूप से शामिल हैं। मौसम विभाग ने लोगों से खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने, खुले मैदानों और पेड़ों के नीचे खड़े होने से बचने तथा वज्रपात की स्थिति में सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य के कई इलाकों में हल्की बारिश दर्ज की गई। सबसे अधिक वर्षा सिमडेगा जिले के कोलेबिरा क्षेत्र में 4.8 मिलीमीटर रिकॉर्ड की गई। इसके अलावा, पश्चिमी सिंहभूम के जगन्नाथपुर में 3.0 मिलीमीटर, गुमला जिले के पालकोट में 2.8 मिलीमीटर तथा बिशनपुर में 1.0 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई।

## दृष्टिपात

### चोरी के सात आरोपी गिरफ्तार, सोना-चांदी और मोबाइल बरामद



**रांची।** डोरंडा थाना क्षेत्र में बंद घर में हुई लाखों रुप की चोरी मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में 6 अपराधियों और एक विधि-विरुद्ध किशोर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से चोरी के सोने-चांदी के जेवर, मोबाइल फोन और अन्य सामान बरामद किए गए हैं। जानकारी के अनुसार, 8 मई 2026 को डोरंडा थाना क्षेत्र स्थित बीजेपी पथ के एक बंद घर में अज्ञात अपराधियों ने करीब पांच लाख रुपये के जेवर और पचास हजार रुपये नकद की चोरी की थी। इस संबंध में डोरंडा थाना कांड संख्या-121/26 के तहत मामला दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस उपाधीक्षक हटिया के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने मोहम्मद नकीब उर्फ सोनार, मोहम्मद सारफ उर्फ शाहरुख, मोहम्मद सिमबाज, मोहम्मद जेद, मोहम्मद सेफ उर्फ सेम, मोहम्मद कैफ उर्फ झुसु और एक विधि-विरुद्ध किशोर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी चोरी के जेवरों को गलाकर बेचने का काम भी करते थे। जांच के दौरान आरोपियों के मोबाइल फोन से जेवर खरीद-बिक्री से संबंधित चैट भी बरामद हुई है। गिरफ्तार आरोपियों में अधिकांश लोग रांची के हिंदपीढ़ी, लोहरदगा और आसपास के क्षेत्रों के रहने वाले हैं। पुलिस ने इनके कब्जे से भारी मात्रा में चोरी का सामान जब्त किया है। बरामद सामानों में सोने की अंगूठी, कान के टॉप्स, नोजपिन, मंगलसूत्र का लॉकेट, सोने का लटकन, रिंग सहित कई आभूषण शामिल हैं। वहीं, चांदी के बेरा, बिछिया, पायल, कमरबंद और अन्य जेवर भी बरामद किए गए हैं। इसके अलावा आईफोन 15, मोटोरोला, सैमसंग, रेडमी और पोको कंपनी के मोबाइल फोन भी जब्त किए गए हैं। पुलिस के अनुसार, कुल 21.6 ग्राम सोना बरामद हुआ है जिसकी अनुमानित कीमत करीब 3.20 लाख रुपये है। वहीं, लगभग डेढ़ लाख रुपये मूल्य के सोने के जेवर गलाकर बेचे जा चुके हैं। इसके अलावा 219.48 ग्राम चांदी बरामद की गई है जिसकी अनुमानित कीमत करीब 63 हजार रुपये बताई गई है, जबकि करीब 1.5 लाख रुपये की चांदी गलाकर बेच दी गई थी। इस कार्रवाई में पुलिस उपाधीक्षक हटिया प्रमोद कुमार मिश्रा, डोरंडा थाना प्रभारी दीपिका प्रसाद समेत कई पुलिस अधिकारी और जवान शामिल थे। पुलिस पूरे नेटवर्क की जांच में जुटी हुई है और अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

### स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी का सीएम को पत्र, पेट्रोल पंपों पर सुरक्षा बढ़ाई जाए



**रांची।** झारखंड सरकार के स्वास्थ्य, आपदा प्रबंधन एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने राज्यभर के पेट्रोल पंपों पर लगातार बढ़ रही भीड़, लंबी कतारों और आम जनता को हो रही परेशानियों को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर तत्काल संज्ञान लेने का आग्रह किया है। अपने पत्र में उन्होंने कहा है कि पिछले कुछ दिनों से राज्य के विभिन्न जिलों में पेट्रोल एवं डीजल पंपों पर अत्यधिक भीड़ और अफरा-तफरी का माहौल बन गया है। कई स्थानों पर तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न हो रही है, जिससे आम नागरिकों, वाहन चालकों एवं पेट्रोल पंप संचालकों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आशंका जताई कि यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो किसी अप्रिय घटना से इनकार नहीं किया जा सकता।मंत्री ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि राज्य के सभी संवेदनशील एवं अत्यधिक भीड़भाड़ वाले पेट्रोल पंपों पर पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बल एवं दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि कानून-व्यवस्था बनी रहे और आम लोगों को सुचारु रूप से पेट्रोल एवं डीजल की आपूर्ति उपलब्ध हो सके। जनता की सुरक्षा और सुविधा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा किसी भी परिस्थिति में आम नागरिकों को परेशानी में छोड़ना स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने संबंधित विभागों एवं जिला प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने की भी मांग की है, ताकि स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में रहे और राज्य में शांति एवं व्यवस्था कायम रह सके।

### राउरकेला-कलुंगा रेलखंड पर विकास कार्य के कारण कई ट्रेनें रद्द



**रांची।** दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल अंतर्गत राउरकेला-कलुंगा-राउरकेला रेलखंड पर विकास कार्य के चलते ब्लॉक लिए जाने के कारण कुछ ट्रेनों का परिचालन रद्द किया गया है। रेलवे प्रशासन के अनुसार यात्रियों की सुरक्षा एवं निर्माण कार्य को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। इस क्रम में ट्रेन संख्या 18175 हटिया–राउरकेला मेमू, जिसकी यात्रा प्रारंभ तिथि 21 मई, 28 मई एवं 04 जून 2026 है, उक्त सभी तिथियों को रद्द रहेगी। इसी तरह ट्रेन संख्या 18176 राउरकेला–हटिया मेमू, जिसकी यात्रा 22 मई 2026, 29 मई 2026 एवं 05 जून 2026 को निर्धारित थी, वह भी रद्द रहेगी।

### प्रतीक्षा सूची यात्रियों के लिए रांची रेल मंडल ने बढ़ाई सुविधा




**रांची।** रांची रेल मंडल द्वारा यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए प्रतीक्षा सूची यात्रियों की सुविधा के लिए कुछ ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाए जाने का निर्णय लिया गया है। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार ट्रेन संख्या 18611 रांची–वाराणसी एक्सप्रेस में 16 मई 2026 को द्वितीय श्रेणी स्लीपर का एक अतिरिक्त कोच जोड़ा जाएगा। इसी तरह ट्रेन संख्या 18619 रांची–गोड्डा एक्सप्रेस में 17 मई 2026 को एक अतिरिक्त स्लीपर कोच लगाया जाएगा। वहीं ट्रेन संख्या 18640 रांची–आरा एक्सप्रेस में 16 मई 2026 एवं 18 मई 2026 को एक-एक अतिरिक्त स्लीपर कोच की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। रेलवे प्रशासन ने बताया कि यह व्यवस्था यात्रियों की सुविधा और बढ़ती मांग को देखते हुए अस्थायी रूप से की गई है, जिससे प्रतीक्षा सूची के यात्रियों को राहत मिल सके।

### झारखंड उच्च न्यायालय में शुरू होगी मोबाइल पासपोर्ट वैन सुविधा




**रांची।** 20 जून से झारखंड उच्च न्यायालय के कर्मचारियों और सदस्यों की सुविधा के लिए न्यायालय परिसर के भीतर एक मोबाइल पासपोर्ट वैन तैनात किया जाएगा । यह सुविधा उच्च न्यायालय के सभी कर्मचारियों और बार एसोसिएशन के सदस्यों और उनके परिवार के सदस्यों को पासपोर्ट जारी करने के लिए आवश्यक दस्तावेज़ सत्यापन और अन्य औपचारिकताओं के लिए प्रदान की जा रही है। झारखंड उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार ने आदेश निकालकर सूचना दी है कि वे निर्देशों (प्रतिलेखों) का पालन करें और आवेदन रसीद की प्रति, जिसमें आवेदन संदर्भ संख्या लेखा (संस्थान) अनुभाग में अंकित हो, 15 जून 2026 या उससे पहले जमा करें। मोबाइल पासपोर्ट वैन की सुविधा का लाभ उठाने संबंधी जानकारी आवेदकों को क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, रांची से संपर्क करने पर प्रदान की जाएगी।

## साक्षी ने कॉमनवेल्थ और एशियन गेम्स के लिए बनाई भारतीय टीम में जगह

### वर्ल्ड चैंपियन मीनाक्षी को हराया

**एजेंसी । पटियाला**



नेशनल बॉक्सिंग ट्रायल्स के सेमीफाइनल में दो बार की वर्ल्ड चैंपियन निखत जरीन को हराने वाली साक्षी चौधरी ने ग्लासगो में होने वाले कॉमनवेल्थ गेम्स और इस साल के आखिर में जापान में होने वाले एशियन गेम्स के लिए भारतीय टीम में जगह बना ली है। साक्षी ने शुक्रवार को एनआईएस पटियाला में खेले गए फाइनल मुकाबले में 48 किलोग्राम वर्ग में मौजूदा वर्ल्ड और एशियन चैंपियन मीनाक्षी हुड्डा को हराया। मीनाक्षी 51 किलोग्राम वर्ग में आ गई थीं। वहीं, अस्ताना में 2025 वर्ल्ड बॉक्सिंग कप में 54 किलोग्राम वर्ग में गोल्ड मेडल जीतने वाली साक्षी ट्रायल्स के लिए 51 किलोग्राम वर्ग में उतरी थीं। फाइनल में हारने वाले बॉक्सर का चयन 15 से 20 जून तक चीन के गुइयांग में होने वाले वर्ल्ड बॉक्सिंग कप के लिए किया जाएगा, जबकि विजेता बॉक्सर को हर चार साल में होने वाले इन दोनों बड़े इवेंट्स के लिए कोटा मिलेगा। इससे पहले सेमीफाइनल में साक्षी ने दो बार की वर्ल्ड चैंपियन, कॉमनवेल्थ गेम्स की गोल्ड मेडलिस्ट और एशियन गेम्स की ब्रॉन्ज मेडलिस्ट निखत जरीन को शानदार प्रदर्शन के दम पर हराकर चौंका दिया था।


# चेन्नई 3 मैच जीतने के बाद हारा, लखनऊ 7 विकेट से जीता, मार्श ने 90 रन बनाए

**एजेंसी । नई दिल्ली**

लखनऊ सुपर जायंट्स ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए चेन्नई सुपर किंग्स को 7 विकेट से हरा दिया। लखनऊ ने 188 रन का टारगेट 16.4 ओवर में ही 3 विकेट खोकर हासिल कर लिया। चेन्नई ने इकाना स्टेडियम में टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 187 रन बनाए थे।

### मार्श-इंग्लिस के बीच 135 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप

जीत के हीरो मिचेल मार्श रहे, जिन्होंने 38 गेंदों में 90 रन की पारी खेली। उनकी पारी में 9 चौके और 7 छक्के शामिल रहे। वहीं जोस इंग्लिस ने 36 रन बनाकर 135 रन की शानदार ओपनिंग साझेदारी निभाई। आखिर में निकोलस पूरन 17 गेंदों में 32 रन बनाकर नाबाद लौटे। उन्होंने 17वें ओवर में अंशुल कंबोज को लगातार चार चौके जड़े। चेन्नई की ओर से मुकेश चौधरी और स्पेंसर जॉनसन को 1-1 विकेट मिला, लेकिन गेंदबाज लखनऊ के बल्लेबाजों पर दबाव नहीं बना सके। खासकर अंशुल कंबोज काफी महंगे साबित हुए और 2.4 ओवर में 63 रन लुटा बैठे।



### कार्तिक शर्मा ने 42 बॉल पर 71 रन बनाए

चेन्नई की शुरुआत अच्छी नहीं रही और पावरप्ले में ही दो बड़े विकेट गिर गए, लेकिन इसके बाद कार्तिक शर्मा और डेवाल्ड ब्रेविस ने पारी को संभाला। कार्तिक ने 42 गेंदों में 71 रन की शानदार पारी खेली, जिसमें 6 चौके और 5 छक्के शामिल रहे। वहीं ब्रेविस ने 16 गेंदों में 25 रन बनाए। दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए 70 रन की साझेदारी हुई। आखिर में शिवम दुबे ने तेज बल्लेबाजी करते हुए 16 गेंदों में नाबाद 32 रन बनाए, जबकि प्रशांत वीर ने 13 रन का योगदान दिया। लखनऊ की ओर से डेब्यू कर रहे आकाश सिंह सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 4 ओवर में 26 रन देकर 3 विकेट लिए। मोहम्मद शमी और शहबाज अहमद को 1-1 विकेट मिला।

## सरकारी विद्यालयों में 19 से 21 मई तक लगेगा तीन दिवसीय समर कैंप

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची ।** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, रांची की ओर से राज्य के सभी कोटि के सरकारी विद्यालयों में गर्मी की छुट्टी शुरू होने से पहले 19 से 21 मई 2026 तक तीन दिवसीय समर कैंप आयोजित किया जाएगा। "सीखें, खेलें, सृजन करें" थीम पर आधारित यह कार्यक्रम नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखकर आयोजित किया जा रहा है।

राज्य में 22 मई से गर्मी की छुट्टी निर्धारित है। समर कैंप में कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी तथा इसके सफल संचालन की जिम्मेदारी संबंधित विद्यालय प्रधान की होगी। समर कैंप के पहले दिन 19 मई को "खेल के साथ फिटनेस एवं सृजन के संग बचपन" थीम के अंतर्गत योगाभ्यास, फिटनेस गतिविधियां, दौड़, रस्सीकूद और पारंपरिक खेलों का आयोजन किया जाएगा। साथ ही स्थानीय संस्कृति से जुड़े खिलौनों और कलाकृतियों के निर्माण की गतिविधियां भी कराई जाएंगी। 20 मई को खेल कौशल और पोस्टर मेकिंग गतिविधियों के तहत कबड्डी, खो-खो, फुटबॉल, वॉलीबॉल समेत विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। इसके अलावा स्वच्छता, पर्यावरण और खेल संरक्षण विषय पर पोस्टर निर्माण, विद्यालय बैंड एवं समूह गतिविधियां भी होंगी। समर कैंप के अंतिम दिन 21 मई को "नृत्य कला एवं कला-संस्कृति" विषय पर लोकगीत, क्षेत्रीय नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आयोजित की जाएंगी। साथ ही कहानी वाचन, पुस्तक पठन, चित्रकला और अनुभव साझा करने जैसी गतिविधियां भी होंगी। कार्यक्रम में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को शिक्षकों द्वारा प्रोत्साहित एवं सम्मानित किया जाएगा। समर कैंप के सफल आयोजन के लिए सभी विद्यालयों को पूर्व तैयारी, प्रचार-प्रसार और दैनिक प्रतिवेदन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। विद्यालयों से प्रतिदिन गतिविधियों की तस्वीरें प्रखंड एवं जिला स्तर पर साझा करने को कहा गया है। गर्मी को देखते हुए विद्यार्थियों को पानी की बोतल साथ लाने और स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों का पालन करने का निर्देश दिया गया है।

## खेल मंत्री डॉ मांडविया ने कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 की तैयारी की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की



**एजेंसी । नई दिल्ली**

केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को स्कॉटलैंड के ग्लासगो में होने वाले कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 के लिए भारत की तैयारियों का आकलन करने के लिए एक उच्च-स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में स्टेकहोल्डर्स के बीच आसान तालमेल पक्का करने और कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 की तैयारी कर रहे भारतीय एथलीटों के लिए सपोर्ट सिस्टम को मजबूत करने पर चर्चा हुई।

बैठक में युवा मामले और खेल मंत्रालय के सीनियर अधिकारी, इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन (आईओए) के प्रतिनिधि, कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 के शेफ डी मिशन, और स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) के अधिकारी शामिल हुए। मंत्रालय की रिलीज के मुताबिक, "समीक्षा बैठक में ग्लासगो में होने वाले कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में भारत के कैंपेन के लिए पूरी तैयारी पक्का करने के लिए मंत्रालय, आईओए, साई, गुजरात सरकार और जुड़े स्टेकहोल्डर्स की प्रतिबद्धता पर फिर से सहमति जताई गई। बैठक के दौरान, खेल मंत्री ने भारत के कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 कैंपेन से जुड़ी एथलीट की तैयारी, ट्रेनिंग, लॉजिस्टिक्स, कल्याण और समन्वय का आकलन किया। डॉ. मांडविया ने जोर दिया कि सरकार भारतीय एथलीटों को खेल में अपने सबसे ऊंचे स्तर पर प्रदर्शन करने में मदद करने के लिए हर मुमकिन सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने देश के लिए एक सफल कैंपेन पक्का करने के लिए समय पर योजना, एजेंसियों के बीच तालमेल और एथलीट-आधारित तैयारी के महत्व पर भी जोर दिया।

**व्यापार/लाइफ व साइंस**

## याकुजा प्योर इलेक्ट्रिक स्कूटी के पहले एक्सक्लूसिव शोरूम का शुभारंभ 17 मई को



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची ।** याकुजा प्योर इलेक्ट्रिक स्कूटी का पहले एक्सक्लूसिव शोरूम का शुभारंभ राजधानी रांची में होने जा रहा है। गाड़ीखाना चौक बानो मंजिल रोड पहाड़ी टोला स्थित इस शोरूम का उद्घाटन 17 मई को सुबह 11 बजे होगा। उद्घाटन केशव कृपा छाया फाउंडेशन की चेयरमैन मीरा अग्रवाल करेंगी। इस शोरूम में सेल एवं सर्विस की सुविधा मिलेगी। यह जानकारी केशव कृपा एंटरप्राइजेज की संचालिका मीरा अग्रवाल और बिनोद कुमार अग्रवाल ने शुक्रवार को आयोजित प्रेसवार्ता में दी। उन्होंने बताया कि याकुजा स्कूटियां मात्र 35,000 की शुरुआती कीमत में उपलब्ध होंगी। साथ ही "वेलकम संडे" पहल के तहत हर रविवार ग्राहकों को विशेष लाभ देने की योजना भी घोषित की जाएगी। उन्होंने कहा कि याकुजा के इलेक्ट्रिक स्कूटर इन दिनों बाजार में तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। किफायती कीमत, आकर्षक डिजाइन और कम खर्च में बेहतर सफर की सुविधा के कारण युवा वर्ग और आम उपभोक्ता इसे पसंद कर रहे हैं। कंपनी ने कई मॉडल लॉन्च किये है। इसमें रूबी और लोटस मॉडल खास है। याकूजा इलेक्ट्रिक स्कूटर अपनी आधुनिक तकनीक, एर्गोनॉमिक डिजाइन और यूनिक कलर ऑप्शन के कारण अन्य स्कूटर्स से अलग पहचान बना रहे हैं। स्कूटर एक बार फुल चार्ज होने पर लगभग 60 किलोमीटर तक की दूरी तय कर सकता है, जो शहरों और कम दूरी की यात्रा के लिए उपयुक्त है। स्कूटर कम मेंटेनेंस और आसान चार्जिंग सुविधा के साथ आते हैं। इनमें लेड-एसिड और लिथियम बैटरी दोनों विकल्प उपलब्ध हैं। खास बात यह है कि कुछ लो-स्पीड मॉडल ऐसे हैं, जिन्हें चलाने के लिए ड्राइविंग लाइसेंस की आवश्यकता नहीं होती। अग्रवाल ने कहा कि बढ़ती पेट्रोल-डीजल कीमतों और पर्यावरण संरक्षण को लेकर बढ़ती जागरूकता के बीच इलेक्ट्रिक वाहनों की मांग लगातार बढ़ रही है। ऐसे में याकूजा जैसे स्थानीय इवी ब्रांड उपभोक्ताओं को कम कीमत में बेहतर विकल्प देने का प्रयास कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी पेट्रोल डीजल का कम उपयोग करने का आह्वान किया है। इसी को ध्यान में रखकर रांची में कंपनी अपना शोरूम खोल रही है। प्रेस वार्ता में कोकर इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के लिए सुरेश चंद्र अग्रवाल, मुकेश भरतीया, अशोक शर्मा समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## एबीडी का मुनाफा और परिचालन लाभ बढ़ा

**रांची ।** एलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स लिमिटेड (एबीडी) ने वित्त वर्ष 2025-26 में बेहतर वित्तीय प्रदर्शन दर्ज किया है। कंपनी के अनुसार परिचालन से आय 3949 करोड़ रुपये रही, जबकि एबिटा 25.8 प्रतिशत बढ़कर 568 करोड़ रुपये पहुंच गया। शुद्ध लाभ भी 13 प्रतिशत बढ़कर 220 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने बताया कि प्रीमियम उत्पादों की बढ़ती मांग से कारोबार को मजबूती मिली है। निदेशक मंडल ने प्रति शेयर 5.4 रुपये लाभांश देने की सिफारिश की है।

